राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 137
लखनऊ, रविवार 05 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कोहरे के कारण छह फ्लाइट लेट, दो कैंसिल 03


शाह ने कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का किया उद्घाटन 12

# भारत में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी हुई कम : पीएम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास की अनदेखी करने और गरीबी हटाओ के केवल नारे लगाने को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 से वह ग्रामीण भारत की सेवा में जुटे हैं और उसी का परिणाम है कि आज ग्रामीण भारत में ग्रामीण गरीबी 5 प्रतिशत से नीचे आ गयी है।

प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि ग्रामीण भारत महोत्सव के साथ वर्ष की शानदार शुरुआत भारत की विकास यात्रा को दर्शाती है और एक विशिष्ट पहचान बनाती है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और अन्य योगदानकर्ताओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एसबीआई की ताजा शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा



**संबोधन**

- गांव के लोगों को गरिमापूर्ण जीवन देना सरकार की प्राथमिकता

कि कल ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि 2024 में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई है।

कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सालों से गरीबी हटाओ के नारे सुनाई देते रहे लेकिन अब वास्तव में गरीबी कम हो गई है। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने एससी-एसटी-ओबीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया। गांव से पलायन होता रहा, गरीबी बढ़ती रही, गांव और शहर के बीच की खाई बढ़ती रही। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है। जो इलाके दशकों से विकास से वंचित थे, अब उन्हें बराबरी का हक मिल रहा है। उन्होंने कहा, ये सब काम (गांवों को सशक्त बनाने का) पहले की सरकारों में भी तो हो सकते थे...मोदी का इंतजार करना पड़ा क्या? आज़ादी के दशकों बाद भी हमारे देश के गांव बुनियादी ज़रूरतों से वंचित थे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जातियों की ज़्यादातर आबादी गांवों में रहती है। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने उनकी ज़रूरतों को नज़रअंदाज़ किया लेकिन मोदी इन गांवों को सशक्त बना रहे हैं और उन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो पहले उपेक्षित थे।

उन्होंने कहा कि वह 2014 से ग्रामीण भारत की सेवा में लगे हैं। गांव के लोगों को गरिमापूर्ण जीवन देना सरकार की प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य गांवों को विकास और अवसर के जीवंत केंद्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है।

### आज 122000 करोड़ रु. से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन करेंगे मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी दोपहर सवा बारह बजे आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली की इन योजनाओं का लोकार्पण अथवा शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे दिल्ली-मेरठ द्रुत क्षेत्रीय रेल-ट्रांजिट प्रणाली (आरआरटीएस) के साहिबाबाद स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी करेंगे। यह क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर श्री मोदी साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच करीब 4,600 करोड़ रुपये की लागत वाले दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से का भी उद्घाटन करेंगे। इस उद्घाटन के साथ दिल्ली को अपनी पहली नमो भारत संपर्क सुविधा मिलेगी। इससे दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा काफी आसान हो जाएगी और लाखों लोगों को सुरक्षा और विश्वसनीयता के साथ-साथ तेज गति और आरामदायक रेल यात्रा का लाभ मिलेगा।

### पिछले 10 वर्षों में कृषि ऋण 3.5 गुना बढ़ाया गया

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। पिछले 10 वर्षों में कृषि ऋण 3.5 गुना बढ़ाया गया है। देश में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है और अब तक 1.15 करोड़ ग्रामीण महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। हमारा विजन भारत के गांव के लोग सशक्त बनें, उन्हें गांव में ही आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले, उन्हें पलायन न करना पड़े, गांव के लोगों का जीवन आसान हो, इसलिए हमने गांव-गांव में मूलभूत सुविधाओं की गारंटी का अभियान चलाया। गांव के हर वर्ग के लिए विशेष नीतियां बनाई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने पीएम फसल बीमा योजना को एक वर्ष अधिक तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। दुनिया में डीएपी का दाम बढ़ रहा है, आसमान छू रहा है, लेकिन हमने निर्णय किया कि हम किसान के सिर पर बोझ नहीं आने देंगे और हमने सब्सिडी बढ़ाकर डीएपी का दाम स्थिर रखा है। हमारी सरकार की नीयत, नीति और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं।

# इसरो ने अंतरिक्ष में फसल उगाने जैसी तकनीक पर पायी सफलता



**उपलब्धि**

- लोबिया के बीज रिकॉर्ड चार दिनों में अंकुरित हुए और जल्द ही पत्तियाँ आने की उम्मीद

**एजेंसी, चेन्नई।**

अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में फसल उगाने और रोबोटिक वॉक जैसी तकनीकों पर सफलता पायी है।

दोनों ही वैज्ञानिक प्रयोगों का उपयोग करके 31 दिसंबर, 2024 को स्पैडेक्स अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी मिशन के हिस्से के रूप में पीएसएलवी-सी 60 पर पीओईएम - 4 के भाग के रूप में लॉन्च किया गया।

इसरो ने कहा कि पीओईएम-4 पर चलने वाले रोबोटिक हाथ का प्रदर्शन अंतरिक्ष रोबोटिक्स में मेक इन इंडिया का एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है।

एजेंसी ने कहा कि वैज्ञानिक प्रयोग क्रॉप्स का उपयोग करते हुए, इसरो ने फसलों की खेती करके नई अंतरिक्ष जीव विज्ञान तकनीक का अनावरण किया। पीएसएलवी-सी 60 चौथे चरण पर पीओईएम-4 के हिस्से के रूप में भेजे गये 24 वैज्ञानिक प्रयोगों में से एक का उपयोग करते हुये, लोबिया के बीज रिकॉर्ड चार दिनों में अंकुरित हुए और जल्द ही पत्तियाँ आने की उम्मीद है। इस प्रयोग का उद्देश्य, यह समझना था कि शून्य गुरुत्वाकर्षण में पौधे कैसे उगते हैं और उनका विकास किस प्रकार होता है। इससे अंतरिक्ष में दीर्घकालिक मिशनों के लिए आत्मनिर्भरता बढ़ सकती है, जैसे कि मंगल या चांद पर मानव बस्तियाँ स्थापित करना।

### अंतरिक्ष में जीवन अंकुरित होता है!

एजेंसी के अनुसार, 31 दिसंबर को लॉन्च के बाद, सात दिनों में अंकुर निकलने की उम्मीद थी, लेकिन यह चार दिनों में हुआ। पीएसएलवी-सी60 को नए साल की पूर्व संध्या पर दो स्पैडेक्स उपग्रहों चार्जर और टारगेट के साथ लॉन्च किया गया था, दोनों का वजन 220 किलोग्राम था, जिसका उद्देश्य अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करना था। इसरो ने कहा कि दोनों उपग्रहों की डॉकिंग सात जनवरी की सुबह होगी। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष में जीवन अंकुरित होता है! पीएसएलवी-सी60, पीओईएम-4 पर वीएसएससी के क्र ॉप्स (कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज) प्रयोग ने चार दिनों में लोबिया के बीजों को सफलतापूर्वक अंकुरित किया। इन उपलब्धियों से इसरो की अंतरिक्ष विज्ञान में तकनीकी क्षमता का एक और उदाहरण सामने आया है, जो भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को और अधिक उन्नत बनाने में मदद करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुम्भ में 'दन्त कुम्भ' का आयोजन 10 से

**महाकुम्भ नगर।** धर्म, संस्कृति एवं समाज के सम्वर्धन के लिए स्वयंसेवी संगठन विश्व हिन्दू परिषद् विगत कई वर्षों से समाज सेवा सम्बन्धी क्षेत्र में कार्यरत है। इस वर्ष महाकुम्भ में लगने वाले शिविर में नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर 10 जनवरी से शुरू करेगा, जो 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं में अधिकांश वृद्ध एवं वरिष्ठ लोग होते हैं। जिनमें कई लोग धनाभाव में दंत रोग से पीड़ित होने के बाद भी उसका उपचार कराने में समर्थ नहीं होते। ऐसे लोगों के लिए समुचित व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विहिप काशी प्रांत ने इस वर्ष नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर प्रारम्भ किया है। यह शिविर कुम्भ क्षेत्र के जीटी रोड सेक्टर 18 में संचालित होगा। जहां सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक नि:शुल्क दंत चिकित्सा, परामर्श, दवा वितरण आदि किया जायेगा।

### श्वसन संबंधी बीमारियों में कोई उछाल नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि देश में श्वसन संबंधी बीमारियों में किसी तरह का उछाल नहीं है और स्वास्थ्य देखभाल सेवा तंत्र किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मंत्रालय ने यहां देर शाम बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशालय की अध्यक्षता में संयुक्त निगरानी समूह की बैठक बुलाई गयी। बैठक में पिछले कुछ सप्ताह में चीन में सांस संबंधी बीमारियों के बढ़ते मामलों की रिपोर्ट के मद्देनजर भारत में इसके प्रभाव और इससे निपटने की तैयारी का आकलन किया गया। अस्पतालों के चिकित्सकों ने भी पुष्टि की है कि मौसमी बदलाव के अलावा पिछले कुछ सप्ताहों में श्वसन संबंधी बीमारियों के मामलों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। बैठक में बताया गया कि केंद्र सरकार सभी उपलब्ध माध्यमों से स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है और विश्व स्वास्थ्य संगठन से भी चीन की स्थिति के बारे में समय पर अद्यतन जानकारी साझा करने का अनुरोध किया गया है।

### मानसिक रूप से अस्वस्थ किशोर ने की कुल्हाड़ी से दादा-दादी की हत्या

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम तालर पहाड़ी में शनिवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना हुई। मानसिक रूप से अस्वस्थ 14 वर्षीय किशोर ने अपने दादा-दादी पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। घटना के बाद किशोर ने खुद को भी घायल कर लिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, फॉरेंसिक और डॉग स्क्वाड टीम के साथ राजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक, किशोर छोटू अपने दादा पीतांबर (85) और दादी हीरावती (80) के साथ रहता था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। घटना के समय उसने घर में रखी कुल्हाड़ी से खुद पर वार करना शुरू किया। दादा-दादी ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने उन पर ही कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# श्रद्धालुओं को न हो असुविधा : योगी

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



- मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के दौरान अयोध्या में की गई तैयारियों की समीक्षा की
- सीएम ने क्लाउड मैनेजमेंट, आश्रय स्थल, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में ली जानकारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं से बैठक के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के सभागार में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ-2025 के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, क्लाइड मैनेजमेंट, आश्रय स्थल आदि को लेकर जानकारी हासिल की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में 40-45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसमें से अधिकांश श्रद्धालु अयोध्या भी आएंगे। यहां श्रद्धालु रामलला, हनुमानगढ़ी, सूर्यकुंड समेत अनेक मंदिरों व स्थलों पर दर्शन करेंगे। स्थानीय प्रशासन दर्शनार्थियों की सुरक्षा, क्लाउड मैनेजमेंट, दर्शन-पूजन, आश्रय स्थल आदि को लेकर सारी तैयारी पूर्ण कर ले। ठंड के मौसम में किसी भी श्रद्धालु को यहां परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता पर जोर दिया। साथ ही कहा कि यहां अलाव आदि की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए।

मंडलायुक्त गौरव दयाल ने महाकुम्भ-2025 के संबंध में अयोध्या में होने वाली तैयारियों को लेकर प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में स्थानीय प्रशासन, पुलिस व जिले के आलाधिकारी मौजूद रहे।

### लालू के ऑफर पर नीतीश ने लगाया विराम



**पटना, एजेंसी।** अपनी प्रगति यात्रा के दौरान गोपालगंज में हुई समीक्षा बैठक में शनिवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद से जुड़े सभी तरह के कयास पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा कि – वह अब कहीं नहीं जा रहे, गलती से दो बार इधर से उधर (राजद के साथ) चले गए थे। अब हमलोग (एनडीए) हमेशा साथ रहेंगे। मुख्यमंत्री का यह वक्तव्य उस वक्त आया है जब दो दिन पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने यह कहा था कि महागठबंधन में नीतीश कुमार के लिए दरवाजा खुला हुआ है। इसके बाद से राजनीतिक गलियारे में कई तरह की चर्चा आरंभ हो गयी थी। मुख्यमंत्री ने जिस समीक्षा बैठक में यह बात कही उसमें भाजपा के जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# बांदीपोरा : सेना का ट्रक खाई में गिरा, चार जवान शहीद



**एजेंसी, श्रीनगर।**

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार को सेना का एक ट्रक सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया, जिसमें सवार चार जवान शहीद हो गये और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

अधिकारियों ने बताया कि जवानों को ले जा रहा सेना का एक ट्रक श्रीनगर बांदीपुरा राजमार्ग पर एसके पायीन इलाके के पास सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। उन्होंने कहा,÷छह घायल जवानों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन जवानों को शहीद घोषित कर दिया गया जबकि घायलों में से एक ने बाद में दम तोड़ दिया। अधिकारियों के अनुसार, गंभीर रूप से घायल दोनों जवानों को बेहतर इलाज के लिए श्रीनगर भेजा गया है। सेना की ओर से अभी तक इस दुर्घटना के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पिछले दो सप्ताह में जम्मू-कश्मीर में यह दूसरा दुखद हादसा है, जिसमें सेना के जवान हताहत हुये हैं।

### भारत के परमाणु कार्यक्रम के निर्माता डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का निधन



**एजेंसी, मुंबई।** भारत सरकार के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार और परमाणु वैज्ञानिक राजगोपाल चिदंबरम (88) का शनिवार को तड़के 3.20 बजे मुंबई के जसलोक अस्पताल में निधन हो गया। परमाणु वैज्ञानिक चिदंबरम पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और उनका इलाज जसलोक अस्पताल में चल रहा था। परमाणु वैज्ञानिक चिदंबरम भारत के परमाणु इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे, जिन्होंने 18 मई, 1974 को देश के पहले परमाणु परीक्षण, पोखरण एक (ऑपरेशन स्माइलिंग बुद्धा) और 1998 में दूसरे, पोखरण दो (ऑपरेशन शक्ति) दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके योगदान के लिए उन्हें 1975 में पद्म श्री और 1999 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। 1936 में चेन्नई में जन्मे चिदंबरम चेन्नई के प्रेसीडेंसी कॉलेज के पूर्व छात्र थे। उन्होंने 1962 में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) में शामिल होने से पहले बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान में पीएचडी की। बीएआरसी में उनका करियर 1990 में निदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति के साथ समाप्त हुआ।

# अतुल सुभाष की पत्नी निकिता और ससुरालवालों को मिली जमानत

**एजेंसी, बेंगलुरु।**

देश को हिलाकर रख देने वाले अतुल सुभाष मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। बेंगलुरु की एक अदालत ने अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया और साले अनुराग सिंघानिया को अंतरिम जमानत दे दी है।

सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद पुलिस ने इन तीनों को गिरफ्तार किया था। अतुल सुभाष ने मौत को गले लगाने से पहले 81 मिनट का वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड किया था। इसके वायरल होने के बाद पूरे देश में बवाल मच गया था। ज्यूडिशियरी पर सवाल उठने के साथ ही कानून के दुरुपयोग पर भी बहस तेज हो गई। पुलिस ने इस मामले में तत?काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की धर-पकड़ शुरू कर दी थी।

बेंगलुरु की सिटी सिविल कोर्ट ने



अतुल सुभाष मामले में आरोपी उनकी पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा सिंघानिया और साले अनुराग सिंघानिया को शनिवार को जमानत दे दी। अतुल सुभाष ने पत्नी निकिता, सास निशा और साले अनुराग को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने अपने नोट में जौनपुर फैमिली कोर्ट की जज पर भी गंभीर आरोप लगाया था। अतुल सुभाष के नोट और वीडियो के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पूरे देश में हंगामा मच गया था। समाज के हर तबके से प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए छानबीन शुरू कर दी थी। अतुल सुभाष के ससुराल वाले घटना के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार हे गए थी। पुलिस ने दबिश बढ़ाते हुए तीनों को गिरफ्तार किया था। कोर्ट के फैसले के बाद अतुल सुभाष का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील विनय सिंह ने कहा कि जमानत मंजूर कर ली गई है। हम ऑर्डर शीट का इंतजार कर रहे हैं। हमारी दलील तथ्यात्मक जानकारी और उत्पीड़न पर थी। सुसाइड नोट को फोरेंसिक को भेज दिया गया है, लेकिन अभी तक इस पर विचार नहीं किया गया है। उनके सुसाइड वीडियो को भी फोरेंसिक को भेजा गया है। उनकी लिखावट की भी जांच की जा रही है। वकील विनय सिंह ने आगे कहा कि हम पूरे परिवार के साथ हैं। हम परिवार को न्याय दिलाने के लिए लड़ रहे हैं। हम इसे (जमानत आदेश) चुनौती देंगे। ऑर्डर शीट देखने और उसका विश्लेषण करने के बाद हम कर्नाटक उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

### गुजरात के कच्छ में 3.8 तीव्रता का भूकंप



**एजेंसी, भुज।** गुजरात के कच्छ में आज शाम 4:37 बजे तीव्र भूकंप झटके महसूस किए गए। भूकंप का केन्द्र कच्छ के दुधई के समीप बताया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्मिक रिसर्च (आईएसआर) की ओर से यह जानकारी दी गई है। इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्मिक रिसर्च के अनुसार शनिवार शाम 4:37 बजे गुजरात के कच्छ जिले में 3.8 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। कच्छ के दुधई के समीप नवलखा रण में जमीन से 25 किलोमीटर नीचे इसका केन्द्र दर्ज किया गया। यह स्थल कच्छ के दुधई से उत्तर-पश्चिम करीब 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्मिक रिसर्च के डाटा के अनुसार पिछले एक सप्ताह में गुजरात में यह चौथा भूकंप का झटका आया है।

# रेलमंत्री ने वंदे भारत स्लीपर के ट्रायल का वीडियो शेयर कर किया दावा-180 की स्पीड में एक बूंद पानी नहीं छलका

**एजेंसी, कोटा।**

राजस्थान के कोटा मंडल में दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक पर लखनऊ स्थित अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) टीम वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल कर रही है। कोटा मंडल में 180 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से सफल ट्रायल के बाद रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने एक्स अकाउंट पर वंदे भारत स्लीपर के ट्रायल का वीडियो पोस्ट किया है।

इस वीडियो में वंदे भारत स्लीपर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ रही है। ट्रेन की स्पीड एक फोन के स्पीडोमीटर पर देखी जा सकती है। फोन के पास पानी से पूरा भरा एक गिलास रखा है। हैरानी की बात यह है कि एक बूंद पानी नहीं छलका।




चलती ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड और स्थिर गति प्राप्त करती है। हाई स्पीड रेल यात्रा में वंदे भारत यात्रियों को आराम का अनुभव कराती है। यह पोस्ट तीन दिनों के सफल ट्रायल के बाद सामने आई है।

दो जनवरी को बूंदी जिले में कोटा और लबान के बीच 30 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन के दौरान ट्रेन को 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाया गया। एक जनवरी को रोहल खुर्द से कोटा के बीच 40 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे रफ्तार पकड़ी। इसी दिन कोटा-नागदा और रोहल खुर्द-चौमहला सेक्शन पर 170 किलोमीटर प्रति घंटे और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति से ट्रायल किया गया। ट्रायल के दौरान ट्रेन में यात्री भार के बराबर वजन रखा गया। यह ट्रायल वंदे भारत स्लीपर रैक के विभिन्न तकनीकी मानकों के विश्लेषण के लिए किया जा रहा है, जिसमें कपलर फोर्स, एयर सस्पेंशन, ब्रेकिंग सिस्टम, घुमाव ट्रैक पर गति इत्यादि का परीक्षण शामिल है।

**सुरक्षित महाकुम्भ** — महाकुम्भ 2025 के लिए योगी सरकार ने तैयार की जल पुलिस योजना

# अत्याधुनिक उपकरणों से हो रही संगम की सुरक्षा और निगरानी

**समृद्धि न्यूज, महाकुम्भ नगर।**

महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकता में है। इसी क्रम में गंगा और यमुना नदियों की सुरक्षा और निगरानी के लिए बड़ी संख्या में जल पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। इन जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से भी लैस किया गया है। अंडर वाटर ड्रोन और सोनार सिस्टम जैसे इक्विपमेंट्स के माध्यम से जल पुलिस संगम के चप्पे चप्पे पर निगरानी कर रही है। लाइफबॉय और एफआरपी स्पीड मोटर बोट जैसे इक्विपमेंट्स आपातकालीन परिस्थितियों में सहायक होंगे। किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए वेल ट्रेन्ड जल पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। जल पुलिस योजना के तहत अब तक करीब 2500 जवान तटों की सुरक्षा के लिए तैनात कर दिए गए हैं।




तीन जल पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं जो श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 24 घंटे तत्परता से कार्यरत हैं। तटों पर सुरक्षा की मॉनीटरिंग जल पुलिस के कंट्रोल रूम से की जा रही है, जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 17 जल पुलिस सब कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। इस मैनपावर में मेले की शुरुआत से पहले और इजाफा किया जाएगा और इसमें करीब 1300 जल पुलिस के जवान और जुड़ जाएंगे। इस तरह मेले के दौरान कुल मिलाकर 3800 जल पुलिस के जवान तटों की सुरक्षा में मुस्तैद रहेंगे।

### अत्याधुनिक उपकरणों से किया गया लैस

तटों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार ने जल पुलिस के जवानों को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया है। 8 किमी. क्षेत्र में डीप वॉटर बैरीकेडिंग की गई है। 2 फ्लोटिंग रेस्क्यू स्टेशन बनाए गए हैं, जहां किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा संगम क्षेत्र की सुरक्षा के लिए 11 एफआरपी स्पीड मोटर बोट तैनात की गई हैं। 6 सीटर इस बोट में जवान हर समय संगम क्षेत्र की निगरानी करते नजर आ रहे हैं। आपातकालीन परिस्थितियों के लिए 4 वाटर एंबुलेंस भी तैनात कर दी गई हैं, जो तत्काल राहत पहुंचाने में समक्षम हैं। इसके अतिरिक्त 25 रिजार्जेबल मोबाइल रिमोट एरिया लाइटनिंग सिस्टम को भी तैनात किया गया है तो चेंजिंग रूम के साथ 4 अनाकोंडा मोटर बोट भी तैनात की जा रही है।

### इमरजेंसी प्लान भी तैयार

इसके अतिरिक्त जल पुलिस के जवान 2 किमी. लंबी रिवर लाइन से भी लैस हैं, जो यमुना में ट्रैफिक कंट्रोल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके अलावा उन्हें 100 डाइविंग किट, 440 लाइफबॉय, 3 हजार से ज्यादा लाइफ जैकेट, 415 रेस्क्यू ट्यूब, 200 थ्रो बैग विद रोप, 29 टॉवर लाइट सिस्टम, एक अंडर वाटर ड्रोन और एक सोनाल सिस्टम से लैस किया गया है। ये सभी अत्याधुनिक उपकरण जल पुलिस के जवानों को तटों की सुरक्षा के साथ-साथ जल में होने वाली हर तरह की गतिविधि की निगरानी और सुरक्षा में सक्षम बनाता है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर: डीएम**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील मोहम्मदी सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में डीएम ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 80 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 53, पुलिस 11, विद्युत 05, विकास 01, नगर निकाय 04, लोक निर्माण, जल निगम और आपूर्ति 02-02 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम डॉ़ अवनीश कुमार, सीओ अजेंद्र, तहसीलदार प्रीति सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम राजीव निगम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न



**निघासन खीरी।** निघासन तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम राजीव निगम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान संपन्न हुआ। निघासन तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम राजीव निगम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान राजस्व विभाग की 18 पुलिस विभाग 12, विकास से संबंधित 2, विद्युत विभाग की 1, पूर्ति विभाग की 1, लोग निर्माण विभाग की 1, नगर पंचायत विभाग की दो 2, सिंचाई विभाग 1, वहीं राजस्व विभाग की एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया हैं। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम राजीव निगम के द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया हैं। इस मौके पर तहसीलदार भीमचंद, बीडीओ जयेश सिंह, नायब तहसीलदार व सभी विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## गोला में हुआ तीन शिकायतों का निपटारा



**शनिवार** को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 48 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। मौके पर तीन फरियादियों की समस्याओं का निपटारा हो सका। एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 48फरियादी पहुंचे। जिसमें राजस्व और आपदा विभाग की 32, पुलिस विभाग की चार, संयुक्त जांच और खाद एवं रसद विभाग की तीन-तीन, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और ग्राम्य विकास विभाग और बिजली विभाग की दो दो शिकायतें दर्ज की गईं। जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित तीन शिकायतों का मौके पर निपटारा कर दिया गया। इस मौके पर तहसीलदार सुखबीर सिंह, नायब तहसील सर्वेश यादव समेत तमाम अधीनस्थ कर्मचारी मौजूद थे।

## तराई में बाघ का आतंक, बाघ के हमले से किशोर की दर्दनाक मौत

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के पढ़ुआ थाना क्षेत्र के मँझरा पूरब के गांव दुमेड़ा निवासी 15 वर्षीय परशुराम पुत्र कमलेश को बाघ ने अपना शिकार बना दिया। युवक नानकपुर जंगल में लकड़ी बिनने के लिए गया था, जहां पर पहले से घात लगाए बैठे बाघ ने परशुराम पर हमला बोल दिया, और उसके गले को काट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। घटना की सूचना पाकर पढ़ुआ थाने को पुलिस सहित वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजकर, आगे की कार्रवाई में जुट गई। वहीं वन विभाग की टीम ने क्षेत्रवासियों को जंगल में अकेले न जाने की सलाह देते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी।

## खबरें एक नजर में

### पालिकाध्यक्ष ने प्रभातफेरी में कराई अरदास



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** सिख संगत गुरुपर्व पूर्व से प्रभात फेरियां निकालनी शुरु की जाती है। गुरुद्वारे से निसान साहिब लेकर सैकड़ों की संख्या में सिख समुदाय के महिला पुरुष नगर में भ्रमण करते है। तथा जो श्रद्धालु आमंत्रित करता है वहां अरदास करते है। उसी क्रम में आज कार्यालय गौशाला में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने प्रभात फेरी को आमंत्रित कर अरदास करवाई। इस मौके पर सुखविंदर सिंह टोनी प्रमुख सेवादार, कुलजीत सिंह भाटिया रिंकल, नवदीप सिंह, गुरमीत सिंह, मंजीत सिंह, प्रीतम सिंह, अजेन्द्र सिंह, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, विमल शुक्ला, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, सेक्टर संयोजक सुनील मिश्रा, मनोज बाथम, प्रदीप खतौलिया, लवकुश अवस्थी सहित सिख समुदाय के महिला पुरुष मौजूद रहे।

### दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाया दांव-पेंच



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।** ढखेरवा चौराहे के जय गुरुदेव मार्केट में दो दिवसीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का शनिवार दोपहर बाद समापन हो गया। आयोजित दंगल प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, कानपुर, उत्तराखंड, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर, अयोध्या, बनारस, अमृतसर और नेपाल के मशहूर पहलवानों ने पहुंचकर अखाड़े में अपने-अपने दांव-पेंच दिखाए। प्रतियोगिता का जिपं सदस्य राकेश वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया। ढखेरवा चौराहे के जय गुरुदेव मार्केट के प्रांगण में संपन्न हुए दो दिवसीय विराट कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में पहले दिन 30 पहलवानों के बीच 15 कुश्तियों का जबरदस्त मुकाबला हुआ जिसमें अयोध्या हनुमान गढ़ी से पधारे पहलवान बाबा नागेंद्र दास और राजस्थान के मोनू के बीच काफी रोचक मुकाबला हुआ जिसमें बाबा नागेंद्र दास ने मोनू को चित कर दिया द्य दूसरी कुश्ती रवि हरियाणा और मनोज कानपुर के मध्य हुई जिसमें रवि विजई हुए। तीसरी कुश्ती राहुल यमुनानगर व अमित बनारस के मध्य हुई जिसमें राहुल ने अमित को चित कर दिया। इसी प्रकार सभी 15 कुश्तियों में पहलवानों ने अपने-अपने दांव पेंच दिखाए द्य दूसरे दिन शनिवार को पहली कुश्ती प्रदीप चंडीगढ़ व काला हिमाचल के बीच हुई जिसमें प्रदीप विजई हुए। दूसरी कुश्ती बग्गा अमृतसर व मनजीत कुरुक्षेत्र के मध्य हुई जिसमें बग्गा विजई हुए, तीसरी कुश्ती राजू थापा नेपाल व आशू हरियाणा के मध्य हुई जिसमें लंबे मुकाबले के बाद राजू थापा ने आशू को चित कर दिया। इस प्रकार कई अन्य कुश्तियों में भी पहलवानों ने अपने-अपने दांव पेंच दिखाए। कार्यक्रम में भाजपा नेता अनुपम अवस्थी, मार्केट के प्रबंधक अनिल अवस्थी, डा सुंदरम सिंह, कुलदीप बरनवाल, अटल मनार, अखिलेश वर्मा, पंकज सिंह व एस आई संदीप यादव समेत हजारों की तादाद में क्षेत्रीय दर्शक गण मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा में चारों युगों सहित कलयुग में भगवान की महिमा का वर्णन



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** जिस घर में नारी के आंसू बहते है, उस घर से सुख व आनंद बहकर घर से बाहर हो जाता है और वहां दूख और दरिद्रता का वास हो जाता है। उक्त उद्गार कथाव्यास पंडित हरिकृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए। श्रीशास्त्री शहर के स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कर रहे थे। उन्होंने भागवत कथा के महात्म का वर्णन करते हुए कहा कि सतयुग, द्वापर, त्रेता में प्रभु के सानिध्य को पाने के लिए कठोर जप, तप, और व्रत आदि के वर्णन पुराणों में मिलते है। कलयुग में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन और श्रवण संपूर्ण फलदायी होता है। उन्होने मौजूद भक्तों से सत्मार्ग पर चलकर प्रभु का सुमिरन करने का संदेश दिया। कथा व्यास ने ब्रहमा जी द्वारा सृष्टि की रचना के लिए दोनो भुजाओं से मनु व सतरुपा का अवतरण तथा मानव सृष्टि की वृद्धि की कथा का संक्षिप्त वर्णन किया। उन्होने महाभारत कथा का सार संक्षेप बताते हुए राजा परीक्षित के वन बिहार की कथा में तप कर रहे ऋषि के गले में मृत सर्प डालने के कारण ऋषि पुत्र श्रंगी ऋषि द्वारा एक सप्ताह में सर्प द्वारा डसने से उनकी मौत हो जाने के श्राप और श्राप से मुक्ति को श्रीमद्भागवत की कथा श्रवन का वर्णन किया। उन्होने कहा नशा, जुआं, चरित्र हनन से मनुष्य के घर परिवार का सर्वस्व नाश हो जाता है। उन्होंने देवी स्वरुपा नारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि साहस, धैर्य, और सौम्यता की प्रतीक नारी का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यत्र नारी पूज्यंते, रमंते तत्र देवता और जहां नारी अपमानित व दुखी होती है। वहां सर्वस्त नाश हो जाता है। कथा के पश्चात आरती व प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर कथा आयोजक शशिबाला रावडा, ऊषा रावडा, अंजू राबडा, केके शुक्ला, शशिकांत मिश्र, आदर्श शुक्ला, प्रेमलता मिश्रा, ओमप्रकाश गुप्ता, धर्मेन्द्र मिश्रा, आलोक बाजपेई, सत्येन्द्र शुक्ला, उमेश शुक्ला, धीरज शुक्ला, मनोज मिश्रा, संतोष वर्मा, अमित, संजय, गौरव, राहुल, मीना गुप्ता, किरन, सुमन, कमलेश, अनामिका, काजल, वंशिका, उपन्या, शिल्पी, प्रांसी, नीलम, शिवांगी सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

## अनियंत्रित कंटेनर की चपेट में आने से एक युवक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



गोला मोहम्मदी मार्ग पर एक अनियंत्रित कंटेनर ने बाइक सवार एक युवक को रौंदते हुए फुटपाथ क्रासकर खाई में जा घुसा। घटना में एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद कंटेनर का चालक मौके से फरार हो गया। थाना हैदराबाद के ग्राम रोशननगर निवासी अतीक अहमद 32 वर्ष पुत्र अजीज अहमद अपने पड़ोसी हसमत अली 25 वर्ष पुत्र मासूम अली के साथ बाइक से काम पर जा रहे थे। उसी दौरान गोला मोहम्मदी रोड बाईपास के निकट एक कंटेनर अचानक अनियंत्रित होकर युवकों को रौंदता हुआ फुटपाथ क्रास कर सडक के दूसरी ओर जा गिरा। हादसें में अतीक अहमद की की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसके साथी हशमत अली को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। बताते है कि मृतक राजगीर मिस्त्री का कार्य करता था। तथा काम के सिलसिले में जा रहा था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जबकि कंटेनर को अभिरक्षा में लिया है। कंटेनर का चालक मौके से फरार हो गया।

## विधायक ने बायोप्लास्टिक फैक्ट्री स्थल का किया निरीक्षण



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** गोला विधान सभा क्षेत्र के कुम्भी में 2.5 करोड़ की धनराशि से लगने वाली बायोप्लास्टिक फैक्ट्री स्थल का विधायक अमन गिरि ने निरीक्षण कर सम्बधित लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। शनिवार को विधायक अमन गिरि तमाम लोगों के साथ विधान सभा क्षेत्र के कुम्भी में लगने वाली बायोप्लास्टिक फैक्ट्री स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौजूद सम्बधित लोगों से फैक्ट्री से संबंधित सभी औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिये। विधायक ने कहा कि बायोप्लास्टिक फैक्ट्री लग जाने से क्षेत्र के लोगों को जहां रोजगार मिलेगा वहीं विकास के नये आयाम स्थापित होगें। इस मौके पर सन्दीप सिंह, जयसिंह अर्कवंशी, उदय यादव, तोहीद खा, पप्पू प्रधान, संजय सिंह, बलवीर अर्कवंशी, उत्तम चौधरी, जितेन्द्र अर्कवंशी, बलवीर अर्कवंशी आदि मौजूद रहे।

## वॉलीबाल टूर्नामेंट शुरू



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** ग्राम पंचायत अहमदनगर में वॉलीबॉल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि सदस्य जिला पंचायत बारिश अली अंसारी ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधानपति मुकेश गुप्ता, नबी हुसैन, ध्रुव प्रजापति, सुशील सिंह, प्रशांत शुक्ला, सर्वेश शर्मा, संदीप भारद्वाज, सानू वर्मा, विजय मौर्य, दिनेश गिरि, जलीस अहमद अंसारी, महताब आलम, बारिश मंसूरी सहित तमाम खेलप्रेमी मौजूद रहे।


**लखनऊ नगर निगम**
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

संख्या : 212/मु०अ०/2024-25 **अति-अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक : 03.01.2025

नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 16.01.2025 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.01.2025 तक अपराह्न 02 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 16.01.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष मे रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 16.01.2025 को अपरान्हन 4:00 बजे मुख्य अभियन्ता के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | वार्ड का नाम | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू० में | जमानत धनराशि रू० में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कश्मीरी मोहल्ला | कश्मीरी मोहल्ला इंटर कालेज में गार्ड रूम से ट्वायलेट तक सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 841279.00 | 84128.00 | 02 माह | 842.00 | 152.00 | 994.00 |
| 2 | कश्मीरी मोहल्ला | कश्मीरी मोहल्ला इंटर कालेज में मुख्य द्वार से साइड गली द्वारा सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य। | 843896.00 | 84390.00 | 02 माह | 844.00 | 152.00 | 996.00 |
| 3 | कश्मीरी मोहल्ला | कश्मीरी मोहल्ला इंटर कालेज द्वार एवं बाउण्ड्रीवाल का पुर्ननिर्माण कार्य। | 846006.00 | 84601.00 | 02 माह | 847.00 | 153.00 | 1000.00 |
| 4 | महात्मा गांधी विक्रमादित्य | चिल्ड्रेन पैलेस म्युनिसिपल नर्सरी स्कूल की मुख्य बिल्डिंग के दायीं ओर छत की वाटर प्रूफिंग का कार्य। | 796577.00 | 79658.00 | 02 माह | 797.00 | 144.00 | 941.00 |
| 5 | महात्मा गांधी विक्रमादित्य | चिल्ड्रेन पैलेस म्युनिसिपल नर्सरी स्कूल की मुख्य बिल्डिंग के बायीं ओर छत की वाटर प्रूफिंग का कार्य। | 784254.00 | 78426.00 | 02 माह | 785.00 | 152.00 | 937.00 |
| 6 | नजरबाग/ यदुनाथ सान्याल | मॉडल मान्टेसरी स्कूल मॉडल हाउस परिसर के शौचालय एवं क्षतिग्रस्त टाइल्स, समरसेबिल पम्प एवं रंगाई-पुताई का कार्य। | 573800.00 | 57380.00 | 02 माह | 574.00 | 104.00 | 678.00 |
| 7 | सरोजनी नगर द्वितीय | बदाली खेड़ा सैनिक नगर में माया कश्यप के घर से पूजा गुप्ता के घर होते हुए शावेज बिंदा के घर तक नाली व इंटरलाकिंग सड़क का नवनिर्माण कार्य। | 846748.00 | 84675.00 | 02 माह | 847.00 | 153.00 | 1000.00 |

शर्तें:- (01) निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक है। (2) शासनादेश सं0-6738/23-7-08-176 (सा0)/08 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10.00 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10.00 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। (3) शासनादेश सं0 962/नौ-9-2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। (4) आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ-5-19-149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। (5) कार्य हेतु 01 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**


# जिले में डीएम की अनूठी पहल, मिशन मैदान को जमीन पर उतारने की कवायत तेज

**मिशन मैदान: डीएम ने 2 निर्माणाधीन प्ले ग्राउंड का लिया जायजा, दिए निर्देश**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अभिनव पहल वर्ष 2025 में लिए गए संकल्प के क्रम में मिशन मैदान को जमीन पर उतारने की कवायत इन दिनों जोरों पर चल रही। जिले के एक हजार परिषदीय विद्यालयों में तीन श्रेणियां में खेल मैदान विकसित किया जा रहा है। इन खेल मैदानो की प्रगति जानने के उद्देश्य से शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार ने तहसील और ब्लॉक मोहम्मदी के प्राथमिक विद्यालय झखरा, प्राथमिक विद्यालय मुड़िया का जायजा लिया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने अफसरो की टीम संग दोनों विद्यालयों में विकसित किया जा रहे मैदान की प्रगति जानी। बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह ने ब्लॉक मोहम्मदी में तैयार किए जा रहे खेल मैदानो की विद्यालयवार प्रगति बताई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में निर्धारित समय सीमा, गुणवत्ता से खेल मैदान को विकसित किया जाए। इस दौरान उन्होंने वॉलीबाल, फुटबॉल, रनिंग ट्रेक सहित झूले आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने सीडीओ संग निर्माणाधीन खेल मैदान का निरीक्षण किया। नक्शे व मैदान पर तैयार किए जा रहे खेल मैदान की वस्तुस्थिति देखी। कहा कि इन मैदानों से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को अभ्यास का मौका मिलेगा और वह बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। ऑपरेशन मैदान के तहत परिषदीय विद्यालयों में क्रिकेट, वॉलीबॉल, ओपेन जिम जैसी सुविधाएं युवाओं को मिलेंगी। ये खेल के मैदान छात्रों में टीमवर्क, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देंगे, जिससे उनके समग्र विकास और कल्याण में योगदान मिलेगा। इस मौके पर डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, बीडीओ अश्विनी कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## आज होगी सपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

गोला विधानसभा के सभी सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक आज की जाएगी। सपा के गोला विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष शेर सिंह यादव ने बताया कि आज पांच जनवरी को शहर की मोहम्मदी रोड स्थित पूर्व विधायक विनय तिवारी के आवास पर एक बैठक बुलाई गई है। जिसमें समस्त कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी से मौजूद रहने की अपील की गई है।


**अनारक्षित मेला स्पेशल रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि**

महाकुम्भ-2025 के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्वघोषित अनेक विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन भी निम्न विवरण के अनुसार किया जाएगा :-

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव | चलने की तिथि(याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04222 | अयोध्या धाम जं. | 10:10 | प्रयाग जं. | 15:45 | अयोध्या कैंट. जं., भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर जं., चिलबिला जं., प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन | 12.01, 13.01, 27.01, 28.01, 02.02, 11.02 एवं 25.02.2025 |
| 04228 | अयोध्या धाम जं. | 16:45 | प्रयाग जं. | 21:50 | | 12.01, 13.01, 27.01, 28.01, 01.02, 02.02, 10.02, 11.02, 24.02 एवं 25.02.2025 |
| 04274 | जौनपुर जं. | 18:40 | फाफामऊ जं. | 22:20 | जफराबाद जं., मडियाहूँ, जंघई एवं फूलपुर जं. स्टेशन | 12.01, 13.01, 27.01, 28.01, 01.02, 02.02, 10.02, 11.02, 24.02 एवं 25.02.2025 |
| 04272 | जौनपुर जं. | 10:30 | प्रयाग जं. | 14:40 | जफराबाद जं., मडियाहूँ, जंघई, फूलपुर जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन | 28.01.2025 |
| 04292 | लखनऊ | 14:00 | प्रयाग जं. | 19:55 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावाँ, रायबरेली, ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपाल गंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन | 12.01, 13.01, 27.01, 28.01, 01.02, 02.02, 10.02, 11.02, 24.02 एवं 25.02.2025 |
| 04220 | अयोध्या धाम जं. | 07:10 | फाफामऊ जं. | 12:00 | अयोध्या कैंट. जं., भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर जं., चिलबिला जं., एवं प्रतापगढ़ जं. स्टेशन | 28.01.2025 |
| 04224 | अयोध्या कैंट जं. | 12:20 | प्रयाग जं. | 17:10 | भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर जं., चिलबिला जं., प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन | 28.01.2025 |
| 04226 | अयोध्या धाम जं. | 13:20 | प्रयाग जं. | 19:00 | अयोध्या कैंट. जं., भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर जं., चिलबिला जं., प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन | 28.01.2025 |
| 04294 | लखनऊ | 19:30 | फाफामऊ जं. | 00:45 | उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावाँ, रायबरेली, ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर एवं लालगोपाल गंज स्टेशन | 28.01.2025 |

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें


# अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष बने राम मोहन गुप्त

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर नगर के समाजसेवी साहित्यकार राम मोहन गुप्त को, उनकी सामाजिक लोकप्रियता, अनुभव, समाज के प्रति निष्ठा एवं समर्पण के फलस्वरूप अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक डा नीरज बोरा द्वारा अवध क्षेत्र इकाई का क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राम मोहन गुप्त का उपरोक्त मनोनयन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल अनुमोदनोपरांत किया गया है। पूर्व में भी इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन (आईवीएफ) उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में सफल दायित्व निर्वहन कर चुके राम मोहन गुप्त अवध क्षेत्रीय इकाई के अध्यक्ष के रूप में अब प्रदेश के तेरह जनपदों लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, बलराम पुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर एवं बाराबंकी जनपदों के प्रभारी क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्य देखेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से विभिन्न जनपदों में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन संगठन की जिला इकाई, महिला एवं युवा शाखाओं के गठन एवं सक्रियता, प्रादेशिक संगठन से समन्वयन, वैश्य समाज के विभिन्न उपवर्गों को संगठित कर एक मंच पर लाने, समाज सेवा, परोपकार, सर्व प्रगति एवं सहयोग के कार्यों में उत्तरोत्तर प्रगति आदि प्रमुख हैं। राम मोहन गुप्त की अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पद पर हुई नियुक्ति पर प्रदेश महामंत्री डॉ. अजय कुमार गुप्त, डॉ. आशुतोष कुमार गुप्त, तुषार गर्ग, राज गुप्ता, सौरभ गुप्ता, शरद कुमार गुप्त, संजय गुप्ता, कपिल पुरवार, अरविंद गुप्ता, कनिष्क बरनवाल, मीता गर्ग, कुमकुम गुप्ता आदि द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी हैं।

# भाजपा की जीत को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करें कार्यकर्ता : सीएम योगी

- मिशन मिल्कीपुर में जुटे मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद
- सीएम ने दिया मंत्र, संपर्क व संवाद से ही तय होगा बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य

**लखनऊ/अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

मिशन मिल्कीपुर की कमान संभाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं संग बैठक की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया और कहा कि बूथ पर भाजपा को अधिक से अधिक वोट मिले, इसे लेकर कार्यकर्ताओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्यकर्ता अपना बूथ, ग्राम सभा व मंडल सर्वाधिक मतों से जिताने को लेकर आपस में प्रतिस्पर्धा करें। जीत के लिए संपर्क व संवाद ही सबसे बेहतर रास्ता है। इसके जरिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की प्रतीक है। हमने अयोध्या को विकास का प्रतीक बनाया है। हम विकास और सनातन के प्रतीक राम को मानते हैं, जबकि सपा विध्वंस के प्रतीक बाबर को



मानती है। समाजवादी पार्टी ने अयोध्या को विकास को रोका, राम भक्तों पर गोलियां चलवाईं और प्रदेश को दंगे की आग में भी झोंका। समाजवादी पार्टी आज भी आतंकियों, दुराचारियों,

### कुंदरकी जीता, मिल्कीपुर भी जीतेंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यकर्ताओं की हौसलाअफजाई भी की। उन्होंने कहा कि जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो दुनिया ने अयोध्यावासियों को सिर आंखों पर बिठाया। उन्होंने कहा कि कुंदरकी में 65 प्रतिशत मुस्लिम आबादी के बाद भी विकास के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने रिकार्ड मतों से उपचुनाव में जीत हासिल की। कार्यकर्ताओं की बदौलत ही उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में 9 में से 7 सीट जीतने में हमनें सफलता हासिल हुई। कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ मिल्कीपुर उपचुनाव को रिकार्ड मतों से जीतने का लक्ष्य लेकर कार्य करें।

अपराधियों के साथ खड़ी रहती है, जबकि भाजपा निरंतर देश-प्रदेश को विकास की ओर ले जा रही है। बिना भेदभाव सिर्फ पात्रता के आधार पर आवास, शौचालय, निशुल्क गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। प्रदेश को अराजकता तथा माफिया राज से मुक्त कराया गया है। सीएम ने कार्यकर्ताओं से कहा कि डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच में जाएं और विकास के बलबूते वोट की अपील करें।

संचालन विधान परिषद सदस्य इंजी. अवनीश सिंह पटेल ने किया। बैठक में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री जेपीएस राठौर, गिरीश चंद्र यादव, दयाशंकर मिश्र दयालु, मयंकेश्वर शरण सिंह, सतीश शर्मा, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पांडेय बादल, कमला शंकर पांडेय, अभिषेक मिश्र, रामू प्रियदर्शी, बाबा गोरखनाथ, आलोक सिंह रोहित, राघवेंद्र पांडेय, शैलेंद्र कोरी समेत मिल्कीपुर विधान सभा के सभी मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक, जिला पदाधिकारी, मोर्चा-प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# ठंड से बचाने के लिए अलाव पर दें विशेष ध्यान प्रयागराज में दिखे भव्यता : ए. के. शर्मा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

निराश्रित एवं ज़रूरतमंद लोगों को कड़ाके की ठंड और सर्दी से बचाने के लिए आश्रय स्थलों का उचित व्यवस्थापन एवं अलाव की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। इसके साथ ही प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत सभी नगरीय निकायों की स्वच्छता व सुंदरता पर विशेष ध्यान देंगे, जिससे कि इन नगरों से होकर जाने वाले तीर्थयात्रियों को अच्छा अनुभव हो।

यह निर्देश नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने दिये। वे सफाई व्यवस्था की वर्चुअली समीक्षा शनिवार को कर रहे थे। बैठक में मंत्री ए. के. शर्मा ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्था में नगर विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके दृष्टिगत प्रयागराज



नगर के सभी क्षेत्रों में भारत की भव्यता, तीर्थराज की दिव्यता और अपने प्रदेश की आधुनिकता दिखे इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रयागराज में नगरीय सुगमता - स्वच्छता-सुंदरता बढ़ाने हेतु शहर की मुख्य सड़कों से अंदरूनी गलियों तक कहीं भी गड्ढा, गंदगी या अंधेरा न रहे। कोई नाली या सीवर बंद न हो और जल निकासी की समस्या न रहे।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ से बैंकॉक व भुवनेश्वर के लिए शुरू हुई फ्लाइट

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटर नेशनल एयरपोर्ट से बैंकॉक और भुवनेश्वर के लिए सीधी फ्लाइट जाएगी। ये विमान सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उड़ान भरेंगे। इसका किराया 6 हजार से 13 हजार तक रहेगा। फ्लाइट का संचालन एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा किया जाएगा। बोइंग 737 मैक्स विमान के साथ 186 यात्रियों की क्षमता होगी। बैंकॉक (बीकेके) के लिए अंतरराष्ट्रीय और भुवनेश्वर (बीबीआई) के लिए घरेलू उड़ान रहेगी। लखनऊ एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि दो नई उड़ानों से शहरों की कनेक्टिविटी अच्छी होगी। सीसीएसआईए अब क्षेत्र के लोगों को लखनऊ से सीधे थाईलैंड और भुवनेश्वर की यात्रा कराएगा। यात्री समय में यात्रा पूरी कर सकेंगे।

### शत्रुघन हत्याकांड में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में 30 दिसंबर 2024 को शत्रुघन हत्याकांड में फरार अभियुक्त को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्या में पत्नी और प्रेमी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। ठाकुरगंज थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने बताया कि मूलरूप से हरदोई जिले का रहने वाला रंजीत विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। इससे पहले राखी राठौर, प्रेमी धर्मेंद्र राठौर उसके भाई अंकित को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। राखी का धर्मेंद्र से प्रेम संबंध चल रहा था, जिसका विरोध उसका पति शत्रुघन राठौर का रहा था। इसी कारण राखी ने प्रेमी के साथ मिलकर योजना के तहत पति की हत्या करा दी थी। पुलिस ने इस हत्याकांड में फरार चल रहे आखिरी आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### राजधानी की सड़कों पर अलाव नादारत

**लखनऊ।** राजधानी की सड़कों से इस मर्तबा अलाव नदारत हैं, ज्ञाताव्य है हर वर्ष सर्दी के मौसम में अलाव जलाने के लिए नगर निगम की तरफ़ से सड़कों पर लकड़ी डाली जाती है। यह लकड़ी विशेष तौर से शहर के तिराहों, चौराहों एवं सार्वजनिक ठिकानों पर डाली जाती है, जो कि सड़क पर चलने वाले राहगीर,रिक्शा वाले व तिराहों चौराहों पर ड्यूटी कर रहे पुलिस वालों को सर्दी में राहत का काम करती है। मगर इस मर्तबा ऐसा लग रहा है कि लकड़ी का भी नगर निगम द्वारा बड़े पैमाने पर बंदर बाँट हो गया है। शायदयही कारण है कि इस मर्तबा तमाम तिराहे,चौराहे आग से सूने नज़र आ रहे हैं। कड़ाके की ठण्ड होने के बा वजूद कहीं भी अलाव का इन्तिज़ाम नहीं दिख रहा है। हाँ उन जगहों पर कहीं कहीं ज़रूर अलाव जलते नज़र आ रहे हैं, जहां पर उच्च अधिकारियों या सत्ता में बैठे नेताओं का हर समय निकलना होता है।

### दोस्त ने छात्रा के साथ की मारपीट, अश्लील वीडियो बनाकर एक साल से कर रहा ब्लैकमेल, गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकास नगर में दोस्त ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। छात्रा का आरोप है कि जब वो घर से निकलती तो वह पीछा करता। गुरुवार को धोखे से बुलाकर मारपीट की। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। छात्रा अलीगंज की रहने वाली है। उसने बताया कि 2 साल पहले उसकी मुलाकात अलीगंज सेक्टर- सी सबौली के रहने वाले करण वर्मा से हुई थी। करण उसके स्कूल में ही पढ़ता था। बातचीत के दौरान मोबाइल नंबर ले लिया। मिलने जुलने के दौरान अश्लील वीडियो बना लिया। फिर वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करने लगा। छात्रा ने विरोध किया तो बदनाम करने की बात कहने लगा। छात्रा इतनी डर गई कि किसी से कुछ नहीं बताया। आरोपी करण एक साल से रास्ता रोक कर धमकाता है। गुरुवार को उसने मारपीट की और तेजाब से जलाने की धमकी देकर चला गया। विकास नगर इंस्पेक्टर का कहना है आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सड़क के बीच में बना दी नाली, महिला ने नगर आयुक्त से की शिकायत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में तेलीबाग के अंबेडकरपुरम में नाली को बीच में करके सड़क बना दी गई है। इसकी शिकायत पीड़ित महिला ने नगर आयुक्त से की है। महिला ने नगर आयुक्त से शिकायत कहा कि सड़क पुश्तैनी जमीन पर बनी है। विरोध करने पर दबंगई की जाती है। नाली को बीच में कर दिया गया है, जबकि नाली सड़क के किनारे दोनों साइड में होती है। सड़क बीच में होनी चाहिए। दावा है कि सड़क के बीच में एक अवैध शौचालय बना है। जिसे तोड़ा नहीं जा रहा। जबकि शौचालय तोड़ा जाना चाहिए। गलत ढंग से बनी सड़क को सही करना चाहिए। महिला का कहना है कि मामले में 31 दिसंबर को शिकायत की थी। रने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ठेकेदार द्वारा जबरन सड़क का निर्माण कर दिया गया है। स्थानीय पार्षद केएन सिंह का कहना है कि अभी इस विषय में कोई जानकारी नहीं है। इसलिए कुछ कहना संभव नहीं।

### स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित

**लखनऊ।** जनता के कल्याण का पर्याय बन चुकी ममता चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पूर्व की भांति जनता के स्वास्थ्य हेतु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, दिव्यांग कृत्रिम अंग तथा सहायक उपकरण ट्राई साइकिल, स्टिक,कान की मशीन व कम्बल वितरण अभियान आदि सहित प्राथमिक दवाइयों का वितरण किया जाना है! स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन सिटी कान्वेट स्कूल, पारा लखनऊ मे किया जा रहा हैस जिसमे मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा, सांसद राज्य सभा एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार होंगे स स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में मेडिकल कॉलेज, पीजीआई एवं मेदांता के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा जनता का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा एवम उन्हें निरूशुल्क औषधि, विकलांग व्यक्तियों को ट्राई साइकिल एवं वैसाखी, स्टिक,कान की मशीन व कम्बल वितरण किया जाना है।

### लखनऊ में बिना लाइसेंस कुत्ता घुमाने पर 25 हजार जुर्माना

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बिना लाइसेंस कुत्ता घुमाने वाले लोगों के खिलाफ नगर निगम ने कार्रवाई की है। सुबह के समय में पेट डॉग लाइसेंस चेकिंग टीम और डॉग कैचिंग स्क्वाड ने जोन 4 के हनीमैन चौराहा, वास्तु खंड और विभव खंड में कार्रवाई की है। निगम की टीम ने 5 लोगों से 25 हजार रुपए की वसूली की है। इस दौरान 5 कुत्तों के लाइसेंस भी बनाए गए। साथ ही लाइसेंस नहीं बनवाने वाले लोगों पर 30 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। लाइसेंस लखनऊ नगर निगम की वेबसाइट पर ऑनलाइन डॉग रजिस्ट्रेशन पर जाकर बन सकता है। पशु कल्याण अधिकारी कार्यालय, लालबाग नगर निगम मुख्यालय से किसी भी कार्य दिवस में बनवाया जा सकता है। इसके लिए जयंत सिंह मो नंबर-9511156792 और अफ्सर अली मोबाइल नंबर 9721095021 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मैं सोनेलाल पटेल की बेटी हूं, आशीष पटेल का डटकर मुकाबला करूंगी : पल्लवी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

अपना दल कमेरावादी की नेता एवं विधायक पल्लवी पटेल ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि आशीष पटेल की आज भी कोई राजनीतिक पहचान है तो उनके पिता स्वर्गीय सोनेलाल पटेल के नाम से है। मैं सोनेलाल की बेटी हूं, भ्रष्टाचार के मामले में मंत्री आशीष पटेल का डटकर मुकाबला करूंगी। पल्लवी पटेल ने कहा कि वह एक बार फिर से दोहरा रही है, मंत्री आशीष पटेल के विभाग में भ्रष्टाचार हुआ है। प्रमोशन के लिए लेनदेन हुआ है। प्रमोशन में भ्रष्टाचार मामले में मंत्री आशीष पटेल के विरूद्ध जांच होनी चाहिए। नियमों को ताक पर रखकर प्रमोशन दिया गया है, जांच होगी तो सबकुछ सामने आ जायेगा।

परिवार के विवाद पर उन्होंने कहा



कि सोनेलाल पटेल के बच्चे आपस में उलझें या जो चाहे करें। आशीष पटेल को क्यों मिर्ची लग रही है। जिसने अपने ससुर सोनेलाल पटेल का नाम बेचकर राजनीति की है। सोनेलाल पटेल एक जाबांज नेता थे, कुर्मी समाज उन्हें देवता मानता है। आशीष पटेल उनके आगे दूर दूर तक कुछ नहीं है। आज जांच हो जाये तो आशीष भ्रष्टाचारी बन जायेंगे।

# कोहरे के कारण छह फ्लाइट लेट, दौ कैंसिल

- दुबई, मस्कट, दिल्ली और मुंबई जाने वाले विमान देरी से भर रहीं उड़ान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

शनिवार तड़के घने कोहरे के कारण लखनऊ आने वाले दो विमान रद्द कर दिए गए। जबकि 6 फ्लाइट देरी से उड़ान भर रही हैं। लखनऊ से बैंकॉक जाने वाला एक विमान 8 घंटे लेट रहा। एयरपोर्ट सूत्र ने बताया कि दिल्ली से सुबह 6.55 बजे लखनऊ आने वाला इंडिगो का विमान 6म् 2025 रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा बेंगलुरु से सुबह 9.10 बजे लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स 1977 भी कैंसिल कर दी गई है। मस्कट जाने वाला ओमान एयर का



विमान सुबह 9.05 बजे के बजाय दोपहर 12.20 बजे उड़ान भरा। लखनऊ से पटना जाने वाला इंडिगो विमान सुबह 10.40 के बजाय दोपहर 12.10 पर 2 घंटे लेट रवाना हुआ। दोपहर 11.50 बजे दुबई जाने वाली फ्लाइट 1 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से रवाना हुआ। दोपहर 2.10 पर चंडीगढ़ जाने वाला इंडिगो एयरलाइंस का विमान शाम 5.15 बजे जाएगा। दोपहर 2.15 बजे दिल्ली जाने वाला एयर इंडिया विमान दोपहर 3.20 पर रवाना होगा। मुंबई जाने वाला अकासा एयरलाइंस का विमान शाम 5.30 बजे के बजाय शाम 7.50 बजे पर रवाना होगा। मस्कट से लखनऊ आने वाला सलाम एयर का विमान शनिवार तड़के 3.15 बजे आने के बजाय 45 मिनट देरी से करीब 4 बजे लखनऊ पहुंच सका। दम्माम से सुबह 6.25 बजे लखनऊ आने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान करीब ढाई घंटे देरी से 9 बजे पहुंचा। इसी तरह दिल्ली से सुबह 7.55 बजे आने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान करीब एक घंटा देरी से 9 बजे लखनऊ पहुंच सका। रियाद से सुबह 9 बजे आने वाला फ्लायनास का विमान करीब 2 घंटा देरी से 11 बजे लखनऊ में लैंडिंग कर सकेगा। विमानों के रद्द होने और लेट लतीफहोने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियां उठानी पड़ी।

# सामूहिक हत्याकांड : अरशद के वायरल वीडियो को लेकर जांच में जुटी पुलिस



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ और आगरा पुलिस ने आरोपित के पड़ोसियों से की पूछताछ लखनऊ, 04 जनवरी (हि.स.)। जिले के चारबाग स्टेशन से महज कुछ ही दूर स्थित शरणजीत होटल में चार बहनों और मां की हत्या करने वाले आरोपित अरशद के वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस जांच में जुट गई है। वहीं, वारदत के बाद फरार चल रहे आरोपित पिता बदर का भी कुछ पता नहीं चल सका है। पुलिस उसकी भी सरगर्मी से तलाश कर रही है। डीसीपी रवीना त्यागी ने पत्रकारों को बताया कि पांच लोगों की हत्या का मुख्य आरोपित अरशद का सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो के आधार पर लखनऊ पुलिस आगरा पुलिस के सहयोग से मामले की जांच में जुटी है। अरशद पुलिस को अलग-अलग बयान दे रहा है। बस्ती वालों से विवाद और धर्म परिवर्तन की बात का जिक्र करके पुलिस की जांच को उलझा रखा है। दोनों जिलों की पुलिस हत्या के सही कारणों को जानने के लिए हत्यारोपित के आवास आगरा में डेरा डाला हुआ है। ट्रांस यमुना पुलिस ने बदर का घर खंगाला और तीन दिन में सौ से अधिक लोगों से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। घर में मिले दस्तावेज को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। वसीयत करने वाले के बारे में भी पता किया है। बदर ने मकान की वसीयत बेटियों के नाम करने की पुष्टि हुई है। पड़ोसियों से जानकारी मिली है कि अरशद बहनों से किस प्रकार से कुर्रता करता था उसके बारे में भी पता चला है। प्राथमिक जांच में किसी तरह के विवाद और धर्म परिवर्तन की बात सामने नहीं आई है।डीसीपी ने बताया कि वारदात के बाद से बदर फरार चल रहा है। होटल में जांच के दौरान पता चला है कि उसने एक पर्ची लिखी है कि उसका शव एक रेलवे ट्रैक पर मिलेगा। इसके बाद आरपीएफ-जीआरपीएफ ने खोजबीन की, लेकिन उसके बारे में कुछ भी पता नहीं चला। वहीं, पुलिस की टीमें उसकी तलाश में लखनऊ के अलावा आगरा में भी लगी हुई है।

# संघर्ष समिति की बिजली के निजीकरण के विरोध में आम सभा आयोजित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र द्वारा जागरण अभियान के तहत भदोही और मिर्जापुर में संघर्ष समिति की आमसभा हुई। समिति द्वारा कल प्रयागराज में बिजली पंचायत आयोजित की गई है। जिसमें प्रयागराज की बिजली पंचायत में निजीकरण से उपभोक्ताओं को और बिजली कर्मचारियों को होने वाले नुकसान के बारे में तो अवगत कराया ही जाएगा, साथ ही प्रयागराज में कुछ ही दिनों के बाद प्रारंभ हो रहे महाकुंभ के दौरान श्रेष्ठतम बिजली व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प भी लिया जाएगा।



संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बयान जारी कर अवगत कराया कि 14 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में चलने वाले महाकुम्भ के दौरान श्रेष्ठतम बिजली व्यवस्था बनाए रखने के उपाय पर कल हो रही बिजली पंचायत में मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। प्रयागराज बिजली पंचायत में बिजली कर्मी महाकुम्भ में श्रेष्ठतम बिजली व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प भी लेंगे। संघर्ष समिति ने कहा कि उज्जैन में बिजली का निजीकरण किया गया था। मई 2016 में उज्जैन महाकुम्भ के दौरान निजी कंपनी ने बिजली व्यवस्था बनाए रखने हेतु बनाए जाने वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर पर धनराशि खर्च करने से इंकार कर दिया था। इसके बाद मप्र सरकार को उज्जैन में निजी कंपनी का विद्युत वितरण का करार रद्द करना पड़ा था। प्रयागराज महाकुम्भ के अवसर पर सरकारी क्षेत्र की कंपनी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम द्वारा किए गए कार्य का उदाहरण सामने रखकर आम जनता को यह बताया जाएगा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण होने के बाद आने वाले वर्षों में प्रयागराज में माघ मेला और कुम्भ तथा महाकुम्भ के दौरान निजी कम्पनी के आने पर उज्जैन जैसी स्थिति हो सकती है। अतः हर हाल में निजीकरण का पुरजोर विरोध किया जाना चाहिए।

# कैब यूनियन ने सरकार से ड्राईवरों को राईड से होने वाली आय पर जीएसटी न लगाए जाने का किया आग्रह

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

चालक वेलफेयर समिति उत्तर प्रदेश ने उत्तर प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि वो राईड-हेलिंग प्लेटफॉर्म्स पर सब्सक्रिप्शन-बेस्ड मॉडल के अंतर्गत ड्राईवर्स को राईड से मिलने वाली आय पर जीएसटी न लगाए जाने के लिए केंद्र सरकार से बात करें।

यूनियन ने कहा कि जीएसटी लगाए जाने से ड्राईवर्स की आजीविका पर काफी विपरीत प्रभाव पड़ेगा, जो पहले से ही वित्तीय संकटों का सामना कर रहे हैं। यूनियन ने ड्राईवर्स के लिए उचित मुआवजे और ज्यादा सहयोगपूर्ण रैगुलेटरी फ्रेमवर्क की मांग की, जो इस काम की अद्वितीय प्रकृति के अनुरूप हो।

यूनियन प्रेसिडेंट आर के पांडे ने कहा कि कई ड्राईवर्स ने पारंपरिक कमीशन-आधारित मॉडल को छोड़कर सब्सक्रिप्शन मॉडल (SaaS) में काम करना शुरू कर दिया है ताकि उन्हें ज्यादा स्वतंत्रता मिले और बचत में वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि सब्सक्रिप्शन आधारित मॉडल में ड्राईवर राईड-हेलिंग कंपनियों को कमीशन की बजाय एक निश्चित शुल्क का भुगतान करते हैं। इसने पूरे देश में कर्मियों की स्थिति में भारी परिवर्तन ला दिया है। इसकी मदद से ड्राईवर अपनी 100 प्रतिशत आय अपने पास रख सकते हैं, तथा राईड-मैचिंग एलगोरिद्म, नैविगेशन सिस्टम, और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म्स जैसे आवश्यक टूल्स का उपयोग भी कर सकते हैं। सब्सक्रिप्शन मॉडल मॉडल ड्राईवर्स को फाईनेंशल स्टेबिलिटी एवं प्रेडिक्टेबिलिटी प्रदान करता है। इस मॉडल पर जीएसटी लगाए जाने से लागत बढ़ जाएगी और यह सेवा कई लोगों की जेब से बाहर हो जाएगी।

### बीएल संतोष का लखनऊ आगमन रविवार को, पार्टी पदाधिकारियों के साथ करेंगे बैठक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष रविवार को लखनऊ आयेंगे। वे भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर संगठन चुनाव के संबंध में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। प्रदेश में संगठन चुनाव के संबंध में हो रही देरी के बारे में भी पूछताछ करेंगे, क्योंकि अभी तक कई जिलों में मण्डल अध्यक्षों का चयन ही नहीं हो पाया है। कुछ जिलों में कुछ मण्डल भी बकाया हैं। कल की बैठक के बाद जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। जबकि मण्डल अध्यक्षों का चयन 15 दिसम्बर तक और 30 दिसम्बर तक जिलाध्यक्षों का चयन होना था। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष पार्टी के क्षेत्रीय व प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया और संगठन से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा करेंगे।

**सराहनीय** | कड़ाके की सर्दी में अब कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर नहीं

# सरकार ने हर जरूरतमंद के लिए तैयार किया रैन बसेरों का मजबूत तंत्र

**विकास तिवारी**

**लखनऊ।** कड़ाके की सर्दी में अब कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर नहीं होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में रैन बसेरों और आश्रय स्थलों की सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य ठंड के प्रकोप से हर जरूरतमंद व्यक्ति को बचाना और उनके लिए सुरक्षित व गरिमामय आश्रय प्रदान करना है। मुख्यमंत्री योगी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि रैन बसेरों का संचालन पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया



है कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान, डिवाइडर, सड़क की पटरी या पार्कों में सोने को मजबूर न हो।

प्रदेश में अब तक 1240 रैन बसेरों और आश्रय स्थलों को विकसित किया गया है, जहां ठंड से बचने के लिए सभी आवश्यक संसाधन मौजूद हैं। इसके साथ ही, तीन लाख से अधिक कंबल वितरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी निर्देश दिया है कि जरूरतमंदों तक कम्बल पहुंचाने में कोई कोताही न बरती जाए।

### रैन बसेरों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम

रैन बसेरों में महिलाओं की सुरक्षा और उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। आश्रय स्थलों में पर्याप्त रोशनी, स्वच्छता और अलाव की व्यवस्था की गई है। यह सुनिश्चित किया गया है कि महिलाएं रैन बसेरों में सुरक्षित महसूस करें और उनकी सभी आवश्यकताओं का ख्याल रखा जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि रैन बसेरों की स्थिति और अलाव की व्यवस्था की तकनीकी मॉनिटरिंग की जाए। राहत आयुक्त कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से रैन बसेरों, अलाव और कंबल वितरण की स्थिति पर सीधे संवाद किया जा रहा है। फीडबैक के आधार पर कमियों को तुरंत दूर करने का आदेश दिया गया है।

### रैन बसेरों की जानकारी सार्वजनिक करने का निर्देश

योगी सरकार ने रैन बसेरों की जानकारी आम जन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम को विशेष निर्देश दिए हैं। प्रत्येक जोन में रैन बसेरों की विस्तृत सूची प्रदर्शित की जा रही है। इसके अलावा, बस अड्डों और प्रमुख स्थलों पर लगे डिजिटल स्क्रीन पर भी रैन बसेरों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लोगों को आसानी से निकटतम रैन बसेरों की जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों को ठंड से निपटने के लिए पर्याप्त बजट का आवंटन किया गया है। जिलाधिकारियों और नगर आयुक्तों को रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# विकास पुरुष थे स्व. कल्पनाथ राय : अजय राय

- स्व. कल्पनाथ राय के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित किया श्रद्धा सुमन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री, विकास पुरुष स्व.कल्प नाथ राय की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्व.कल्पनाथ राय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व. राय बहुत ही जुझारू एवं संघर्षशील नेता रहे। वह संसद के दोनों सदन लोकसभा एवं राज्यसभा के कई बार सदस्य रहे। प्रदेश के मऊ जनपद



निवासी स्व. राय जिले के विकास के लिए चीनी मिल, चीनी इंस्टीट्यूट, ओवरब्रिज, स्टेडियम इत्यादि का निर्माण कराया। जिसके चलते स्व. कल्पनाथ राय को विकास पुरुष के नाम से भी जाना जाता है।

इस दौरान मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ.सीपी राय, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. अलीमुल्लाह खान, प्रदीप सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य जोन के कार्यवाहक अध्यक्ष अंकित तिवारी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय दीक्षित, नितिन शर्मा, संजय सिंह पंकज तिवारी, विकास श्रीवास्तव, राकेश पाण्डेय, अजय चंद्र चौबे, योगेश्वर सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, रविंद्र पटेल, नावेद नकवी, अनीश अख्तर मोदी, विजय पाण्डेय ने भी स्व.कल्पनाथ राय को श्रद्धां सुमन अर्पित किया गया।

# तहसील सदर में सुनी गई फरियादियों की समस्याएं

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुये शिकायती पत्रों को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारित : डीआईजी



**गोण्डा,समृद्धि न्यूज।**

शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील गोण्डा सदर में विधायक सदर गोण्डा, पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान तहसील सदर गोण्डा में कुल 141 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाये इस मौके पर उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

वहीं जनसुनवाई के दौरान कृपाला पत्नी हरीराम निवासी तेलिया कोट माफियनपुरवा ने बताया कि हमारे भूमि पर कुछ लोगों ने जबरन अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। मामले को संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर गोंडा को निर्देश दिए हैं कि एक संयुक्त टीम भेज कर अवैध कब्जा को मुक्त कराया जाए।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी गोण्डा सदर अवनीश त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी आनंद राय, शिल्पा वर्मा, प्रभारी तहसीलदार/नायब तहसीलदार गोण्डा अनुराग पांडेय, डीसी उद्योग बाबूराम, बीडीओ इटियाथोक, झंझरी, रूपईडीह, पण्डरीकृपील, एसएचओ कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, मोतीगंज, इटियाथोक सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आईजी देवीपाटन रेंज गोण्डा ने परखी यातायात व्यवस्था



**गोण्डा,समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को डीआईजी देवीपाटन रेंज गोण्डा अमित पाठक द्वारा जनपद गोण्डा शहर क्षेत्र में पैदल गस्त/भ्रमण कर यातायात व्यवस्था एवं अतिक्रमणमुक्त की स्थिति का जायजा लिया गया। आईजी अमित पाठक द्वारा शहर के गुरु नानक चौक गुड्डू माल तिराहा एवं चौक बाजार क्षेत्र के दुकानदारों से संवाद स्थापित कर अतिक्रमणमुक्त अभियान में सहयोग प्रदान करने की अपील की गई। शहर क्षेत्र में सुगम व सुचारु रूप से यातायात व्यवस्था रखने हेतु क्षेत्राधिकार नगर को निर्देशित किया गया कि शहर क्षेत्र को प्रत्येक दशा में जाम मुक्त व सड़क पटरियों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाना सुनिश्चित करें। ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहन चालकों,बिना हेलमेट/ बिना सीट बेल्ट चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भारी जुर्माने से दंडित किए जाने एवं बाजार क्षेत्र में प्रतिदिन पैदल गस्त किये जाने के निर्देश निर्गत किये गए।

## पीएचसी बनगाई-बैजपुर में डॉक्टर न होने से नहीं मिल रहा लाभ

**धानेपुर/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** मिली जानकारी के अनुसार सी.एच.सी. मुजेहना के क्षेत्र मे प्राथमिक स्वास्थय केंद्र बनगाई, भोरहा व बैजपुर संचालित है जिसमे बनगाई व बैजपुर पर डॉक्टर की तैनाती नहीं है दोनों केंद्र अधिक दिनों से फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा है। जिससे ग्रामीणों को समुचित लाभ नहीं मिल पाता है। कई बार ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन जन प्रतिनिधियों से समस्या से अवगत कराया कोई लाभ नहीं हुआ।

# यूको बैंक ने मनाया अपना 83 वां स्थापना दिवस



**गोण्डा,समृद्धि न्यूज।**

जनपद में यूको बैक ब्रांच पर मनाया गया 83वां स्थापना दिवस तथा स्वास्थ्य सिविर का हुआ आयोजन। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्साधिकारी रश्मि वर्मा एवं सुश्री मिलन दूबे,अंचल प्रमुख अयोध्या मौजूद रहीं। यूको बैंक शाखा प्रबंधक गौरव उपाध्याय ने सुश्री मिलन दूबे और मुख्य चिकित्साधिकारी रश्मि वर्मा को फूल का गुलदस्ता देकर अभिवादन किया।

83वें स्थापना दिवस पर सुश्री मिलन दूबे ने केक काटकर सभी ग्राहको का अभिवादन किया तथा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी,उसके उपरांत ग्राहको के साथ स्वास्थ्य सिविर में ग्राहकों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया तथा मौजूद डॉक्टर से वार्ता किया। सुश्री मिलन दूबे ने कहा की किसी भी ग्राहक को यूको बैंक के ब्रांच से कोई भी सुझाव या शिकायत हो तो दे सकता है।यूको बैंक गोन्डा जनपद में सन् 2015 से लगातार अपनी सेवाएं दे रहा है उन्होंने ने कहा कि जनपद पर हमारा एक ही ब्रांच है तथा यहां का व्यवसाय भी ठीक है तथा ग्राहकों को अश्वासन दिया कि जनपद मे और ब्रांचों को खोलने हेतु प्रयास कर रही हू। उन्होंने ने कहा की हमारे बैंक में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है। अगर लोन की बात करें तो सभी शर्तो को पूरा करने वाले ग्राहकों को दो मिनट में लोन दे दिया जाता है।इस अवसर पर यूको बैंक के अंकित श्रीवास्तव, अभिजीत श्रीवास्तव तथा स्वास्थ्य सिविर में मौजूद डॉक्टर प्रेमदयाल , विनोद कुमार गुप्ता सहित दर्जनों ग्राहक मौजूद रहे।

## राजस्व ग्रामों के सीमा स्तम्भों के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था नामित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि उप जिलाधिकारियों द्वारा स्थलीय सत्यापन में जनपद के राजस्व ग्रामों की सीमा पर गायब व क्षतिग्रस्त पाये गये 1318 सीमा स्तम्भों (सिहद्दो) के निर्माण हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, बहराइच व सिडको, बहराइच को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। सीआरओ श्री सिंह ने बताया कि नामित कार्यदायी संस्था द्वारा तहसील पयागपुर में 119 सीमा स्तम्भ, तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 182 सीमा स्तम्भ, तहसील महसी में 325 सीमा स्तम्भ, तहसील सदर बहराइच में 215 सीमा स्तम्भ, तहसील नानपारा में 192 सीमा स्तम्भ तथा तहसील के 1318 सरगंज में 285 नये सीमा स्तम्भों का निर्माण किया जायेगा। श्री सिंह ने बताया कि सीमा स्तम्भों के स्थापित हो जाने पर पैमाइश सम्बन्धी कार्यों में सुगमता होगी।

# एलबीएस डिग्री कालेज में 78 विद्यार्थियों के हुए कैंपस सेलेक्शन

- चयनित विद्यार्थियों को अप्रेंटिस के दौरान भत्तों के साथ 15000/ मासिक व एक वर्ष बाद भत्तों के अतिरिक्त मिलेगा 30 हजार मासिक वेतन




**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

शिक्षा के साथ साथ छात्र और छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में जुबिलेंट फ़ूड वर्क्स कपंनी द्वारा लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज गोंडा के विज्ञान परिसर में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। विज्ञान परिसर प्रभारी प्रो. जितेंद्र सिंह ने बताया कि इनोवेशन कम्स जॉइंटली( आई.सी.जे.) व महाविद्यालय के बीच हुए अनुबंध के आधार पर आई.सी.जे.द्वारा कौशल विकास मिशन के अंतर्गत अक्टूबर माह में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु पंद्रह दिवसीय ट्रेनिंग उपलब्ध करवाई गई थी। इसी क्रम में आई सी जे ने जुबिलेंट फ़ूड वर्क्स बंगलौर की कंपनी द्वारा महाविद्यालय के स्नातक/ परास्नातक उत्तीर्ण या 2025 में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के कंपनी द्वारा इंटरव्यू लिए गए , जिसमे पहले से ट्रेनिंग प्राप्त किए हुए 257 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया । जिनमे से 78 विद्यार्थियों को चयनित किया गया। कंपनी के लिए चयनित इन विद्यार्थियों की एक वर्ष की अपरेंटिस बंगलौर में होगी। अप्रेंटिस के दौरान इन्हें अन्य भत्तों के साथ 15000/ मासिक व एक वर्ष बाद भत्तों के अतिरिक्त 30000/मासिक वेतन दिया जाएगा। प्रो.सिंह ने बताया कि जुबिलेंट फ़ूड वर्क्स लिमिटेड भारत , बांग्लादेश,नेपाल व श्रीलंका में डोमिनोज पिज्जा की मास्टर फ्रेंचाइजी है इसके समूह में टर्की , अज़रबैजान व जार्जिया के लगभग 3000 से ज़्यादा आउटलेट हैं कंपनी के पास डोमिनोज़,पोपेयज,और डंकिंन सहित तीन ग्लोबल ब्रांड तथा इंडो चायनीज़ क्यू एस आर तथा कैफ़े ब्रांड की फ्रेंचाइजी है।

इस अवसर पर जुबिलेंट फ़ूड वर्क्स के एच आर,अश्वनी जायसवाल , दुर्गेश प्रताप , आई सी जे के कारपोरेट रिलेशन मैनेजर अतुल कुमार पांडे , पार्टनरशिप हेड करण श्रीवास्तव ,कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव को सफल बनाने में महाविद्यालय के बी बी ए विभाग प्रभारी व आयोजन सचिव डॉ शैलजा सिंह , डॉ स्मृति शिशिर , बी सी ए प्रभारी ई.अभय द्विवेदी , संदीप शाही, डॉ स्मिता सिंह ,विजय सिंह, राम रूप ,रामबचन , संजय का योगदान रहा।

# ब्राह्मण वेलफेयर महासभा ने इलाज के लिए किया आर्थिक सहयोग



**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत महेशरा पुरैना निवासी अजय कुमार पाण्डेय जिनकी शुक्रवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में दायां हाथ शरीर से पूरी तरह कट कर अलग हो गया था। गोण्डा के एक निजी अस्पताल में जहाँ अजय पाण्डेय का इलाज चल रहा है। ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र की अगुवाई में परिवार से मिलकर महासभा की तरफ से उनकी पत्नी को सभी के सहयोग से एकत्र 25076 रुपये की सहयोग राशि सौंपी। साथ ही महासभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष शरद शुक्ल ने उनके तीन बच्चों के पढ़ाई की जिम्मेदारी ली। प्रदेश अध्यक्ष ने भविष्य में परिवार की हर प्रकार से सहयोग करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री रवि मोहन शुक्ल, जिलाध्यक्ष पवन पाण्डेय श्भाऊ, जिला संगठन मंत्री चंदन शुक्ल जिला कार्यसमिति सदस्य मुकुंद प्रसाद शुक्ल प्रधान मुंडेरवा प्रदीप मिश्र सहित उनके कई रिश्तेदार व परिवारी जन मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार की शिकायत पर मंडलायुक्त ने गठित की जांच समिति

- सभापति की शिकायत पर आयुक्त ने गठित की जांच कमेटी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

बाढ़ कार्यों में हुए कथित भ्रष्टाचार और अधोमानक कार्यों को लेकर उन्नाव के सदर विधायक पंकज गुप्ता विधायक विधान सभा क्षेत्र 165, सदर उन्नाव, सभापति (प्रदेश के स्थनीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों की जाँच सम्बन्धी समिति) के आयुक्त देवीपाटन मण्डल को भेजे गये पत्र पर मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील ने तत्काल कार्यवाही करते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर दिया है।



सभापति ने मण्डलायुक्त को दिये अपने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गण्डक बाढ़ मंडल बस्ती के अधीक्षण अभियंता सुरेन्द्र मोहन वर्मा ने ठेकेदारों से मिलीभगत करके बाढ़ के अधोमानक कार्य करवाए, जिसके कारण सरकारी धन की भारी बर्बादी हुई। विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि अभियंता ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ठेकेदारों से अनुचित तरीके से कमीशन लेकर राजकीय धन का गबन किया तथा अपने अधीनस्थ खण्डों में कर्मचारियों से साथ गांठ करके मासिक वेतन में घपला करके धन का बंदरबांट किया है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि विक्रमजोत ब्लॉक के अंतर्गत विक्रमजोत तटबंध की सुरक्षा हेतु बनाए गए स्पर और लॉन्चिंग एप्रन में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे कई जगहों पर यह कार्य क्षतिग्रस्त हो चुका है। विधायक द्वारा आरोप लगाया गया है कि अधीक्षण अभियंता ने एग्रीमेंट करते समय संबंधित ठेकेदार से मोटी रकम वसूली है अभियंता इस ठेकेदार के साथ मिलकर पार्टनरशिप में ठेकेदारी करते हैं जिस ठेकेदार ने बाढ़ जैसे संवेदनशील कार्य को घटिया क्वालिटी का कराकर सरकारी धन की वृहद स्तर पर लूट की है। अधीक्षण अभियंता ने अपने संवैधानिक पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी धन की बंदरबाट की है। भ्रष्टाचार की शिकायत पर मंडलायुक्त द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी में संयुक्त विकास आयुक्त देवीपाटन मंडल, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमंडल देवीपाटन मंडल, प्राविधिक परीक्षक प्राविधिक संपरीक्षा प्रकोष्ठ देवीपाटन मंडल को सदस्य नामित किया गया है। समिति सूक्ष्म और गहन जांच कर 15 दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। शिकायत में सुरेन्द्र मोहन वर्मा के पास कई बंगलों और महंगी गाड़ियों के मालिक होने का भी आरोप लगाया गया है, जो कथित रूप से भ्रष्टाचार के माध्यम से अर्जित की गई संपत्ति बताई गई है। इस प्रकरण की भी गहन जांच कराए जाने की मांग की गई है।

# ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी निलम्बित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत ग्राम प्रधानों के विरूद्ध की गई शिकायत के सम्बन्ध में प्राप्त जांच आख्या की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पाया गया कि ग्राम पंचायत अधिकारी सन्दीप कुमार त्रिपाठी द्वारा जांच अधिकारी को अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।

इस स्थिति का कड़ा संज्ञान लेते हुए डीएम के निर्देश पर प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी सन्दीप कुमार त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। इसी प्रकार मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा की गई सुनवाई में विकास खण्ड फख़रपुर की ग्राम पंचायत.रौन्दोपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण के दिशा निर्देश के बहिर्वेशन प्रक्रिया के चरण 2 के बिन्दु संख्या 3 व 11 अन्तर्गत रूपये 50 हजार अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्डधारकों एवं ऐसे परिवार जिनके पास 2.5 एकड या उससे अधिक सिंचित भूमि हो और कम से कम एक सिंचाई उपकरण हो की अनदेखी कर 02 अपात्र लाभार्थियों क्रमशः ज्ञानवती पत्नी रमाशंकर एवं उमा देवी पत्नी चन्द्र प्रकाश को आवसीय योजना से लाभान्वित किये जाने पर प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर ग्राम विकास अधिकारी रीतापाल को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए आवास के लिए दी गई धनराशि वसूली कराये जाने के लिए खण्ड विकास अधिकारी फख़रपुर को निर्देशित किया गया है।

# वाहन ने बाइक मे मारी टक्कर, दो भाईयों की मौत



## एयरपोर्ट और एसएससी जीडी में आया था नाम

सड़क हादसे में दम तोड़ने वाले निखिल शुक्ला उर्फवेद काफी होनहार था। मृतक परिवार के संतोष शुक्ला ने बताया कि वह बी फार्मा अंतिम वर्ष बहराइच में पढ़ाई कर रहा था। इसके अलावा उसका नाम एसएससी जीडी में आया था। इसके अलावा अमौसी एयरपोर्ट में नौकरी के लिए इंटरव्यू के लिए लेटर आया था। जिसके लिए उसे जाना था। लेकिन हादसे में मौत से प्रतिभा गुम हो गई। परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

- नाना के घर से वापस गांव आ रहे दोनों युवक
- तहरीर मिलने पर दर्ज किया जायेगा केस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

पयागपुर थाना क्षेत्र में बाइक से नाना के घर से वापस गांव आ रहे युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें मेडिकल छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि ममेरे भाई की लखनऊ ले जाते समय कैसरगंज में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।दरअसल शुक्रवार देर शाम पयागपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुरवा के पास बाइक सवार शिवशंकर पुरवा निवासी निखिल उर्फ वेद शुक्ला ;19 व ममेरे भाई श्रावस्ती जिले के दामू पुरवा सतरही सोनवा निवासी सूरज पुत्र अजय पाण्डेय ननिहाल में गए थे।

शुक्रवार रात को ममेरे भाई बाइक से वापस गांव आ रहे थे। रात नौ बजे के आसपास बाइक को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां इलाज के दौरान निखिल उर्फवेद शुक्ला की मौत हो गई। जबकि सूरज की हालत गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के दौरान हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसको ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। एंबुलेंस से लखनऊ ले जाते समय रास्ते में सूरज की भी मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

# बस और ट्रक की भिड़ंत में 11 यात्री हुए घायल

- दिल्ली से नेपाल जा रही थी मैत्री बस, अस्पताल भेजे गए सभी घायल




**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर जालिमनगर चौकी के पास शनिवार सुबह नेपाल मैत्री बस और ट्रक में आमने सामने की टक्कर हो गई।

हादसे में बस में सवार 11 यात्री घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोतीपुर थाना अंतर्गत बहराइच लखीमपुर सीमा पर स्थित जालिम नगर चौकी के पास शनिवार सुबह लगभग 6:30 बजे दिल्ली से चलकर नेपाल के तक जाने वाली नेपाल भारत मैत्री बस सेवा की भिड़ंत ट्रक से हो गई। जिसके चलते बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार 11 यात्री घायल हो गए। मोतीपुर थाने की पुलिस द्वारा घायलों को एंबुलेंस के पायलट मनदीप सिंह और एमटी अमित मौर्य द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर लाकर भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक आरके पांडेय ने बताया कि इस हादसे में सुनीता पत्नी काली राम, धर्म बहादुर पुत्र धन बहादुर बालिका पत्नी बल बहादुर डांग नेपाल सहित 11 लोगो को चोटे आई हैं। सभी यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। हादसा कोहरे के चलते हुआ है।

# भारत-नेपाल सीमा से 35 लाख की स्मैक बरामद



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में भारत नेपाल सीमा के रूपईडीहा चेक पोस्ट पर एसएसबी और रुपईडीहा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नेपाल से मादक पदार्थ तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर संयुक्त टीम ने तस्कर के पास से करीब 35 लख रुपए कीमत की स्मैक बरामद की है। रुपईडीहा थाना प्रभारी दद्दन सिंह और एसएसबी के एएसआई विपल्लव कुमार घोष को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति नेपाल के रास्ते मादक पदार्थ लेकर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। सूचना पर अपराध निरीक्षक रंजीत यादव आरक्षी संदीप चौहान, आरक्षी अभिषेक सिंह और एसएसबी के जवानों ने पिलर संख्या 651/11 के पास घेराबंदी की ओर तस्कर को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान उसके पास से 70 ग्राम स्मैक बरामद हुई जिसकी अनुमानित कीमत 35 लख रुपए बताई जा रही है गिरफ्तार तस्कर रामसागर निवासी दुविधापुर थाना रूपईडीहा ने मादक पदार्थ भारतीय सीमा में बेचने के लिए लाया था। रुपईडीहा थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है जो मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण पाने में मददगार साबित होगी।

## गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकली शोभायात्रा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले में सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर से पहले शनिवार को शहर में सिख समुदाय द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो श्रद्धा और उत्साह का प्रतीक रही। पीपल तिराहे पर स्थित गुरुद्वारा से शुरू होकर यह यात्रा घंटाघर छावनी चौराहा, अग्रसेन चौक और गुरु नानक चौक होते हुए गुरुद्वारा में संपन्न हुई। शोभा यात्रा में पंच प्यारे परंपरागत वेशभूषा में कृपाण लेकर आगे आगे चल रहे थे जो पूरी यात्रा का मुख्य आकर्षण बने। भव्य तरीके से सजाई गई गुरु की पालकी श्रद्धालुओं का ध्यान खींचती रहीए जबकि यात्रा मार्ग पर फूलों की वर्षा ने वातावरण को और अधिक पवित्र बना दिया।

# महाकुंभ को लेकर प्रशासन अलर्ट, इंडो-नेपाल सीमा पर बढ़ी चौकसी



## स्थानीय लोगों की जिम्मेदारी

प्रशासन ने महाकुंभ के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी और तुरंत कार्रवाई की जाएगी। महाकुंभ को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन हर संभव कदम उठा रहा है।

- बहराइच और श्रावस्ती एसपी ने किया गश्त

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी महाकुंभ के मद्देनजर भारत नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रशासन ने सीमा से लगे संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए चौकसी बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि देखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। शुक्रवार को देर रात पुलिस अधीक्षक बहराइच रामनयन सिंह और श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने सीमा पर एसएसबी जवानों के साथ नवाबगंज और जमुनहा इलाकों में संयुक्त गश्त की। इस दौरान उन्होंने सीमा से लगे संवेदनशील इलाकों का भ्रमण किया और स्थानीय लोगों से बातचीत कर सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। गश्त के दौरान सीमा क्षेत्र में आने जाने वाले व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की गई। अधिकारियों ने हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने और सीमा सुरक्षा को मजबूत बनाए रखने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने कहा कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन को देखते हुए सीमा पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि यदि उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आए तो तत्काल पुलिस या एसएसबी को सूचित करें।उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि स्थानीय पुलिस और सीमा पर तैनात एसएसबी के जवान पूरी मुस्तैदी से किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए तैयार हैं। इस संयुक्त गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी एसएसबी के अधिकारी और अन्य सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहे। उन्होंने सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और जवानों का उत्साह वर्धन किया।

# डलमऊ प्रशासन की दिखी दरियादिली

- एसडीएम और तहसीलदार ने बांटें कंबल
- जरूरतमंदों की हरसंभव मदद का आश्वासन दिया

**बृजेंद्र जायसवाल**



**डलमऊ, रायबरेली।** हाड़ कपाउ शीतलहर के चलते लोगों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए उपजिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने गरीब असहाय बुजुर्गों एवं महिलाओं को कंबल वितरित किए। अत्याधिक ठंड व शीतलहर से बचने के लिए कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण कराया जा रहा है। शनिवार को एसडीएम डलमऊ अभिषेक वर्मा व तहसीलदार उमेश चंद्र ने डलमऊ तहसील क्षेत्र के जोहवा नटकी गांव में पहुंचकर प्रधानपति हनुमान की मौजूदगी में जरूरतमंदों को गर्म कंबल बांटे। जिसे पाकर सर्दी से मुरझाए गरीबों के चेहरे खिल उठे और राहत के भाव नजर आए। सर्दी का प्रकोप इन दिनों लोगों को झेलना पड़ रहा है दिन में भी बादल छाए रहने से लोगों को सर्दी से बचाव नहीं हो पा रहा है जबकि रातों में हालत और भी ज्यादा खराब होते जा रहे हैं ऐसे में ठंड बढ़ने पर लोगों को सर्दी से बचाव के लिए डलमऊ तहसील प्रशासन ने लेखपालों के माध्यम से जरूरतमंदों की सूची तैयार कराई है। ताकि लोगों को कंबल दिलाए जा सकें। एसडीएम अभिषेक वर्मा ने बताया कि गरीबों को ठंड से बचाने के लिए तहसील प्रशासन प्रयासरत हैं। इस मौके पर लेखपाल राजेंद्र तिवारी, कानूनगो राजेंद्र प्रजापति, प्रधानपति हनुमान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**खराब मौसम में सावधानी बरतने की सलाहः एसडीएम-** खराब मौसम और ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए तहसील प्रशासन ने गरीब और बेघर लोगों की मदद के लिए कदम उठाए हैं। तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि जरूरतमंदों की हर संभव मदद की जाएगी।

**जरूरतमंदों की सूचना दें: उमेश चंद्र-** लगातार चल रहे शीतलहर को देखते हुए तहसील प्रशासन क्षेत्र में पैनी नजर बनाए हुए है तहसीलदार उमेशचंद्र के द्वारा अपील की गई है कि ऐसे जरूरतमंद व्यक्ति किसी के भी संज्ञान में आए तो तुरंत तहसील प्रशासन को सूचित करें प्रशासन की पूरी मदद करेगा तहसील प्रशासन के द्वारा बांटे गए वस्त्र से जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है।

# लालगंज तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

- समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं अधिकारीः डीएम

**लालगंज समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील लालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 135 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से सात प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लाखों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने बाबा से मांगा आशीर्वाद



**महराजगंज, रायबरेली।** गंगापुर कूटी बाबा खिसियावन दास खेखरुवा पर पिछले एक सप्ताह से धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होता आ रहा है। आज दिनांक 4 जनवरी दिन शनिवार को विशाल भंडारे के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का समापन हुआ लगभग 300 वर्ष पुरानी यह कुटी क्षेत्र में लोगों के बीच आस्था का मुख्य केंद्र है और इस कूटी से हजारों नहीं लाखों भक्त जुड़े हुए हैं बाबा घिसियावन दास से चली आ रही या परंपरा अब बाबा रामबचन दास तक पहुंची है। जिसमें एक सप्ताह पूर्व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया वहीं प्रत्येक दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी होता रहा साथ-साथ आज समापन के दिन धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ एवं हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने जहां महात्माओं का आशीर्वाद लिया तो वहीं भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर अपने आप को पुण्य का भागीदार बनाया।

## कुल्हाड़ी के हमले से युवक घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुदौली गांव में शनिवार सुबह कूड़े को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष ने युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें युवक गंभीर घायल हो गया। सुदौली गांव के रहने वाले मनीष पुत्र बजरंगी ने शनिवार सुबह कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शनिवार सुबह उनके दरवाजे पड़ोसी सूरज पुत्र मिश्रीलाल, मिश्रीलाल पुत्र बैजनाथ, बुध्धन पत्नी मिश्रीलाल कूड़ा लगा रहे थे, तो उन्होंने इसका विरोध किया। तभी प्रतिपक्षियों उसे लाठी डंडे से पीटने लगे। उसके ऊपर कुल्हाड़ी से भी हमला किया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे पारिवारिक दिनों के द्वारा थाने पहुंचाया गया जहां उसने लिखित रूप में शिकायत दर्ज कराई है, उसके उपरांत इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# नगर पंचायत द्वारा 70 से अधिक जलवाए गए अलाव

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



महराजगंज नगर पंचायत द्वारा नगर भर में लगभग 70 से अधिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू और ईओ राम आशीष वर्मा द्वारा किया गया है जिसमें कस्बे के सभी वार्डो में आजादनगर, आर्यनगर, गांधीनगर शांतिनगर, वारसीनगर, रूद्रनगर, प्रकाशनगर, पैगंबरनगर, आनंदनगर, जाकिर हुसैन नगर में तीन-तीन अलाव हर वार्ड में जल रहे हैं तो वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महिला अस्पताल पुलिस चौकी तीनों स्टैंड तहसील गौशाला मंदिर दानेश्वर जसवंतरी देवी मंदिर मदरसा सहित नगर भर में 70 से अधिक स्थानों पर अलाव जल रहे हैं।

**क्या कहते हैं ईओ राम आशीष वर्माः** नगर भर में अलाव की व्यवस्था की गई है एवं नगर पंचायत में भी रैन बसेरा की व्यवस्था है कोई भी आकर रैन बसेरा में रह सकता है साथ-साथ नगर में अलाव जल रहे हैं ठंड से बचाव के सारे इंतजाम किए गए है।

**क्या कहते हैं अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहूः** नगर की जनता हमारे घर की जनता है अधिक से अधिक अलाव जलवाए गए हैं अगर किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दिक्कत हो रही है तो हर तरह की समस्या से निजात नगर पंचायत महाराजगंज द्वारा दिलाया जाएगा।

# एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई को लेकर जिले भर में विरोध-प्रदर्शन

- अन्याय बर्दाश्त नहीं: लेखपाल संघ

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



रायबरेली में भ्रष्टाचार की शिकायत पर कार्रवाई करने वाली एंटी करप्शन की टीम का विरोध होता दिखाई दिया। एंटी करप्शन की कार्यशैली से नाराज लेखपाल व कानून को संघ ने प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर किया धरना प्रर्दशन आपको बता दें कि दो जनवरी को गाजीपुर जिले के तहसील कासिमाबाद में कार्यरत लेखपाल श्यामसुन्दर को एंटी करप्शन टीम द्वारा गलत ढंग से गिरफ्तार किया। आरोप है कि ग्राम पिपनार में पैमाइश कार्य के दौरान किसी व्यक्ति ने उनकी जेब में जबरन पैसा डालकर उन्हें फंसाया। इसके तुरंत बाद एंटी करप्शन टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन की कार्य शैली से नाराज लेखपाल संघ प्रदेश संगठन के आवाहन पर जिले के सभी 6 तहसीलों में धरना प्रदर्शन करने के साथ ही जमकर नारेबाजी की वहीं संघ ने इस घटना को द्वेषपूर्ण बताते हुए उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। लेखपाल व कानून गो की हड़ताल के चलते साल के पहले शनिवार को सभी तहसीलों में तहसील दिवस प्रभावित रहा और फरियादियों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

## खबरें एक नजर में

### निर्बानी बड़ा अखाड़ा रामबाग खरहरा में हुआ विशाल भंडारा

**महराजगंज रायबरेली।** निर्बानी बड़ा अखाड़ा रामबाग खरहरा धाम पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद। महराजगंज तहसील क्षेत्र के निर्बानी बड़ा अखाड़ा श्री राम बाग खरहरा धाम के महान संत तपस्वी महाराज के कृपा पात्र साकेत निवासी श्री 108 श्री महंत रामगुलाम दास महाराज के परम शिष्य श्री श्री महंत108 अश्वनी कुमार दास महाराज जैसे महंतों के लिए यह आश्रम जाना जाता है। वर्तमान समय में हरीलाल दास एवं सिया रामदास महाराज की देखरेख में आश्रम संचालित होता है आज शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। अवधेश शुक्ला विपिन भारती पवन सेठ धर्मराज रामकुमार यादव प्रिन्सू वैश्य भोले आशीष मंगलम रामदेव यादव विनय यादव अंशु तेजभान यादव राम सजीवन यादव सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### 34 में केवल चार का हुआ निपटारा, तहसील दिवस संपन्न

**महराजगंज, रायबरेली।** एडीएम राजस्व की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस तहसील दिवस में कुल 34 शिकायतें आई राजस्व विभाग की 13 शिकायतें पुलिस विभाग की 11 शिकायतें विकास से संबंधित चार शिकायत अन्य 6 शिकायती पत्र तहसील दिवस पर आये जिसमें चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायतों को भी जल्द से जल्द निपटाया जाएगा ऐसा मौजूद अधिकारियों द्वारा कहा गया । इस मौके पर एसडीएम सचिन यादव तहसीलदार ध्रुव नारायण यादव सीओ यदुवेंद्र पाल बीडीओ वर्षा सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### नाला निर्माण का कार्य शुरू



**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** नगर पंचायत डलमऊ के विकास एवं जनता की सुविधा के लिए डलमऊ कस्बे के शंकर नगर मोहल्ले में जल निकासी की व्यवस्था के लिए नाला का निर्माण कराया जा रहा है जल निकासी एवं जल भराव की समस्या को देखते हुए पूर्व में हुए बोर्ड बैठक में नाला निर्माण के लिए प्रस्ताव रखा गया था जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया था शनिवार को नगर पंचायत डलमऊ द्वारा नाले के निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया ठेकेदार मनोज कुमार पांडे ने बताया कि मुराई बाग मुख्य चौराहे से डलमऊ रोड पड़वा नाला तक बनने वाले नाले का निर्माण जल निकासी योजना के तहत किया जा रहा है जिसकी अनुमानित लागत लगभग 25 लख रुपए है नाला निर्माण के बाद सड़क की पटरी पर इंटरलॉकिंग का निर्माण कराया जाएगा जिसकी अनुमानित लागत लगभग 3.75 लाख रुपए होगी नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़ ने बताया कि वह डलमऊ के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तात्पर्य रहे हैं। वह नगर के विकास के लिए विकास योजनाएं लाते रहेंगे जिससे डलमऊ विकास के पथ पर अग्रसर रहे जनता की सुविधा के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे

### ठंड एवं शीतलहर से बचाव के दृष्टिगत 15 जनवरी तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का अवकाश घोषित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** शीतलहरी एवं ठंड से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों (03 वर्ष से 06 वर्ष) का दिनांक 15 जनवरी 2025 तक के लिए अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि अवकाश की अवधि में सभी आंगनबाड़ी केंद्र खुले रहेंगे तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित रहकर समस्त विभागीय कार्यों का निष्पादन किया जाएगा।

### कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला ग्राम विकास अधिकारी का शव, पुलिस जांच में जुटी

**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** ब्लॉक श्रीदत्तगंज में तैनात ग्राम विकास अधिकारी सतीश चंद्र मिश्रा का शव शनिवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में उनके किराए के कमरे में पाया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है। सतीश चंद्र मिश्रा, पुत्र रमाशंकर मिश्रा, जौनपुर जिले के निवासी थे और लगभग तीन वर्षों से बलरामपुर के स्वाभिमान पुरवा मोहल्ले में संजय कुमार सिंह के मकान में किराए पर रह रहे थे। शनिवार रात लगभग 2:00 बजे उनकी पत्नी मकान मालिक संजय कुमार सिंह के पास पहुंचीं और बताया कि वह पिछले तीन दिनों से सतीश चंद्र से संपर्क करने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन उनका फोन नहीं लग रहा है। जब मकान मालिक ने कमरे की जांच की, तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। उन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और सतीश चंद्र मिश्रा को बेड के नीचे मृत पाया। आसपास के लोगों के अनुसार, सतीश चंद्र मिश्रा अधिक शराब का सेवन करते थे, और उनकी मृत्यु का कारण अत्यधिक शराब का सेवन हो सकता है। हालांकि, वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय, बलरामपुर भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा। ग्राम विकास अधिकारी की अचानक हुई मृत्यु से उनके परिवार और सहकर्मियों में शोक की लहर है। घटना को लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

# प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गैसड़ी मय पुलिस व एसएसबी जवानों ने इंडो-नेपाल बॉर्डर पर किया पैदल गस्त

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



चार जनवरी को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली गैसड़ी बलजीत राव मय पुलिस बल द्वारा एसएसबी के साथ जनपद में शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखनें हेतु इंडो नेपाल बॉर्डर पर पैदल गस्त किया गया। इस दौरान इंडो नेपाल बॉर्डर से सटे गाँवों तथा बार्डर एरिया, जंगल की पगडंडियों पर निरन्तर पैदल गस्त कर दौरान संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व संम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी, मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें के बारें मे बताया जा रहा है, जिससे पुलिस द्वारा इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिकतत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। पुलिस टीम द्वारा स्स्क्ब के साथ पैदल गस्त के दौरान नेपाल बॉर्डर से सटे गांव का भ्रमण कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

# दो दिवसीय खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजित

**सलोन, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक विभाग के तत्वधान में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग अंतर्गत दो दिवसीय खंड स्तरीय ग्रामीण युवक महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक मुख्यालय के खेल मैदान में जूनियर सीनियर वर्ग के छात्रों में किया गया।मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह एवं खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर में रजा प्रथम स्थान पर रहे एवं बालिका वर्ग में नित्या शुक्ला प्रथम स्थान पर रही।वहीं 800 मी.बालक वर्ग में सागर प्रथम स्थान एवं बालिका वर्ग में साक्षी प्रथम स्थान पर रही।कबड्डी जूनियर वर्ग बालिका वर्ग में जानकी देवी पब्लिक स्कूल विजेता रही वहीं कस्तूरबा गांधी विद्यालय छतोह विजेता रही।जूनियर वर्ग में बालक वर्ग में 200 मी शशि प्रथम स्थान एवं बालिका वर्ग में सोनम प्रथम स्थान पर रही 400 मीटर में महिला वर्ग में उमा यादव प्रथम स्थान पर रही। लंबीकूद बालक वर्ग में विवेक प्रथम स्थान पर रहे बालिका वर्ग में सोनम प्रथम स्थान पर रही। इस मौके पर बेसिक शिक्षा विभाग अधिकारी खेलकूद में निर्णायक भूमिका निभाई।

# मरीजों के कंबल स्टोर में बंद, पुरुष वार्ड में हीटर नहीं

- महिला वार्ड में लगा दिखा एक ही हीटर, अस्पताल परिसर में बुझा अलाव ही बना तीमारदारों का सहारा

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**





ठंड में लगातार वृद्धि हो रही है। गलन ने लोगों का अलाव सेकने को मजबूर कर दिया है। लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लानगर में मरीजों के लिए ठंड से बचाव के नाम पर खाना पूर्ति की गई है। मरीजों को ओढने के लिए कंबल मिलता है । वार्ड में हीटर का भी व्यवस्था नहीं दिखा किसी भी वार्ड मे ब्लोर व हीटर व अलाव की व्स्था नही है। दोपहर 12:00 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादुल्लाहनगर में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं थी। लोग सेकने के लिए परेशान दिखे। लेकिन सर्दी से कोई राहत नहीं मिल पा रही थी। महिला वार्ड में एक महिला ओबरीडीह माहिया सिद्धीकी भर्ती थी। वहां सर्दी से बचने के लिए हीटर अथवा ब्लोअर आज की कोई व्यवस्था नहीं दिखी।जबकि महिला वार्ड में एक महिलाएं भर्ती थी।जहां पर हीटर की व्यवस्था नही है। मरीज के तमीरदार ने बताया कि वार्ड के बेड पर चद्दर बिछाया गया है। लेकिन एक पर गंदा चादर विछा था। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि कंबल है लेकिन हीटर नहीं है। कंचन देवी बुखार व करिश्मा होठ मे फुनसी का इलाज कराने आई ने बताया कि ठंड बहुत है लेकिन दिन में अलाव नही जलाया गया है। वह बाइक से आई है। इसलिए ठंडी बहुत लगा रही हैअलाव के पास सोचा था कि ठंड से थोड़ा राहत मिल जाएगी अलावा नही होने के कारण इसका लाभ नहीं मिल पाया। वही भर्ती उजमा आठ वर्ष का इलाज कर मुक्त किया जा रहा था। अब्दुल्लह, फूल बानों खासी बुखार व ठंड लग जाने के कारण दिक्कत हुआ वह अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। बभनपुरवा निवासी बेचन सीने मे दर्द हो रहा था वह इलाज कराने के डाक्टर विजय भान को दिखाने के लिए प्रतीक्षा कर रहे थे। चिकित्सक विजभान ने बताया कि इमेरजेसी तत्काल ओपीडी की जाती है वही नार्मल की नम्बर से इलाज की जाती है। वार्ड व्याय दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि 12:20 तक 71 मरीजों का आज पंजीयन है। डाक्टर गिरधर चौहान अधीक्षक ने बताया कि तत्काल ही चार्ज मिला है। सुमुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे जो कमिया होगी जाँच कर सही कराया जाएगा।


# पुलिस प्रशासन व नगर पंचायत संयुक्त रूप से चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत महाकुंभ मेले को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉक्टर यशवीर सिंह के निर्देशानुसार एवं थाना प्रभारी बछरावां ओमप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में कस्बे के लालगंज रोड पर स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं नगर पंचायत ने संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान मार्ग किनारे लगी फलो की दुकानों, एवं अन्य पटरी दुकानदारों को नगर पंचायत द्वारा सूचना देते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा हटवाया गया। विदित हो कि कस्बे में स्थित रफी अहमद किदवई पार्क में कुंभ मेले के दृष्टिगत अस्थाई रैन बसेरा एवं अस्थाई बस स्टॉप बनाना है जिसके फलस्वरूप स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं नगर पंचायत द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को यह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

# जेनस इनोवेशन संस्था के अध्यक्ष द्वारा एम एल के महाविद्यालय में बच्चों को किया गया सम्मानित








**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कालेज बलरामपुर ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में संस्था द्वारा प्रतिभावान छात्र छात्राओं, तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों श्रेष्ठ कार्य करने वाले लोगों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए मैने जेनस द्वारा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवम् अन्य क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यों की सराहना की तथा सभी का आह्वान किया कि देवी पाटन मण्डल को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने में अपना अपना योगदान दें। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक डॉ पंकज श्रीवास्तव ने जेनस द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की चर्चा की। इस अवसर पर अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल कॉलेज बलरामपुर के नवागत प्राचार्य डॉ उमेश चतुर्वेदी एवम् कार्यक्रम की अध्यक्षता कर डॉ जेपी पाण्डेय तथा डॉ राजीव रंजन श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे।

# 43 मामलों में से 3 का निस्तारण, लेखपालों ने उठाई समस्याएं

**जिलास्तरीय समाधान दिवस**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



तहसील सभागार में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस समाधान दिवस में कुल 43 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए, जिनमें से 03 मामलों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों की टीम गठित की गई, जो स्थल पर निरीक्षण के बाद मामलों को निष्पक्ष और गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारित करेगी।

समाधान दिवस के दौरान लेखपाल संघ के अध्यक्ष मदन मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में लेखपालों ने अपनी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि लेखपाल, राजस्व विभाग का एक महत्वपूर्ण फील्ड कर्मचारी है, जिसका सीधा संबंध जनता से होता है। भूमि विवाद समेत कई समस्याओं का समाधान लेखपाल के पास ही होता है। दो पक्षों के विवाद के निस्तारण के दौरान एक पक्ष का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है। इसके अलावा, पंचायत विकास योजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराने और अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया के दौरान भी लेखपालों को समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे मामलों में प्रभावित व्यक्ति अक्सर लेखपालों से दुश्मनी निभाते हैं और उन्हें क्षेत्रीय राजनीति में घसीटने की कोशिश करते हैं। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि विधि विरुद्ध कार्य करने में असफल होने या अन्य कारणों से असंतुष्ट व्यक्ति लेखपालों के खिलाफ साजिश कर एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़वाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। लेखपालों ने इन समस्याओं पर रोक लगाने की मांग की। इससे पहले, लेखपालों ने अपनी मांगों को लेकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन भी किया था। समाधान दिवस पर कुल 43 मामलों की सुनवाई की गई। जिनमें से 03 का निस्तारण तत्काल किया गया। बाकी मामलों का निस्तारण स्थलीय निरीक्षण के बाद किया जाएगा, इसके लिए संबंधित मातहतों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार, सीओ डॉ. जितेंद्र कुमार, तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति समेत अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## जहरीला भूजल

गहरित क्रांति के अगुआ बनकर देश के खाद्यान्न संकट दूर करने वाले राज्य पंजाब व हरियाणा का भूजल चिंताजनक स्तर तक दूषित पाया गया है। धान व अन्य फसलों की बंपर पैदावार के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन करने वाले इन राज्यों का भूजल का स्तर उस गहराई तक जा पहुंचा है, जहां उसमें यूरेनियम जैसे घातक पदार्थों की मात्रा गंभीर स्थिति तक जा पहुंची है। पूरे देश में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिये लिये गए बीस फीसदी सैंपल निर्धारित कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। इन सैंपलों में नाइट्रेट का स्तर सीमा से अधिक मिला है। पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय भूजल बोर्ड की सालाना रिपोर्ट गंभीर चिंताओं का खुलासा करती है। जहां अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, जम्मू- कश्मीर आदि के सौ फीसदी सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों पर खरे उतरे हैं, वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. तथा आंध्र प्रदेश में पानी बड़े पैमाने पर प्रदूषित मिला है। देश में कुल 15,259 भूजल निगरानी स्थानों का चयन पानी की क्वालिटी नापने के लिये किया गया। मगर पंजाब के पानी के नमूने में मिले घातक तत्व चिंता बढ़ाने वाले हैं। पंजाब के भूजल में तीस फीसदी सैंपलों में अधिक यूरेनियम पाया गया। फिक्र की बात यह है कि पंजाब व राजस्थान यूरेनियम प्रदूषण के मद्देनजर हॉट स्पॉट हैं। दरअसल, यूरेनियम के अधिक प्रदूषण का मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जो भूजल स्रोत अधिक यूरेनियम वाले क्लस्टर हैं, वे अति दोहित, गंभीर व अर्धगंभीर श्रेणी वाले इलाके हैं। वास्तव में भूजल के अंधाधुंध दोहन से पानी का स्तर उस स्थान तक जा पहुंचा है, जहां पानी में यूरेनियम अधिक है। जो कि कैंसर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में पंजाब के कई इलाकों में कैंसर के अधिक मामले सामने आए हैं। यहां तक कि पंजाब से राजस्थान रोगियों को इलाज के लिए ले जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन तक कहा जाता रहा है। निश्चित रूप से केंद्रीय भूजल बोर्ड की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हमने मुनाफा बढ़ाने के लिये जिस भूजल का अंधाधुंध दोहन किया है वह अब अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। निश्चित रूप ने कुदरत ने हमें आवश्यकता का जल तो दिया है लेकिन उसके अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं दी है। पंजाब बड़े पैमाने पर धान की खेती करता रहा है। हालांकि, पंजाब के भोजन में चावल प्राथमिक नहीं रहा है। लेकिन व्यावसायिक हितों की पूर्ति के लिये धान की खेती को प्रश्रय दिया गया। इस खेती की वजह धान की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का मिलना भी है। अब किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग संकट के मद्देनजर यह चुनौती और गंभीर हो जाती है क्योंकि वर्षा जल के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। जिसके चलते सूखे व बाढ़ जैसी स्थितियां कभी भी पैदा हो जाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के संकट के मद्देनजर उन फसलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो कम पानी में उग सकें और अधिक मुनाफा दे सकें। सरकारों की ओर से मुफ्त सिंचाई की सुविधा के सवाल पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए। दरअसल, हमें जो चीज मुफ्त उपलब्ध हो जाती है, हम उसके उपयोग में किफायत नहीं बरतते। हमें हर मुफ्त चीज की बड़ी कीमत कालांतर चुकानी पड़ती है। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट राजस्थान व गुजरात के भूजल में निर्धारित मानक से अधिक फ्लोराइड होना बताती है। यहां एक विचारणीय प्रश्न यह भी है कि कई स्थानों पर मानसून के बाद पानी गुणवत्ता में सुधार देखा गया। ऐसे में हमें वर्षा जल को धरती में रिचार्ज करने की दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए। दरअसल, रिपोर्ट बताती है कि बारिश के पानी के रिचार्ज होने से घातक पदार्थ का असर कम हो जाता है। गंभीर बात यह भी है कि इस रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 440 जिलों के भूजल में नाइट्रेट खतरनाक स्तर तक पाया गया है। जो कि अनेक गंभीर बीमारियों का कारक बन सकता है। इस गंभीर संकट पर समाज, सरकार व स्वयंसेवी संगठनों को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# संविधान को संकीर्ण राजनीतिक लड़ाई का उपकरण न बनाएं


*हृदयनारायण दीक्षित*

संविधान के खात्मे को लेकर खासी बहस चली है। भारत का संविधान अनूठा है, अद्वितीय है। यह देश का राजधर्म है। इस संविधान में अनेक लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। सबकी अपनी सीमा है। यह सीमा भी संविधान निर्देशित है। सभी संवैधानिक संस्थाओं का स्रोत संविधान है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां भी संविधान प्रदत्त हैं। संविधान निर्माता भविष्य के भारत के प्रति सजग थे। उन्होंने गहन विमर्श के बाद संविधान बनाया। परस्पर विचार विमर्श अच्छी बात है, लेकिन संविधान को समाप्त करने का दुष्प्रचार करने का विपक्षी दलों का निर्णय अनुचित है। लोकसभा चुनाव के समय संविधान को खत्म करने और बदलने का शोर मचाया गया। विपक्षी दल लगातार आरोप लगाते रहे कि केन्द्रीय सत्ता संविधान के खात्मे पर उतारू है। संविधान समाप्ति जैसी कोई योजना कभी प्रकाश में नहीं आई। न विचार में, न कर्म में और न ही लेखन सहित अन्य अभिव्यक्तियों में भी। संविधान को खत्म करने की अफवाह देश के कोने कोने तक पहुंची। शिक्षित लोग सन्न थे कि संविधान के खात्मे की बात कहां से आई? संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर फोटो खिंचवा रहे थे।

मजेदार बात है कि संविधान खत्म किए जाने की सूचना संभवतः सबसे पहले उनको ही प्राप्त हुई। यह झूठ देश के मानस में बार-बार आ रहा है। संविधान के खात्मे का दुष्प्रचार करने वाले व्यक्ति/दल/समूह नितांत झूठ का सहारा ले रहे हैं। संविधान बदलने का सबसे बड़ा दुस्साहस 1976 में अधिनियमित 42वें संविधान संशोधन में कांग्रेस ने किया था। दुर्भाग्य से इस संविधान के खात्मे का विषय ठीक से जानने वाले लोगों की संख्या कम है।

संसद और विधान मण्डल और न्यायालयों की बहसों में संविधान की सर्वोपरिता है। संविधान की उद्देशिका में राष्ट्रजीवन के लक्ष्य हैं। उद्देशिका में उल्लिखित भारत को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास और धर्म उपासना की स्वतंत्रता, अवसर की समता प्राप्त कराना मुख्य उद्देश्य है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने तमाम निर्णयों में उद्देशिका के महत्व और उपयोगिता की चर्चा की है। बेशक संविधान के अन्य प्रावधानों की तरह उद्देशिका को न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं किया जा सकता। लेकिन न्यायालयों के कई निर्णयों में यह शासन का मुख्य घटक है।

उद्देशिका 'हम भारत के लोग' से शुरू होती है। संविधान सभा को मिली शक्ति भारत के लोगों द्वारा ही अर्जित है। कुछ राजनीतिक दल जाति और मजहब के आधार पर राजनीतिक समूह या संगठन चलाते हैं। इस प्रकार के दलों




**लोकमंगल भारत के राष्ट्रजीवन का लक्ष्य रहा है। अनेक महत्वपूर्ण विषय ऐसे भी थे जो संविधान सभा में अंतिम निर्णय तक पारित नहीं किए जा सके। संविधान सभा ने उन महत्वपूर्ण विषयों को भी संविधान में जगह दी। उन्हें राज्य का नीति निदेशक तत्व कहा है। संविधान के नीति निदेशक तत्वों (भाग चार-अनुच्छेद 36 से 51) में ऐसे उपयोगी उद्देश्य रखे गए हैं। संविधान में कहा गया है कि प्रशासन और विधि के निर्माण में इन सिद्धांतों का अनुसरण किया जाए। गोवंश का संरक्षण भी ऐसा ही नीति निदेशक तत्व है। बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्राप्त कराने का लक्ष्य भी नीति निदेशक तत्वों में है। शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत भी सम्मिलित हैं। संविधान निर्माताओं की क्षमता भी अद्भुत थी। नीति निदेशक तत्व किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं हैं। वे किसी को सुभाषित लग सकते हैं, लेकिन वस्तुतः सबके लिए मार्गदर्शी हैं। संविधान में राष्ट्रजीवन के सभी मूलभूत विशेषताओं का उल्लेख है। सम्प्रति संविधान के बदलने को लेकर झूठी अफवाहें हैं।**

**संविधान निर्माता जानते थे की नई राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप काम करना कठिन होगा। इसलिए उन्होंने संविधान में संविधान संशोधन का भी स्पष्ट उल्लेख कर दिया। अमेरिका में संविधान संशोधन की विधि के सापेक्ष भारत में संविधान संशोधन की विधि उदार है। इसीलिए भिन्न-भिन्न अवसरों पर अनेक संविधान संशोधन हुए हैं। अधिकांश राजनीतिक कार्यकर्ता भी संविधान से नहीं जुड़ते। सामान्य बोलचाल में युवा प्रश्न करते हैं कि अमेरिका में न्यायपालिका का शासन चलता है और ब्रिटेन में संसद का तो भारत में किसका शासन चलता है? इसका सीधा उत्तर है कि भारत में संविधान का शासन है।**

द्वारा समाज तोड़ने वाले शब्द चलाए जाते हैं। इनकी बात माने तो संविधान की उद्देशिका में लिखा जाता कि भारत जाति पाति आदि कई संकीर्णताओं में लिप्त है। इसे 'भारत के लोग' कहना बेकार है। वे कहते हैं कि यहां की जनता केवल कुछ समूहों का गठजोड़ है। जबकि संविधान रचना का उद्देश्य और कारण सुस्पष्ट हैं। प्रत्येक भारतवासी उद्देशिका के अनुरूप 'हम भारत के लोग' का हिस्सा है। भारत हजारों वर्ष पहले भी एक राष्ट्र था। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक भारत की एक संस्कृति है। इस संस्कृति के कारण ही हम भारत के लोग एक सशक्त राष्ट्र हैं। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है कि, यह बात ठीक है कि भारतवासी परस्पर लड़ते झगड़ते रहते हैं। किन्तु संस्कृति के कारण भारत एक राष्ट्र है। संविधान रचना के उद्देश्य स्पष्ट हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संविधान सभा में उद्देश्य और संकल्प का प्रस्ताव रखा था। संकल्प के अनुसार, प्रभुत्व संपन्न स्वतंत्र भारत की सभी शक्तियां और प्राधिकार उसके संगठक भाग शासन के सभी अंग आम जनों से उत्पन्न हैं।

संकल्प के अनुसार भारत की जनता को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, प्रतिष्ठा और अवसर की तथा विधि के समक्ष समता, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और संगठन बनाने आदि कार्यों की विधि के अधीन स्वतंत्रता होगी। आगे कहा है कि, राज्य क्षेत्र की अखण्डता, भूमि, समुद्र और आकाश पर उसके प्रभुत्वसंपन्न अधिकार, न्याय और अन्य राष्ट्रों की विधि के अनुसार बनाए रखे जाएंगे। संकल्प के अंतिम आठवें प्रावधान में लिखा है, यह प्राचीन भूमि विश्व में अपना समुचित और गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करेगी, और विश्व शांति तथा मानव कल्याण के लिए स्वेच्छा से अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। संकल्प में उल्लिखित प्राचीन भूमि का अर्थ क्या हो सकता है? सारी दुनिया की भूमि प्राचीन है। भारत के अर्थ में प्राचीन भूमि का अर्थ प्राचीन संस्कृति होना चाहिए। संविधान निर्माताओं ने भारत को संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न राष्ट्र बताया है।

स्वाधीनता मिलने तक भारत राष्ट्रकुल का सदस्य था। इंग्लैंड के सम्राट के अधीन राष्ट्रमण्डल में भारत के बने रहने पर आलोचना हुई। प्रत्यक्ष रूप में यह निर्णय उचित नहीं था। सभा में प्रधानमंत्री नेहरू को स्पष्टीकरण देना पड़ा। आखिरकार एक संप्रभु राष्ट्र इंग्लैंड के राजा रानी के प्रति निष्ठा कैसे रख सकता है? आयरलैंड ने रिपब्लिक आफ आयरलैंड एक्ट बनाकर अपने आप को इंग्लैंड से पृथक कर लिया। आलोचनाओं के बाद कहा गया कि भारत में सम्राट के प्रति निष्ठा स्वीकार्य नहीं है। यह निर्णय प्रधानमंत्रियों के सम्मेलन में लिया गया। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि, प्रभुत्व संपन्न गणराज्य बन जाने के पश्चात भी भारत राष्ट्रकुल का पूर्ण सदस्य बना रहेगा।

लोकमंगल भारत के राष्ट्रजीवन का लक्ष्य रहा है। अनेक महत्वपूर्ण विषय ऐसे भी थे जो संविधान सभा में अंतिम निर्णय तक पारित नहीं किए जा सके। संविधान सभा ने उन महत्वपूर्ण विषयों को भी संविधान में जगह दी। उन्हें राज्य का नीति निदेशक तत्व कहा है। संविधान के नीति निदेशक तत्वों (भाग चार-अनुच्छेद 36 से 51) में ऐसे उपयोगी उद्देश्य रखे गए हैं। संविधान में कहा गया है कि प्रशासन और विधि के निर्माण में इन सिद्धांतों का अनुसरण किया जाए। गोवंश का संरक्षण भी ऐसा ही नीति निदेशक तत्व है। बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कराने का लक्ष्य भी नीति निदेशक तत्वों में है। शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत भी सम्मिलित हैं। संविधान निर्माताओं की क्षमता भी अद्भुत थी। नीति निदेशक तत्व किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं हैं। वे किसी को सुभाषित लग सकते हैं, लेकिन वस्तुतः सबके लिए मार्गदर्शी हैं। संविधान में राष्ट्रजीवन के सभी मूलभूत विशेषताओं का उल्लेख है। सम्प्रति संविधान के बदलने को लेकर झूठी अफवाहें हैं।

संविधान निर्माता जानते थे की नई राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप काम करना कठिन होगा। इसलिए उन्होंने संविधान में संविधान संशोधन का भी स्पष्ट उल्लेख कर दिया। अमेरिका में संविधान संशोधन की विधि के सापेक्ष भारत में संविधान संशोधन की विधि उदार है। इसीलिए भिन्न-भिन्न अवसरों पर अनेक संविधान संशोधन हुए हैं। अधिकांश राजनीतिक कार्यकर्ता भी संविधान से नहीं जुड़ते। सामान्य बोलचाल में युवा प्रश्न करते हैं कि अमेरिका में न्यायपालिका का शासन चलता है और ब्रिटेन में संसद का तो भारत में किसका शासन चलता है? इसका सीधा उत्तर है कि भारत में संविधान का शासन है। संविधान सगुण है और निर्गुण भी। सगुण में रूप और चेहरा देखा जाना चाहिए और निर्गुण में आंतरिक भाव। संविधान के पक्ष में खड़े होना भक्ति भाव है। अध्यात्म भाव है और सगुण उपासना है। संविधान के एक-एक वाक्य पर निष्ठा रखना, उसे अंतःकरण में जगह देना निर्गुण है। कृपया, संविधान को संकीर्ण राजनीतिक लड़ाई का उपकरण न बनाएं।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

विचार


# क्यों वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज खुलने से खफा है कांग्रेस ?

*डॉ. आर.के. सिन्हा*

वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देशभर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए, पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा ही चिढ़ रही है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के एक ही अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपनी महान नेत्री इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। श्रीमती गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिए 11 हजार रुपये का अंशदान भी किया था।

इंदिरा गांधी ने सावरकर को रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, स्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में इंदिरा गांधी ने लिखा है, मुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं। मशहूर लेखक वैभव पुरंदरे ने अपनी किताब द ट्रू स्टोरी ऑफ फादर ऑफ हिंदुत्व में लिखा है कि इंदिरा गांधी का लिखा पत्र सत्य है। किताब में लिखा है कि इंदिरा गांधी ने 1966 में सावरकर के निधन पर गहरा शोक भी जताया था। इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है। वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित इंडिया हाउस में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने अभिनव भारत नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। उन्होंने 1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम नामक एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया। इस पुस्तक को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। सावरकर ने इटली के क्रांतिकारी नेता गिउसेप्पे मैजिनी से प्रेरणा ली और उनकी क्रांतिकारी विचारधारा को भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। 1910 में, सावरकर को नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जैक्सन की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें दोषी ठहराया



गया और 50 साल की कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित सेलुलर जेल में भेजा गया, जहां उन्होंने कई वर्षों तक कठोर यातनाएं सहीं। काला पानी में उन्होंने एकांत कारावास, कठोर श्रम और अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया। कोल्हू में बेल की तरह जोतकर उनसे सूखे नारियल से तेल निकलवाया जाता था।

सावरकर ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया और अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई। सावरकर हिंदू राष्ट्रवाद के एक प्रमुख पैरोकार थे। उन्होंने एक मजबूत और एकजुट हिंदू राष्ट्र की वकालत की। सावरकर ने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने हिंदू समाज में सुधार लाने के लिए कई आंदोलन चलाए। वे एक कुशल वक्ता और लेखक थे। उनके भाषणों और लेखों ने लोगों को प्रेरित किया और उनमें देशभक्ति की भावना जगाई।

सावरकर के गृह राज्य महाराष्ट्र में कई संगठन और संस्थान हैं जो उनके विचारों और कार्यों को बढ़ावा देते हैं। वीर सावरकर महाराष्ट्र में एक सम्मानित और प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उन्हें कई लोगों द्वारा एक महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक के रूप में याद किया जाता है। वीर सावरकर का एक शानदार चित्र पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ था। उनके चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था। जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब भी कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। तब कांग्रेसी भूल गए थे कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीति व स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग व समर्पण को देखते हुए केन्द्रीय कक्ष में उनका चित्र स्थापित कर सम्मान दिया गया।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर पर गैर-जरूरी टिप्पणी अपमानजनक की थी। उनकी बयानबाजी से शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे भी नाराज हो गए थे। उनहोंने तब कहा था हम स्वातंत्र्यवीर सावरकर के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से सहमत नहीं हैं। हमारे मन में सावरकर के लिए सम्मान है। आपको कोई पसंद नहीं तो ठीक है। खैर, वीर सावरकर कॉलेज खुलने से राजधानी में उस महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर महत्वपूर्ण प्रतीक स्थापित हो जाएगा। देर से ही सही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अब वीर सावरकर का एक अहम प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

साहित्य

## वो खुश है



**अनुभव शर्मा**


हमें ठुकरा कर गर वो खुश है,
तो हम शिकायत किस से करें।

अपनी ही ज़िन्दगी हो गयी हो रुस्वा
तो इनायत किस से करें।

बेवफ़ा गर वो है,
तो हम वफ़ा किससे करें।

हमारी तो ज़िन्दगी ही वो थे।
गर ज़िन्दगी ने ही,
ज़िन्दगी छीन ली,
तो शिकायत किस से करें ।





## राशिफल

**मेषः-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

**वृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुनः-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह :-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति के लिये समुचित व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# गायब होता गंधमर्दन पर्वत

*रमाकांत नाथ*

ओडिशा का गंधमर्दन पर्वत एक बार फिर सुर्खियों में है। बलांगीर और बरगढ़ जिले की सीमा पर स्थित यह पर्वत श्रृंखला प्राकृतिक, आध्यात्मिक और जैव-विविधता के लिए महत्वपूर्ण है। 1980 के दशक में गंधमर्दन पर्वत एक राष्ट्रीय मुद्दा बना था। आज वही मुद्दा एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। भुवनेश्वर से 461 किमी, संबलपुर से 165 किमी, बरगढ़ से 105 किमी और पाइका माल से केवल 4 किमी दूर गंधमर्दन पर्वत प्रकृति की खूबसूरत गोद में स्थित है। इस पर्वत की ऊंचाई कहीं 2000 फीट और कहीं 3274 फीट है। गंधमर्दन पर्वत की चोटी पर एक समतल जगह है जिसकी लंबाई करीब 16 किमी और चौड़ाई एक किमी के करीब है। घने जंगलों वाली यह पर्वत श्रृंखला कभी विभिन्न जंगली जानवरों का निवास स्थान थी। सांभर, हिरण से लेकर बाघ और हाथी तक, विभिन्न प्रकार के जानवर यहां रहते थे। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार, गंधमर्दन पहाड़ों में पेड़ों की दो हजार से अधिक प्रजातियां हैं, जो पर्यावरण को संतुलित करने और पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करने में मदद करती हैं। गंधमर्दन पहाड़ों में औषधीय पेड़ों और झाड़ियों की 200 से अधिक प्रजातियां भी पाई जाती हैं। यहां से सुनारी धारा सहित 4 धाराएं और 22 जल निकाय निकलते हैं जिनमें से अंग और सुकतेल नदियां महानदी में गिरती हैं और उसकी जलधारण क्षमता में वृद्धि करती हैं।

1940 के दशक में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने गंधमार्दन पहाड़ों का अध्ययन करके बताया था कि यहां बड़ी मात्रा में खनिज संसाधन, बॉक्साइट हैं। 1948 में ओडिशा सरकार के इस्पात एवं खान विभाग भारत सरकार के खनिज संसाधन विकास निगमश् और श्भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने संयुक्त रूप से गंधमर्दन में खनिज संसाधनों की उपस्थिति, मात्रा और गुणवत्ता निर्धारित करने का प्रयास किया। 1959 तक, उनका मानना था कि गंधमर्दन पर्वत में उच्च गुणवत्ता वाला बॉक्साइट प्रचुर मात्रा में है जिसकी मात्रा 200 मिलियन टन से भी अधिक हो सकती है। इस संबंध में वैज्ञानिक रिपोर्टें प्रकाशित की गईं, जो गंधमर्दन पहाड़ों से बॉक्साइट और अन्य खनिज संसाधनों के उत्खनन के लिए उपयोगी थीं। इसके बाद गंधमर्दन से एल्यूमीनियम संयंत्र के लिए आवश्यक कच्चा माल बॉक्साइट निकालने का प्रयास किया गया।

वर्ष 1975 तक सार्वजनिक क्षेत्र की बाल्को (भारत एल्यूमीनियम कंपनी लिमिटेड) ने मध्यप्रदेश के कोरबा में अपने एल्यूमीनियम संयंत्र के लिए बॉक्साइट निकालने के प्रयास शुरू कर दिए। भारत सरकार और तत्कालीन ओडिशा सरकार के साथ बातचीत के बाद श्बाल्कोश् को गंधमर्दन से खनन की अनुमति मिल गई, लेकिन गंधमर्दन इलाके के स्थानीय लोगों के विरोध के कारण यह काम नहीं हो सका। गंधमर्दन सुरक्षा युवा परिषद ने बाल्को विरोधी आंदोलन जारी रखा। धीरे-धीरे इस आंदोलन को आम लोगों का समर्थन मिलने लगा। इसमें कुछ राजनेता भी शामिल हुए। आंदोलन को सर्वोदय समाज का समर्थन मिलने के बाद राज्य और देश के कई पर्यावरणविद् और कार्यकर्ता इस क्षेत्र में आये और आंदोलन का समर्थन किया। सर्व सेवा संघ द्वारा आयोजित ग्राम स्वराज और नगर स्वराज यात्रा गंधमर्दन सुरक्षा आंदोलन के समर्थन में बलांगीर और बरगढ़ जिलों से होकर गुजरी और यह मुद्दा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया। कई युवा स्वयंसेवी बाल्को का विरोध करने के लिए आंदोलन में शामिल हुए और जन जागृति के साथ-साथ जनशक्ति निर्माण की दिशा में काम किया। धीरे-धीरे पूरे राज्य में गंधमर्दन के लिए जनमत व्यक्त किया गया और यह एक शक्तिशाली जनआंदोलन में बदल गया। नागरिक समाज, पर्यावरणविद्, कॉर्पोरेट विरोधी समूह, समाजवादी आदि स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ एकजुट हो गए और उनकी संयुक्त शक्ति सरकार और कंपनी की लूट की योजनाओं को विफल करने में सफल रही। दस वर्षों तक विरोध के कारण बाल्को को अपनी योजना से पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। 1987 में ओडिशा सरकार ने जन आंदोलन का मुकाबला करने के लिए एक समिति का गठन किया और बाल्को को खनन में मदद करने की कोशिश की, लेकिन मजबूत जन आंदोलन के कारण उनकी यह योजना विफल हो गई।

फिर गंधमर्दन लूट अभियान-इन दिनों एक बार फिर गंधमर्दन का मुद्दा चर्चा का विषय बन गया है। ओडिशा में पहली बार भाजपा सरकार आने के बाद देश की सार्वजनिक संपत्ति लूटने वाली अडाणी कंपनी की नजर गंधमर्दन पर है। यहां से बॉक्साइट को लूटकर विदेशी बाजार में बेचकर करोड़ों रुपए कमाए जाने वाले हैं और इस योजना को भारत सरकार और ओडिशा सरकार का समर्थन प्राप्त है, जिसे डबल इंजन सरकार के रूप में प्रचारित किया जाता है। लोगों को अडाणी की इस योजना के बारे में पता न चले और उन्हें बाल्को की तरह जनता के विरोध का सामना न करना पड़े, इसके लिए नए-नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। मीडिया के मुताबिक, अडाणी कंपनी ने गंधमर्दन पर्वत के आसपास की जमीन खरीदी है। पता चला है कि बलांगीर जिले के खपराखोल क्षेत्र में हाल ही में अदाणी कंपनी द्वारा 18 एकड़ जमीन खरीदी है। इसी तरह, बरगड़ जिले के गई सिल्ट ब्लॉक के तहत कटाबहाल के युवाखोल गांव में 23 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है। अडाणी कंपनी ने बलांगीर जिले के पाटनागढ़ तहसील के तहत बेलपाड़ा ब्लॉक डुडुकमल में 33 एकड़ जमीन, वालुपुरी गांव में 61 एकड़ जमीन खरीदी है।

ऐसा प्रतीत होता है कि अडाणी कंपनी ने भैंसा सर्कल के तहत 43 एकड़ जमीन खरीदी है। इस तरह गंधमर्दन के आसपास के 27 प्लॉट अडाणी के नाम पर खरीदे गए हैं। स्थानीय लोगों से पता चला है कि गंधमर्दन में कई महीनों से सरकारी सर्वे का काम चल रहा है। प्रशासन किसी को यह नहीं बता रहा कि यह सर्वे क्यों कराया जा रहा है। सरकार द्वारा कराए गए सर्वे और गंधमर्दन पहाड़ के आसपास अडाणी कंपनी द्वारा जमीन की खरीद से यह स्पष्ट है कि केंद्र, राज्य की सरकारें और अडाणी कंपनी मिलकर एक व्यापक योजना पर काम कर रहे हैं। यह योजना डकैती नहीं तो और क्या हो सकती है? आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार तेलनापाली, बुरोमाल, ढांडामुंडा, सापमुंडा, टिकपाली, लालखानपुर, चौलधारा जैसे कई गांवों में प्रचुर मात्रा में ग्रेफाइट और मैंगनीज हैं। जाहिर है, इन इलाकों में अडाणी कंपनी द्वारा जमीन खरीदने का उद्देश्य खनिज लूटना ही है। खनन का परिणाम-अगर गंधमर्दन पहाड़ से सारी खनिज संपदा निकाली जाएगी तो न तो भारत सरकार और न ही ओडिशा सरकार को कोई रॉयल्टी मिलेगी, लेकिन यदि खनन होगा तो सभी खनिज संसाधन समाप्त होने के बाद परिणाम गंभीर होंगे। सबसे पहले, गंधमर्दन गायब होने से प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन गड़बड़ा जाएगा।

गंधमर्दन में औषधीय पौधों से स्थानीय लोगों को लाभ मिलता है और आयुर्वेदिक उपचार की सुविधा मिलती है। जब वहां के औषधीय पौधे नष्ट हो जाएंगे तो इसका सीधा असर वहां की आबादी के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। जैव-विविधता की हानि, जलधाराओं के सूखने, नदी के प्रवाह में कमी के कारण व्यापक पर्यावरणीय क्षति होगी। इसी तरह, कई लोगों का जीवन और आजीविका नष्ट हो जाएगी। लोग क्या करें? ऐसे में लोगों को क्या करना चाहिए? कुछ लोग कह सकते हैं कि अडाणी कंपनी का मुनाफा ही जरूरी है। गंधमर्दन पर्वत को श्विशेष आर्थिक क्षेत्र घोषित हो जाने के बाद लोगों के हाथ में कुछ नहीं बचेगा। ऐसे क्षेत्र में ग्रामसभा, न्यायालय प्रभावी नहीं होंगे और हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट भी अपनी असमर्थता दर्शायेंगे। इसलिए पूंजीपति दलाल अडाणी और डबल इंजन लुटेरी सरकारों के मंसूबों का मुकाबला करने के लिए आम लोगों को अभी से काम करना होगा।

**(लेखक ओडिशा के वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# समाधान दिवस में 15 शिकायतें आयीं, निस्तारण शून्य

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**




चरखारी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील सभागार में किया गया, जिसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश तथा सीडीओ ने की। इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें राजस्व विभाग तीन, पुलिस विभाग दो, विद्युत विभाग चार खंड विकास चरखारी एक, पूर्ति निरीक्षक तीन चकबन्दी दो शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी व सीडीओ ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि फरियादियों को इधर-उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े।उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाएँ तब डिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने अधिकारियो को अवगत कराएं। इस मौके पर तहसीलदार रामानंद मिश्रा, नायब तहसील दार आशीष त्रिपाठी, बिकास खण्ड से राकेश त्रिपाठी, समाज कल्याण से नदीम खान, के अलावा जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## व्यापारियों ने कहा- ई कामर्स कंपनियां कानूनों का कर रही हैं उल्लंघन



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में व्यापारियों के हितों को देखते हुए निष्पक्ष प्रतिस्पर्धाएं एमएसएमई हितों और उपभोक्ता संरक्षण की रक्षा के लिए ई कामर्स में विनियमन अधिनियम बनाए जाने के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा है। कस्बे के तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अध्यक्षता कर रहे अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष जेके गुप्ता ने अपने साथियों के साथ ज्ञापन देकर बताया कि हम लोग नगर के व्यापारी हैं तथा भारतीय ई-कॉमर्स उद्योग में विनियामक निरीक्षण की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहते हैं जिसमें ई-कॉमर्स ने कुछ ऐसी प्रथाओं को जन्म दिया है जो निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को खतरे में डालती है तथा विशेष रूप से व्यापारी एएमएसएमई खुदरा विक्रेताओं सहित उपभोक्ताओं को प्रभावित करती है। व्यापारियों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि विकसित भारत की संकल्पना को तभी पूरा किया जा सकता है जब स्थानीय उत्पादन स्थानीय व्यापार तथा स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा जिसके लिए व्यापार मंडल सतत प्रयत्नशील है लेकिन यह ई कामर्स कम्पनियां कानूनों का उल्लंघन करते हुए उसमें बाधा बन रही है।

## वीडियो वायरल करने के बाद सास और पत्नी से प्रताड़ित युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

▸ पत्नी व सास से पैसे को लेकर रोजान होता था झगड़ा

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में शुक्रवार को अपनी पत्नी और सास से प्रताड़ित एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन करने के बाद वीडियो वायरल किया गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है टेढ़ा गांव का निवासी 35 वर्षीय राजेश कुमार गुप्ता गृह कलह के चलते शुक्रवार की शाम जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया जानकारी होने पर परिजन उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, घटना से पहले मृतक राजेश ने अपने मोबाइल पर दो वीडियो बनाकर वायरल किए जिनमें उसने अपनी मौत के लिए पत्नी और सास को जिम्मेदार ठहराया और दोनों को कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रहा है। मृतक जो भाजपा का बूथ अध्यक्ष भी था वीडियो में वह अपने पुत्र उमर गुप्ता 5 वर्ष पुत्री आयुषी 6 माह को सुरक्षित घर भेजने, पत्नी मुस्कान और सास गीता निवासी पुखरायां को जेल भेजने की अपील भी कर रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजन पहले घटना को लेकर अनजान थे लेकिन राजेश के अंतिम वीडियो ने पूरी स्थिति स्पष्ट कर दीए फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है, पुलिस के अनुसार परिजनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है। मामला गंभीर है हर पहलू की जांच की जा रही है मृतक के बड़े भाई संतोष गुप्ता ने बताया कि राजेश की पत्नी मुस्कान गुरुवार को घर में रखे तीन लाख रुपए और जेवर लेकर मायके चली गई थी। बिना बताए पत्नी के इस कदम से राजेश तनाव में था। परिवार के पास सिर्फ दो बीघा जमीन थी, जिससे होने वाली आमदनी से घर का खर्च चलता था। ऐसे में मुस्कान का मायके पैसे भेजना राजेश के लिए बड़ा बोझ बन गया था।

## खबरें एक नजर में

### सेल्स मैनेजर ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** कस्बा सुमेरपुर के एक युवक ने शुक्रवार को कानपुर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक एक निजी बैंक में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत था कस्बा सुमेरपुर निवासी स्वर्गीय सुखदेव शिवहरे का पुत्र प्रकाश शिवहरे (26) में कानपुर में एक निजी बैंक में सेल्स मैनेजर के पद पर काम करता था शुक्रवार को उसने अज्ञात कारणों के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिजनों के मुताबिक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। शव का पोस्टमार्टम कानपुर में कराया गया पुलिस मामले की जांच कर रही है शनिवार को जब उसका शव सुमेरपुर लाया गया, तो परिवार में मातम छा गया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके असमय निधन से परिवार सदमे में है। शाम को कस्बे के मोक्षधाम में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

### शराबी ने मारपीट की, पुलिस से शिकायत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी विमला देवी पत्नी सत्यवीर सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह वह दरवाजे पर बैठी थी। तभी बुधौलियाना मोहल्ला निवासी एक युवक शराब के नशे में आया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर दी। आरोप लगाया है उसके छोटे भाइयों ने विरोध किया तो उक्त युवक जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर पत्थर बाजी करने लगा। पुत्र अवनीश के विरुद्ध करने पर उसे मारा-पीटा। पीड़िता ने कोतवाली में लिखित शिकायत की है।

### एसडीएम व विधायक से पुलिस की शिकायत की

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** महिला ने तहसील परिसर में विधायक मनीषा अनुरागी व उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार को पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इस पर विधायक व एसडीएम महिला को कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है। मझगवां थाने के अटगांव गांव निवासी सुमन पत्नी धर्मपाल ने बताया कि गांव का एक व्यक्ति उसके घर पर आया और उसकी बहू को बुरी नियत गाली गलौज करने लगा। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त कर दिए। जब उन लोगों ने विरोध किया तो मारपीट की। उसने मझगवां थाने में तहरीर दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। दो बार समाधान दिवस में शिकायत कर चुकी हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शनिवार को महिला ने विधायक व एसडीएम के सामने रोते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। विधायक ने जल्द ही कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।

### लेखपालों ने धरना-प्रदर्शन कर विरोध किया

**राठ(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** उप्र लेखपाल संघ ने गाजीपुर की कारिमा तहसील में कार्यरत लेखपाल को एंटी करप्शन की टीम के द्वारा जबरन पड़कर रिश्वत लेने व बरेली में लेखपाल मनीष कश्यप की अपहरण के बाद हत्या की जाने के विरोध में लेखपालों ने धरना प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया है। लेखपालों ने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की है। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष कमलेश चतुर्वेदी ने बताया कि गाजीपुर की कारिमा तहसील में लेखपाल श्यामसुंदर को एंटी करप्शन टीम के द्वारा जबरन पकड़ कर ले जाने एवं रिश्वत लेने संबंधी मामले में फंसाये जाने व बरेली में लेखपाल मनीष कश्यप की अपहरण के बाद हत्या करने के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया है। धरना प्रदर्शन के दौरान तहसील मंत्री लोकेंद्र सिंह अरिमर्दन सिंह राजपूत रजत प्रताप सिंह पुनीत कुमार विश्कर्मा जीतेन्द्र बहादुर सिंह करन लेखपाल सुरेश कुमार यादव योगेन्द्र प्रसाद पटेल आदि लेखपाल मौजूद रहे।

### इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा असाध्य रोगों को खत्म करेंगे: डॉ. गणेश सिंह




**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** अधिकारिता दिवस का कार्यक्रम का प्रारंभ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ काउंट सीजर मैटी को स्मरण कर एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बुंदेलखंड प्रभारी डॉ. नरेंद्र भूषण निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों को प्रदेश में इलेक्ट्रो होम्योपैथी विधा से चिकित्सा व्यवसाय करने का पूर्ण अधिकार है। इसी अवसर को मनाने के लिये प्रति वर्ष इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों द्वारा यह दिन अधिकारिता दिवस के रूप में मनाये जाने की परम्परा आज भी है।आज का दिन हम सबके लिये गौरव का दिन है। उप्र शासन ने शासनादेश जारी कर इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कार्य करने के लिये सारी बाधायें दूर करते हुये अधिकार प्रदान किया था। अब आवश्यकता है कि हम अपने अधिकारों को समझें और पूर्ण रूपेण अधिकार के साथ कार्य करते हुये जनता की सेवा करें व जन स्वास्थ्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अब समय आ गया है कि हम अपनी क्षमता का परिचय दें डॉ. निगम ने चिकित्सकों का आवाहन किया ऐसे लोग जो अपनी पद्धति के अतिरिक्त अन्य कोई पद्धति अपनाते है तो उन्हें तत्काल अपने में सुधार कर लेना चाहिये कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जिला प्रभारी डॉ. गणेश सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम अपनी क्षमता का परिचय दें और विधि सम्मत ढंग से व्यवस्थित होकर कार्य करें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. मेहेर मधुर निगम डॉ नम्रता डॉ कंचन गुप्ता डॉ रजनीश डॉ. सुनीता डॉ सफी आदि लोग उपस्थित हुए।

### मूर्तिकार के अड्डा से जेनरेटर ले गए चोर



**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।** सर्दियों के सीजन में चोरों की आवाजाही ज्यादा बढ़ जाती है। चोरी का एक मामला चरखारी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गौरहरी का है जहाँ गौरहरी गांव में मूर्तिकार शौकत अपने मकान के अंदर परिवार सहित सो रहे थे बाहर आंगन में शौकत का मूर्ति बनाने का अड्डा लगा हुआ था जिसमें जेनरेटर भी रखा हुआ था चोरों ने रात्रि में जेनरेटर को उठाकर करीब आधा किलोमीटर ले गए और रोड के किनारे फेंक दिया जेनरेटर से अल्टीनेटर निकाल कर चोर ले गए जिसकी कीमत भुक्तभोगी के अनुसार लगभग 60 हजार रुपए है। शौकत ने शिकायत पुलिस चौकी में दी पुलिस चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने मौके पर जाकर जांच की और चोरी खोलने का भरोसा दिया है।

# घाटमपुर तहसील समाधान दिवसः डीएम व सीडीओ ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

▸ 144 शिकायतों में 015 का हुआ मौके पर निस्तारण, शेष लम्बित शिकायतों को जल्द निस्तारण के दिए निर्देश



**घाटमपुर समृद्ध न्यूज़।** तहसील सभागार कक्ष में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे जिला अधिकारी राकेश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। समाधान दिवस में पहुंचे पहली बार सभी फरियादियों को सभागार कक्ष में कतारों में कुर्सियों में बैठाकर व्यवस्थित क्रम से समस्याएं सुनी गई। जिलाधिकारी के आने पर फरियादियों की अच्छी खासी भीड़ समाधान दिवस में उमड़ पड़ी। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 65, पुलिस विभाग 40, विकास खंड 25, नगर पालिका पांच, जल निगम तीन, कृषि विभाग दो, चकबंदी तीन, बैंक एक, कुल 144 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष लम्बित शिकायतों को सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को जिलाधिकारी राकेश कुमार ने निस्तारण के निर्देश दिए।

### समाधान दिवस में पहुंचीं मुख्य विकास अधिकारी ने किया विकास खण्ड कार्यालय का निरीक्षण

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में पहुंची मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने भी फरियादियों की शिकायते सुनी। समाधान दिवस समापन के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने विकास खंड का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सभी कार्यालयों का जायजा लिया। किंतु देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा धरातल पर लागू होने वाली स्वच्छ भारत मिशन और करोड़ों रुपए के बजट से वृक्षारोपण योजना की ओर ध्यान आकर्षित नहीं हुआ। ब्लाक परिसर में बने मुख्य गेट के समीप व परिसर में बने कई इज्जत घर की दुर्दशा धरातल पर लागू होने वाली योजनाओं की धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही है। इज्जत घर में टूटे दरवाजे और टूटी पानी की टोंटियां, टाइल्स और फैली गंदगी, व करोड़ों रुपए के बजट चलाएं जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत मुरझाए हुए वृक्षों की दुर्दशा क्या वया कर रही है। ये देखते नहीं बनता, लेकिन निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी को धरातल पर लागू होने वाली इन योजनाओं की सुद नहीं रही।

# फर्जी जबरन ट्रैपिंग की घटनाओं से लेखपाल संघ आक्रोशित एवं आंदोलित

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद महोबा में लेखपाल संघ ने चरखारी तहसील प्रगांण में 10 बजे से 2 बजे तक अनशन किया , 2 बजे बाद काम पर लौट आये । लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिला अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार को दिया, लेखपाल संघ ने बताया लेखपाल राजस्व विभाग का फील्ड कर्मचारी है जिसका सम्बन्ध जनता से सीधे होता है। जनता की भूमि विवाद सहित अधिकांश समस्याओं से सम्बन्धित संदर्भ निस्तारण हेतु लेखपाल के पास ही आते हैं। दो पक्षों के विवाद के निस्तारण सम्बन्धी की गयी कार्यवाही से किसी एक पक्ष का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है। पंचायत/ विकास विभाग की विविध योजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध कराने एवं अवैध अतिक्रमण की स्थिति में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से भी अतिचारी/ प्रभावित व्यक्तियों के परिवार लेखपाल से दुश्मनी ठान लेता है और लेखपाल को क्षेत्र की राजनीति में घसीटने का भी प्रयास किया जाता है। इस प्रकार विधि विरूद्ध कार्य कराने में असफल एवं विविध कारणों से असंतुष्ट व्यक्ति लेखपालों के खिलाफ साजिश करके एण्टी करप्शन टीम द्वारा पकड़वाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। एण्टी करप्शन कार्यालय द्वारा सामान्य शिकायत के आधार पर वास्तविक तथ्यों का परीक्षण किए बगैर शिकायतकर्ता को उकसाकर स्वयं बोल बोल कर शिकायती प्रार्थनापत्र लिखवाया जाता है और प्री ट्रैप जांच की कागजी औपचारिकता कर उसी दिन अथवा अगले दिन लेखपाल को फंसाने के विविध प्रयास करके गिरफ्तार कर लिया जाता है। अधिकांश प्रकरणों में शिकायत पत्र में उल्लिखित कार्य लेखपाल से सम्बन्धित भी नहीं होता है और न ही लेखपाल द्वारा कोई रिश्वत की मांग की गयी होती है। लेखपाल को सामने मिलने पर शिकायतकर्ता द्वारा जबरन उसकी जेब/ हाथ/ वाहन/ कक्ष में पैसा रख दिया जाता है। टीम द्वारा जबरन पकड़कर लेखपाल के हाथ में पैसा रखवाकर अथवा पाउडर लगाकर अथवा अपने पाउडर लगे हाथ से लेखपाल का हाथ पकड़कर, पानी के गिलास में धुलवाये जाते हैं। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष उमेश सोनकर ने बताया कई घटनाओं में तो दलालों/ साजिशकर्ताओं द्वारा पैसा लेने के आधार पर लेखपाल को बिना रिश्वत स्वीकार किये ही गिरफ्तार किया जा रहा है। श्री सोनकर ने कहां जनपद गाजीपुर की तहसील कासिमाबाद में लेखपाल को जबरन ट्रैप की घटना कारित की गयी । लेखपाल संघ के मंत्री/ सचिव आलोक सौनकिया ने कहाँ उप्र लेखपाल संघ भ्रष्टाचार का विरोधी है । किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार पर रोक लगाया जाना स्वच्छ प्रशासन एवं कल्याणकारी राज्य के लिए आवश्यक है किन्तु जनमामान्य में सरकारी कर्मचारियों की छवि खराब करने के उद्देश्य से लेखपाल/ कर्मचारी को साजिशन फंसाना शिकायत मात्र के आधार पर जबरन गिरफ्तार करना कर्मचारी एवं उसके परिवार के भविष्य को बर्बाद करने जैसा है । इस मौके पर उपस्थित रहे लेखपाल संघ चरखारी के राम कुमार उपाध्यक्ष, दिनेश निरंजन उपाध्यक्ष ( कनिष्ठ ), रेनू साहू उप मंत्री, सतीश तिवारी कोषाध्यक्ष, कुमारी नेहा अनुरागी लेखा निरीक्षक, लेखपाल सुभाष सिंह आदि उपस्थित रहे ।

### सड़क हादसे में घायल किसान की उपचार के दौरान मौत

**सुमेरपुर।** किसी वाहन की टक्कर से घायल हुए पंचखुरा खुर्द के किसान लक्खू की चार माह बाद अस्पताल से घर लाने के एक दिन बाद मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। लक्खू खंगार (55) चार माह पूर्व खेतों से भैंसों को चराकर घर लौट रहा था। तभी शाम के समय गांव के समीप किसी वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया था। तब से उसका कानपुर में उपचार चल रहा था सप्ताह में एक बार उसे कानपुर जाना पड़ता था किसान को गुरुवार को चेकअप के लिए हैलेट ले जाया गया और शाम को दवा आदि लेकर घर आ गया। शुक्रवार को इसकी गांव में ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक अपने पीछे पत्नी सुंती देवी पुत्र कृष्णा को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## शीतलहर में पशु-पक्षियों की आयी आफत



**मौदहा, हमीरपुर।** दिसंबर का अंतिम और जनवरी का प्रथम सप्ताह बेहद ठंडा गुजर रहा है। बढ़ती शीत लहरी के चलते जहां सारा दिन लोग आग के अलाव का सहारा लिए बैठे थे। वहीं आम जनजीवन भी अस्त् व्यस्त रहा। कोहरे से वाहनों की गति कम रही। मवेशियों को भी आग का सहारा दिआ गया। शुक्रवार और शनिवार की रात और दिन बेहद ठंडा रहा। रात यहां का तापमान 8 डिग्री तक पहुंच गया जब कि दिन में 15 और 16 डिग्री के आसपास ही झूलता रहा। सबसे अधिक परेशानी का सामना पशु पक्षियों को करना पड़ रहा है। आम जनमानस को शीत लहरी से बचने के लिए जहां नगर पालिका प्रत्येक सदस्य को एक एक कुंटल लकड़ी उसके वार्ड में जलान के लिए मुहय्या करा रही है। वहीं आवश्यकता पड़ने पर पालिका अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी आग का प्रबंध किए हुए हैं। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि उनका कर्तव्य है कि वह किसी को शीत लहरी से आहत न होने दें। जहां लोग कम्बल वितरण कर रहे हैं, वहीं वह भी भरपूर सहयोग इसमें कर रहे हैं। वही जगह-जगह आग के अलाव जलाकर राहत पहुंचाई जा रही है। फिर भी अचानक शीत लहरी से महंगी हुई लकड़ी और कोयला खरीद ने में दिन में आसमान के तारे दिखाई दे रहे हैं।

## बिना टेंडर के ही शुरू हो गया नहर के फाउन्डेशन का कार्य

▸ शुरुआती दौर में भ्रष्टाचार के भेट चढ़ गयी सुमेरपुर ब्ला की विंध्यवासिनी नहर, 116 करोड़ की लागत से बनायी जायेगी नहर, पच्चीस करोड़ का बजट आवंटित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

सुमेरपुर ब्लाक के भौराडाडा गांव के पास से शुरु होने वाली विंध्यवासिनी नहर में फाउन्डेशन का काम विना टेंडर के ही शुरु करा दिया गया है। 116 करोड की लागत से बनने वाली नहर के लिये फिलहाल शासन ने 25 करोड़ रुपये का बजट आवंटित कर दिया गया है। इस नहर में यमुना नदी से पानी लिफ्ट कर बांदा जिले की सिचाई की जायेगी हमीरपुर जिले की मात्र पौने दो किलोमीटर व चौदह किलोमीटर भूमि की सिचाई बांदा जिले की करायी जायेगी। जानकारी के मुताबिक जिले में लघु डाल नहर से नयी बनने वाली विंध्यवासिनी नहर काम के शुरुआती दौर से भ्रष्टाचार के भेट चढ़ गयी है। बताया जाता है कि नहर के लिये पेंटून वर्क, वाल्व, एक्शियन का कैम्प आफिस व अन्य कार्य के लिये सबसे पहले टेंडर व एग्रीमेंट होना आवश्यक होता है। टेंडर डालने कि तिथि 25 जनवरी रखी गय है, खुलने की तिथि 27 जनवरी रखी गयी है जबकि कार्य सत्तर फीसदी करा लिया गया है। यही नही कम से कम पांच हजार ट्राली मिट्टी का पुरायी का काम करा लिया गया है जिसमें खनन विभाग से कोई परमीशन नहीं ली गयी है। यदि किसी विभागीय अभियंता ने जरा सी आवाज उठाता है तो एक्शियन उससे चार्ज छीन कर दूसरे को दे देता है। दिन रात काम करने के बाद बाद में टेंडर की खानापूरी करने की पूरी योजना बना ली गयी है। बताया जाता है कि यह कार्य गैर जिले के एक भाजपा नेता के रिश्तेदार करा रहे है जिससे कोई भी विरोध करने का हिम्मत नही जुटा पा रहे है। किसानों की जमीन अधिग्रहण नहीं की गयी है। जब कि नियमानुसार पहले जमीन का अधिग्रहण होना चाहिये, एक्शियन शरद चौहान तो कभी भी दफ्तर में नही बैठते है। पिछले दिनों अधीक्षण अभियंता ने निरीक्षण किया था जिसमे ज्यादातर लोग गैर हाजिर पाये गये थे। यह मामला राजनैतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में जेई प्रकाश पटेल का कहना है कि इस मामले में उन्हे कोई जानकारी नही है। इस मामले में कई उच्चाधिकारियों से बात की गयी मगर बात करने से इंकार कर दिया गया है।



# पुरातन छात्र मिलन कार्यक्रम में एकत्र हुए पॉलिटेक्निक के छात्र एवं गणमान्य लोग

▸ जिला पंचायत अध्यक्ष सहित गणमान्य लोगों की पुरातन सम्मेलन में की शिरकत

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



शहर के रेलवे परिसर में पॉलिटेक्निक के पुरातन छात्र मिलन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करने देश के अलग-अलग शहरों से पहुंचे छात्रों ने अध्ययन के समय की यादों को ताजा कर मौजूदा छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों सहित जिले के गणमान्य लोग मौजूद रहे। शहर के रेलवे परिसर स्थित ग्राउण्ड में पुरातन छात्र मिलन समारोह का भव्य आयोजन जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की मौजूदगी में आयोजित कराया गया। बताते चलें कि शहर के राजकीय पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत रहे पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाने एवं मौजूदा छात्रों के उत्साहवर्धन को लेकर सम्मेलन के आयोजक मुहम्मद रईस एवं रूपेश कुमार समुद्रे द्वारा पुरातन छात्रों के सहयोग से आयोजित कराए गए पुरातन छात्र मिलन सम्मेलन में अलग-अलग शहरों से अपने पूर्व साथियों से मिलने पहुंचे पुरातन छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी ने छात्र मिलन समारोह में एकत्र हुए छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद देश के अलग-अलग शहरों में कार्यरत पुरातन छात्रों से मौजूदा छात्रों को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान पुरातन छात्र, जनप्रतिनिधि एवं शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक मोहम्मद रईस ने बताया कि बीते दो वर्षों से पुरातन छात्रों के सहयोग से आयोजन कराया जा रहा है इसका उद्देश्य है कि वर्ष में एक बार पुराने छात्र एक साथ मिलकर पुरानी यादें ताजा करते हैं। इसके साथ ही मौजूद छात्रों का उत्साहवर्धन भी पुरातन छात्रों द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से मौजूदा छात्रों को पुरातन छात्रों से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक मोहम्मद रईस, रूपेश कुमार समुद्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, मेरठ से पहुँचे पुरातन छात्र अजय सिंह, कानपुर से अजय शुक्ला, प्रणय यादव, औरैया से रोहित यादव, लक्ष्मी कांत दीक्षित, शिवेंद्र पाल सिंह, मेरठ से प्रवीण त्यागी, शहर के सौरव वर्मा, चित्रकूट से सत्येंद्र सिंह, हमीरपुर से सुनील सिंह,शहर के अमरदेव प्रताप सिंह, प्रयागराज से नीलकमल, उरई से सोनू बुधौलिया, कानपुर से कल्याण सिंह मीणा, देवेंद्र कुमार गुप्ता, नोएडा से देवेंद्र यादव, मेरठ से प्रवीण कुमार त्यागी, लक्ष्मीकांत दीक्षित, शिवेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुनील सिंह आदि छात्र मौजूद रहे।

# एन्टी करप्शन की छापेमारी से आक्रोशित लेखपालों ने दिया धरना



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ सिरौलीगौसपुर ईकाई ने तहसील के गेट पर धरना देकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन मांग पत्र जिला अधिकारी सत्येन्द्र कुमार को दिया है। उप्र लेखपाल संघ द्वारा दिए गये ज्ञापन मांग पत्र में कहा गया है कि साजिशन झूंठा फंसाये जाने की नियत से साधरण शिकायत के आधार पर एण्टी करप्सन, विजलेंस टीम द्वारा जबरन ट्रैप की कार्यवाही पर रोक लगाई जाए।

जनता की भूमि बिवाद सहित अधिकांश समस्याओं से सम्बन्धित सन्दर्भ निस्तारण हेतु लेखपाल के पास आते हैं दो पक्षों के बिवाद के निस्तारण सम्बंधी की गयी कार्यवाही से किसी एक पक्ष का असन्तुष्ट होना स्वाभाविक है । पंचायत, विकास विभाग की विविध योजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध कराने एंव अतिक्रमण की स्थिति में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से भी प्रभावित व्यक्तियों के परिवार लेखपाल से दुश्मनी ठान लेता है। लेखपाल को क्षेत्र की राजनीति में घसीटने का प्रयास किया जाता है इस प्रकार विधि विरुद्ध कार्य कराने में असफल एंव विविध कारणों से असन्तुष्ट ब्यक्ति लेखपालों के खिलाफ साजिश करके एण्टी करप्सन टीम द्वारा पकड़वाने की प्रवृत्ति बढती जा रही है। एण्टी करप्सन कार्यालय द्वारा सामान्य शिकायत के आधार पर वास्तविक तथ्यों का परीक्षण किए बगैर शिकायत कर्ता को उकसा कर स्वयं बोल बोल कर शिकायती पत्र लिखवाया जाता है और प्री ट्रैप,जांच की कागजी औपचारिकता कर उसी दिन अथवा अगले दिन लेखपाल को फसाने के लिए विविध प्रयास करके गिरफ्तार कर लिया जाता है।जबरन जेब हाथ वाहन कक्ष में पैसा रख दिया जाता है टीम द्वारा जबरन पकड़ कर लेखपाल के हाथ में पैसा रखवा कर अथवा पाउडर लगाकर अथवा अपने पाउडर लगे हाथ से लेखपाल का हाथ पकड़ कर पानी के गिलास में धुलवाए जाते हैं । धरने में आशुतोष मिश्रा, शुभेन्द्र अवस्थी अवधेश शुक्ला, रामकरण, आनन्द शर्मा,अजय रावत प्रदीप कुमार वर्मा, अनूप कुमार, सहित समस्त लेखपाल शामिल थे।

### लेखपालों ने तहसील में दिया धरना, एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से आक्रोश

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** एंटी करप्शन विभाग पर साजिशन कार्यवाही का आरोप लगाकर हैदरगढ़ तहसील के लेखपालों ने शनिवार को तहसील परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर कार्यवाही की मांग की। लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह व महामंत्री राहुल कनौजिया की अगुवाई में हुए धरना प्रदर्शन में लेखपाल अंकित सिंह गुंजन , पूजा श्रीवास्तव, नवनीता,जूही, शालिनी ,रेखा, सहित चार दर्जन लेखपाल शामिल रहे।

## मानसिक रोग से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुक्रम में एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के मंशानुरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी के तत्वावधान में तथा पंकज कुमार सिंह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में तीन व चार जनवरी तक श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में एडीआर भवन सिविल कोर्ट में मानसिक रोग से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा इकाईः मनोन्याय समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस इकाई के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य मानसिक एवं बौद्धिक रोग से ग्रस्त लोगों को विधिक सहायता प्रदान करना है।

# आटा चक्की के पट्टे में फंसकर मासूम की मौत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लोनीकटरा थाना अंतर्गत छंदरौली गांव में चक्की के पट्टे में फंसकर एक 12 वर्षीय मासूम की मृत्यु हो गई। गांव निवासी लायकराम रावत ने अपने घर पर ही आटा चक्की लगा रखी है। शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे लायकराम की 12 वर्षीय पुत्री गीता ब्रेड खरीदने के बाद घर के अन्दर जा रही थी कि तभी चक्की के पट्टे के निकट से गुजरने के दौरान जैकेट पट्टे में फंस गयी। जिससे बालिका गम्भीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों व परिजनों ने सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुँचाया। जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रवाना किया गया हैं।

## सर्दी से अचेत हुए किसान की अस्पताल ले जाते समय मौत

**जालौन,उरई।** किसी काम के चलते जालौन आया किसान ठंड के चलते सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। राहगीरों ने जब तक किसान को सीएचसी पहुंचाया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अधिक सर्दी के चलते लोगों का हाल बेहाल है। खासतौर पर बुजुर्ग लोगों की हालत खराब है। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर बुजुर्ग निवासी किसान इंद्रबहादुर (60) पुत्र सुखपाल शनिवार को किसी काम के चलते जालौन आए थे। दोपहर करीब 12 बजे वह तहसील रोड पर पैदल ही आ रहे थे। अधिक ठंड के चलते रास्ते में उनकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर सड़क पर ही गिर गए।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से कानपुर जा रहे वाईक सवार युवक की गिरकर हालत हुई नाजुक गम्भीर रुप से घायल युवक को राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस से सी एच सी फतेहपुर उपचार हेतु भेजा गया जहां मौजूद चिकित्सको ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहपुर महमूदाबाद मार्ग पर स्थित कटघरा पुल के पास मोटरसाइकिल सवार राकेश पुत्र मूल चन्द्र निवासी कस्बा पैतेपुर जनपद सीतापुर को अज्ञात वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। टक्कर के बाद राकेश कुमार सड़क किनारे स्थित गहरी खाई में मोटरसाइकिल सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया घटना देख मौजूद राहगीरों ने तत्काल 108एम्बुलेस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर भेजा जहां मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास से मिले कुछ कागजों के माध्यम से उसके पारिवारिक जनों को सूचना देकर मामले की जानकारी दी दुर्घटना की सूचना पाते ही पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया। मृतक के इकलौते पुत्र सतीश कुमार ने बताया कि उसके पिता राकेश कुमार गांव में ही एक मिठाई की दुकान चलाते हैं जिसका सामान लेने के लिए वह दोपहर बाद कानपुर जाने की बात कहकर घर से बाइक से सवार होकर निकले थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए दुर्घटना कर मौके से फरार होने वाले अज्ञात वाहन की तलाश जारी की कोतवाल डी के सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हुई है दुर्घटना कर मौके से फरार होने वाले वाहन की तलाश जारी है आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का एससीएसटी आयोग के चेयरमैन ने किया शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

त्रिवेदीगंज क्षेत्र के ककरी स्थित मिनी स्टेडियम में शनिवार को विकासखंड स्तरीय उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन बैजनाथ किसान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जगसेन वर्मा एवं समापन खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संपन्न हुई प्रतियोगिता में 100 मी. सीनियर बालक वर्ग में अरुण प्रथम,आनन्द द्वितीय व मालिकराम तृतीय,100 मी. जूनियर बालक में प्रशान्त, वीरु व शिवा,100 मी0 सब जूनियर में अतुल,आयुष व अभिषेक 800 मी. बालक सीनियर में आनन्द,विकास साहू व अरुण धीमान, 800 मी. वालक जूनियर में आकाश,आदेश व अनुराग वर्मा,400 मी0 वालक सब जूनियर में अतुल वर्मा, विवेक व रंजीत,1500 मी. वालक सीनियर में रमन सिंह, सौरभ रावत व सत्यम वर्मा, गोला फेंक वालक वर्ग में कपिल यादव, विपनेश व अभिषेक ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। इसी क्रम में कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में जौरास की टीम विजेता वहीं लोनीकटरा उपविजेता रहा । कबड्डी जूनियर बालक वर्ग में तेजवापुर विजेता व त्रिवेदीगंज उप विजेता रहा। इसी क्रम में बालिका वर्ग में 100 मी. सीनियर में सरिता, सलोनी व मानसी,100 मी0 जूनियर में यास्मीन, अंजली, सुमन, 200मी. जूनियर में तनू वर्मा, काजल प्रजापति व करिश्मा, 400 मीटर सीनियर वर्ग में सरिता,अंजली व अंतिमा ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इसी क्रम में कबड्डी जूनियर वर्ग में मंगलपुर विजेता एवं ककरी गांव की टीम उपविजेता रही। वॉलीबाल जूनियर बालक वर्ग में छंदरौली की टीम विजेता व जौरास की टीम उपविजेता रही।

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विशाल वर्मा की देखरेख में संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में खेल अनुदेशक सोनवीर सिंह,प्रेमराज, मुकेश मिश्रा, अजीत कुमार, सोमनाथ,संजय कुमार, दिलीप एवं पीआरडी के जवान सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# छात्रा को बहला-फुसलाकर भगाने की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पढ़ने के लिये घर से निकली एक छात्रा को बहला फुसलाकर कर भगाने का आरोप लगाने पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है है।

**जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की शुरू**

जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुये बताया कि दिनांक 31.12.024 को सुबह 8.00 बजे प्रार्थी की पोती उम्र करीब 14 वर्ष घर से कन्या इंटर कालेज जैदपुर पढने गई थी। जो अभी तक घर वापस नहीं गई। प्रार्थी ने काफी खोज वीन की परन्तु कुछ पता नहीं चला है। दिनांक 01.01.025 को प्रार्थी के लड़के के मोबाइल पर एक मोबाईल नं से फोन आया और एक महिला ने बताया कि हमारे यहां आराम कर रहे सुमित गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता निवासी ग्राम हेडवा थाना-कोठी जिला- बाराबंकी अपने साथ लेकर अमृतसर आया है। जिससे ज्ञात होता है कि सुमित गुप्ता मेरी पोती को बहला फुससला कर अपने साथ भगा ले गए है। जिसको सुमित गुप्ता के साथ भगवाने में पिता-सुनील गुप्ता व. भाई- अमित गुप्ता का सहयोग मिली भगत है। जबकि जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

# मरगायां गौशाला में गंदगी में बैठे मिले गौवंश, दी चेतावनी

**कदौरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**



मरगांया गोशाला का निरीक्षण में पशु चिकित्साधिकारी को गंदगी में बैठे मिले गोवंश।

भीषण ठंड को देखते हुए डीएम ने गोशालाओं की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के साथ ठंड से बचाव के सख्त निर्देश दिए हैं। डीएम के निर्देश पर पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन कर्मियों के साथ ब्लॉक क्षेत्र की चर्चित मरगांया गोशाला सहित चतेला, बवीना स्थित गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखी।

उन्होंने कहा कि गोशालाओं में संरक्षित गोवंशों को ठंड से बचाने के साथ उनके भूसे चारे का उचित प्रबंध होना बेहद जरूरी है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरगांया गोशाला में गंदगी और गोवंशो को मटर का भूसा खिलाए जाने पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी। शुक्रवार को पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शरद यादव ने ब्लॉक क्षेत्र की विवादित (चर्चित) मरगांया गोशाला का निरीक्षण किया। गोशाला के अंदर गंदगी (कीचड़) में गोवंशो को बैठे देखा तो नाराजगी जताते हुए तत्काल साफ सफाई के निर्देश दिए। गोवंशो को मटर का भूसा खाते देख उन्होंने प्रधानपति से पूछा तो संतोषजनक जवाब न मिलने पर चेतावनी दी। उसके बाद उन्होंने चतेला और बवीना गांव स्थित गोशालाओं का निरीक्षण कर भूसा व हरे चारा,दाने के बारे में जानकारी ली। ठंड से बचाव के लिए बेहतर इंतजाम के निर्देश दिए। कहा कि गोशाला संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरते वरना कड़ी कार्यवाही होगी। इस दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी नितेश पटेरिया, गजेंद्र सिंह सहित ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## सर्दी का सितम मंदिरों में सो रहे दो साधु वेशधारियों ने तोड़ा दम

**कालपी,जालौन।** सर्दी अब जानलेवा बन रही है। शनिवार सुबह मंदिरों को ठिकाना बनाए दो साधु वेशधारियों की मौत हो गई है। वैसे तो सर्दी का मौसम प्रतिवर्ष आता है जिससे बचने के लिए लोग अपने सामर्थ अनुसार इंतजाम भी करते हैं तो शासन की तरफसे भी प्रशासन द्वारा लोगों को ठंड से बचाने के लिए अलाव तथा कम्बल आदि की भी व्यवस्था करते हैं लेकिन इसके बाद भी इस सर्द मौसम में बीमार और वृद्ध दम तोड़ देते हैं हालांकि विगत तीन दिनों से सर्दी पूरे शबाब पर है और नगर और क्षेत्र का पारा 5 सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है जो इस क्षेत्र के हिसाब से काफी कम है और इसके परिणाम भी सामने आने लगे हैं और शनिवार सुबह मुहल्ला महमूदपुरा स्थित तथा यमुना किनारे मौजूद नरसिंघ टीला नामक मन्दिर में रह रहे साधुवेशधारी फक्कड़ बाबा की मौत हो गई है वह सुबह अपने विस्तर में मृत मिले है। क्षेत्र के लोगों ने उसरगांव में रह रहे साधु के परिजनों को सूचित किया है। वही नगर के मुहल्ला कागजीपुरा में शिव मंदिर में रह रहे साधु मुन्ना बाबा भी शनिवार सुबह मंदिर के बरामदे मे मृत मिले है। उनकी मौत कैसे हुई यह तो किसी को नहीं पता बल्कि वह शुक्रवार शाम अच्छी हालात में लेटे थे लेकिन शनिवार सुबह बिस्तर पर मृत मिले है जिससे कयास लगाए जा रहे हैं।

### मस्जिद की जमीन पर दबंगों ने अतिक्रमण कर बनाया चबूतरा

**जालौन (उरई)।** मस्जिद की जगह पर कुछ लोगों द्वारा जबरन अतिक्रमण कर चबूतरा बनाया जा रहा है। मोहल्ले के लोगों ने एसडीए को ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। नगर के मोहल्ला दबगरान स्थित मस्जिद के सदर मोहम्मद शानू समेत मोहल्ले के सिराज, रिजवान, इमरान, शहबाज खान, मोहम्मद तारिक आदि ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि उनके मोहल्ले में मस्जिद है। इस मस्जिद की जगह का कुछ हिस्सा खाली पड़ा है। मस्जिद के खाली पड़े हिस्से में मोहल्ले के ही कुछ लोग अवैध रूप से जबरन अतिक्रमण कर रहे हैं। अतिक्रमण कर वह चबूतरे का निर्माण करना चाहते हैं। जब मस्जिद की जगह पर निर्माण से उन्हें रोका जाता है तो वह झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। आरोप लगाया कि इसको लेकर न्यायालय में एक वाद भी विचाराधीन है। जिस पर अभी तक कोई निर्णय नहीं आया है। इसके बाद भी वह लोग जबरन निर्माण करना चाह रहे हैं। मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम से मस्जिद की जगह पर हो रहे निर्माण कार्य को रूकवाने की मांग की है।

**कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बाराबंकी**

**साक्षात्कार की सूचना**

संख्या-3326 H.W.C./2024-25/ दिनांक-04.01.2025

कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बाराबंकी द्वारा राजकीय आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में अंशकालिक योग प्रशिक्षक (महिला/पुरूष) पद के चयन हेतु जारी विज्ञप्ति संख्या 2724/HWC/2024-25 दिनांक 9 नवम्बर 2024 के सन्दर्भ में अर्ह पाये गये अभ्यार्थियों को अवगत कराना है कि उक्त पदों पर चयन प्रक्रिया हेतु साक्षात्कार दिनांक 16.01.2025 दिन गुरूवार (Thursday) समय- प्रातः 10 बजे विकास भवन, बाराबंकी में होना सुनिश्चित हुआ है, यथा समय उपस्थित रहें।

**डॉ. वीनम यादव**
**क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बाराबंकी।**

**कार्यालय ग्रा0पं0 हसनापुर विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः01/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त के अन्तर्गत वितीय वर्ष 2024-25 दिनांक 04/01/2025

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त के अन्तर्गत ग्राम पंचायत हसनापुर विकास खण्ड शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 05/01/2025 से दिनांक 11/01/2025 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 11/01/2025 को अपरान्ह 3 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 05/01/2025 से दिनांक 11/01/2025 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट का कार्य | 2.78 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (सहदेव सिंह) ग्रा0पं0 हसनापुर, विकास खण्ड शमशाबाद सचिव (दिलीप कुमार)

## पुलिस ने जुआ खेलते सात जुआड़ी को पकड़ा

**जालौन,उरई।** गांव में पार्क के पास जुआ खेल रहे सात लोगों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से लगभग 11 हजार 790 रुपये बरामद किए। कोतवाली में तैनात एसएसआई गौरव मिश्रा को सूचना मिली कि सुढ़ार सालाबद गांव में पार्क के पास कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही वह एसआई राजेश वशिष्ठ व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुचं गए। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही वहां जुआ खेल रहे लोगों ने भागने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने मौके से हरेंद्र सिंह, अंशुल, कल्लू उर्फ रिषी, रामभद्र उर्फ जीतू, रामेश्वर उर्फ रामू, महावीर व आदित्य निवासीगण सुढ़ार सालाबद को दबोच लिया।

# निषाद पार्टी की जन जागरण रथ यात्रा का हुआ स्वागत



**धुरियापार/उरुवा/गोरखपुर समृद्धि न्यूज।**

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के नेतृत्व में निकाली गयी जन जागरण रथ यात्रा के शनिवार को धुरियापार में पहुंचने पर निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बाजे- गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया। निषाद पार्टी के बैनर तले निकली गयी जन जागरण रथ यात्रा का उद्देश्य निषाद समाज की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक क्षेत्र में अति पिछड़ी मांझी, मझवार, मल्लाह, केवट, बिन्द, सोरहिया, चाई, खूनवट, कश्यप, कहार, गोड़िया, बाथम, लोध, गोंड,भर व तुरहा जातियों को आरक्षण दिलाना है। इस अवसर पर बंशीधर निषाद, रामदयाल, हरिहर, कल्पनाथ, राम भुवाल, राजू साहनी, हरिश्चंद्र साहनी, राम कोमल, रामकिशुन, बाढ़ू निषाद, रामचेत साहनी सहित सैकड़ो की संख्या में निषाद समाज के लोग मौजूद थे।

जन जागरण रथ यात्रा पर निकले प्रदेश के काबीना मंत्री डॉ संजय निषाद को क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के प्रदेश प्रभारी बृजनाथ तिवारी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष डॉ राकेश शर्मा ने अपने जिलापदाधिकारियो के साथ पत्रकार के अधिकार व हितो की रक्षा सम्बंधित एक ज्ञापन सौपा। काबीना मंत्री को दिए गए ज्ञापन में लिखा गया कि क्रांतिकारी प्रत्रकार परिषद गोरखपुर द्वारा आपका ध्यान आकर्षित कराते हुए निवेदन है कि समस्त पत्रकारिता जगत से जुड़े पत्रकारों को उचित मानदेय,दुर्घटना बीमा,नि:शुल्क आवास ,स्वास्थ्य सुविधा हेतु आयुष्मान कार्ड,तथा पत्रकार आयोग का गठन अबिलम्ब कराने हेतु संबंधित विभाग को आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान करते हुए आप द्वारा की गई कार्यवाही से हम पत्रकारों को अनुग्रहित करावे। ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से मंडल प्रभारी राजनारायण ओझा, प्रदीप मिश्रा राजेश दीक्षित सहित क्रांतिकारी पत्रकार परिषद के अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

**जिलाध्यक्ष ने अपने जिलापदाधिकारियो के साथ पत्रकार के अधिकार व हितो की रक्षा सम्बंधित एक ज्ञापन सौपा**

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोहम्मदाबाद-फर्रुखाबाद**

पत्रांकः /लेखाकार/के0/रा0वित्त योजना/2024-2025 दिनांक 04/01/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत मोहम्मदाबाद जनपद-फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना के निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 04/01/2025 से 10/01/25 की अपरान्ह 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमात्रिंत की जाती है जो दिनांक 10/01/2025 की सायं 04:00 बजे विकास खण्ड कार्यालय मोहम्मदाबाद खण्ड विकास अधिकारी, अवर अभियन्ता (ग्रा0अ0वि0) सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0) एवं उपस्थिति निविदादाताओ के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 04/01/2025 से 10/01/25 की अपरान्ह 2:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद से रूपया-500-00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.स | कार्य का नाम | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम पुठरी में आसलपुर डामर रोड मार्ग से संजू सिंह चौहान के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 9.91 | 20000 | 500-00 |
| 2- | कुबेरपुर डूंगरसी में शेर सिंह के घर से प्रा0स्कूल तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 9.94 | 20000 | 500-00 |
| 3- | भरतपुर रसूलपुर में खाद गड्ढो से प्रा0वि0 तक नाला निर्माण कार्य | 9.95 | 20000 | 500-00 |

**नियम व शर्ते-** खण्ड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मोहम्मदाबाद-फर्रुखाबाद**

# लोकगीत गायक मामे खान ने बिखेरा जलवा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



इटावा, इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी के अंतर्गत प्रदर्शनी पंडाल में शुक्रवार को कार्यक्रम द फॉक आर्केस्ट्रा ऑफ राजस्थान के अंतर्गत प्रसिद्ध लोकगीत गायक मामे खान द्वारा राजस्थानी लोकगीतों एवं फिल्मी गीतों को सुनकर लोग झूम उठे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया विधायक इटावा सदर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी अवनीश राय अध्यक्ष इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, जिला न्यायाधीश चवन प्रकाश व समस्त प्रशानिक अधिकारी एवं कार्यक्रम संयोजक मयंक यादव निदेशक सुदिति ग्लोबल एकेडमी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया को मालती देवी एवं नायब तहसीलदार प्रीति सिंह ने बुके भेंटकर एवं शाल उड़ाकर स्वागत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम के संयोजक मयंक कुमार निदेशक सुदिति ग्लोबल एकेडमी ने सभी विशिष्ट अतिथियों को बुके भेंट कर एवं शाल उड़ाकर स्वागत किया। एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस कार्यक्रम में देश विख्यात राजस्थान के लोकगीत गायक मामे खान व उनकी पूरी टीम लगभग 40 सदस्यों ने अपने साज के साथ बहुत ही मनमोहक लोकगीतों एवं गीतों को गाया। पधारो म्हारे देश, जब भी देखूं बन्ना की लाल पीली अखियां, म्हारे हिवड़ा में जागी डोगरी एवं दमादम मस्त कलंदर आदि गीतों पर दर्शकों ने खूब ठुमके लगाए व जमकर आनंद लिया अंत में वंदे मातरम गीत के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर जिलाधिकारी अवनीश राय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा सभी प्रशासनिक अधिकारी व कार्यक्रम संयोजक मयंक यादव सह संयोजक पवन कुमार ने प्रसिद्ध लोक गीत गायक मामे खान को प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

इटावा महोत्सव

# चाइल्ड लाइन 1098 की सेवाओं की दी जानकारी




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. पल्लवी सिंह के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के कर्मचारी प्रदीप कुमार ने जिला महिला अस्पताल, कासीराम कालोनी व नाका चौराहे पर सभी को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में पूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि 0 से 18 वर्ष के बच्चों की 24 घंटे रातो दिन सातों दिन मुसीबत में फसे बच्चों के लिए टोल फ्री नंबर 1098 पर काल करके ले सकते है। जानकारी देते हुए सभी को चाय, बिस्किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में वंदना पीस फाउंडेशन की ट्रेनर आरती, सीएम कार्यालय के वाहन चालक मारुति नंदन, सचिन सिंह, नरेश, एकता, दीपमाला आदि लोग सम्मलित हुए।



# गोवंश को ठंड से बचाव के लिए गौशालाओं में करें बेहतर इंतजाम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

प्रत्येक गौशाला का लेजर अकाउंट मेंटेन होना चाहिये। गोवंश को ठंड से बचाव हेतु गौशालाओं के सेड को त्रिपाल से ढका जाये। अलाव जलाया जाये, सेड में किसी प्रकार से नमी न होने पाये आदि सभी प्रकार की सुविधा पूर्ण रुप से होनी चाहिये।

यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गोवंश संरक्षण के संबंध में बैठक में कहीं। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए पोर्टल के डेटा के अनुसार गौशालाओं में गोवंश होना चाहिये। यह डेटा फाइनेन्स से जुड़ा है। किन- किन गौशालाओं में कितना पैसा गया है। और कितना जाना शेष है। माहवाइज डेटा तैयार कर आगामी बैठक में उपलब्ध कराया जाये। किसी भी प्रकार का फर्जी डेटा न भरा जाये। गौशालाओं के केयरटेकरों का मानदेय समय से दिया जाये। असामाजिक तत्वों द्वारा गोवंशो को पकड़े जाने की शिकायत नही मिलनी चाहिये, ऐसी स्थिति पाये जाने पर सभी की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। डाक्टरो द्वारा विजिट कर माहवाइज गौशालाओं में बढ़े हुये गोवंश और मृतक गोवंशों का रोस्टर तैयार किया जाये। आंकड़ो का रखरखाव मजबूती के साथ किया जाये, डाटा सही रहेगा तो किसी प्रकार के गबन का आरोप भी नही लगेगा। पोर्टल को समय- समय से अपडेट किया जाये। गोवंशो का समय से इलाज एवं वैक्सीन लगायी जाये। ब्लाक हसेरन के किशनपुर वसन्त एवं राजपुर करना में निर्माणाधीन गौशाला का कार्य शीघ्र पूर्ण कर संचालित किया जाये। जलालाबाद के जेवा में गौशाला का निर्माण का पूर्ण हो चुका है।

उसमे गोवंशो को सिफ्ट कर संचालित किया जाये। नैपियर घास तैयार हो चुकी है उसका भी प्रयोग शुरु किया जाये। गौशालाओं में भूसे की कमी से पूर्व ही भूसा क्रय कर लिया जाये। जिससे चारे की कमी न होने पाये। गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत और लाभार्थियो को लाभान्वित किया जाये। 672 लाभार्थियो के बकाया धनराशी का भी भुगतान यथाशीघ्र किया जाये। अंडा उत्पादन बढ़ाये जाने हेतु पशुधन प्रसार अधिकारियों को लक्ष्य आवंटन किया जाएं। बैठक में मुख्य सीडीओ राम कृपाल चौधरी, डीसी एनआरएलएम राजकुमार लोधी सहित संबंधित अधिकारीगण रहे।



**जिलाधिकारी ने गोवंश संरक्षण के संबंध में की बैठक**

जिलाधिकारी ने मनरेगा द्वारा कराये जा रहे कार्यो के संबंध में बैठक करते हुए समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्र को आगे बढ़ाने जाने में अपनी महती भूमिका निभायें और प्रत्येक क्षेत्र में अच्छा कार्य करें। बसन्त पंचमी के अवसर पर दंगल, कबड्डी, बॉलीवाल जैसे प्रतियोगिता का आयोजन कराये और वहां के लोगो को मोटीवेट करके अच्छी दिशा दें। उन्होने उपायुक्त मनरेगा को निर्देश दिए कि निर्माणाधीन 12 विलेज हॉट एवं 19 मनरेगा पार्को में जो कार्य चल रहा है। उसमें और तेजी लायी जाये। 100 खेल मैदान बनाये जाने के सापेक्ष निमार्णाधीन 70 खेल मैदानो के कार्य में तेजी लाएं। 27 खेल मैदानो में कार्य शीघ्र शुरु किया जाये तथा शेष 03 खेल मैदानो को चिन्हांकन यथाशीघ्र किया जाये।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी समस्याएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, विद्युत कनेक्शन, भूमि विवाद, शौचालय, वृद्धा, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन आदि से संबंधित जनता की समस्याएं सुनने के पश्चात अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों द्वारा जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं। उनका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय में किया जाये। फरियादी को बार- बार सम्पूर्ण सभाधान दिवस, कार्यालय में चक्कर न लगाना पड़े। शिकायती पत्र मिलने के उपरान्त शिकायत का निस्तारण की कार्यवाही तत्काल शुरु की जाये। इसे मुख्यतः श्रेणी में रखा जाये। प्रत्येक दशा में शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए। कोई भी शिकायत लंबित नही रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ/1076 के संदर्भ/शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय से अनिवार्य रूप से कर दिया जाए।

तहसील सदर में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 129 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 5 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित किया गया। इस दौरान एसपी अमित कुमार आनंद, सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता, एसडीएम सदर रामकेश सिंह, तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण रहे।

# हाड़ कपाऊ ठंड में नगर पंचायत के अलाव बनें सहारा

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



हाड़ कपाऊ ठंड के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया सर्दी के कारण सड़कों पर सन्नाटा दिखाई पड़ रहा है दोपहर में ही इक्का-दुक्का लोग दिखाई पड़ते हैं शाम होते ही कोहरा आ जाता है और पूरे दिन गलन बनी रहती है। शनिवार को दोपहर बाद हल्की फुल्की धूप तों निकली लेकिन शाम होते ही गलन शुरू हो गई थी समधन मेन सड़क सब्जी मंडी बाजार व मंदिरों, मस्जिदों के बाहर जगह-जगह नगर पंचायत कार्यालय द्वारा अलाव जलवाएं जा रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों व राहगीरों को सर्दी से बचाव के लिए काफी राहत मिल रही है। लोग अलाव का सहारा लेकर ठंड को दूर कर रहे हैं।

भीषण सर्दी के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया इस सर्दी में पशु पक्षियों का हाल-बेहाल है। उधर किसानों ने आलू फसल में झुलसा बचाव के लिए दवा का छिड़काव करना तेज़ कर दिया है किसानों की माने तो यह कोहरा गेहूं फसल के लिए लाभदायक साबित होगा।

# अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव का किया स्वागत

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**





छिबरामऊ नगर पालिका द्वारा कोई भी अलाव का नहीं लगाया गया तिरंगा चौराहा पर लोगों ने अपने-अपने चंदे के पैसों से लकड़ी मंगवाकर सर्दी से बचाव किया और एक से वाले कूड़ा भीन कर जलाकर अपनी-अपनी सर्दी का बचाव करते नजर आ रहे हैं नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई भी पूर्वी बाईपास से लेकर पश्चिमी बाईपास तक कहीं भी अलाव की लकड़ी नहीं जलवाई जिससे लोगों में चर्च का विषय बना हुआ है कि हर साल नगर पालिका द्वारा लकड़ी जलाकर अलाव लगाया जाता है इस बार नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई भी कर नहीं किया गया जबकि हर साल की तिराहा चौराहा पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा अलाव का इंतजाम किया जाता था पश्चिमी बाईपास पर कूड़ा बिन वाले बच्चे जगह-जगह पर आग कागज भीन कर सर्दी का बचाव कर रहे हैं।

यही हाल पूर्वी बाईपास का है जबकि सुबह से ही सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है जिससे राहगीर वह स्थानीय लोग टुडरे नजर आ रहे हैं आम चर्चा है कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार विगत कई वर्षों से रैन बसेरा का नगर पालिका परिषद द्वारा बनाया जाता था जिसमें गरीब बाहर के यात्री रात्रि विश्राम कर सकते थे इस वर्ष रेन बसेरा भी नहीं बन सका- छिबरामऊ कन्नौज कोर्ट परिसर में समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता सभा के अमित राजपूत एडवोकेट को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर अधिवक्ता साथियों ने फूलमाला पहनकर मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया पार्टी ने अधिवक्ता साथी को जो जिम्मेदारी दी है ईमानदारी से पार्टी के हित में कार्य करेंगे इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे।

इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदरणीय अरविंद कुमार सिंह राठौड़ एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष राजेश शाक्य एडवोकेट शिव राजपूत एडवोकेट अंकित यादव एडवोकेट शिवराज सिंह यादव एडवोकेट संजीव दुबे एडवोकेट संजीव द्विवेदी एडवोकेट यादवेंद्र सिंह एडवोक रामसेवक वर्मा एडवोकेट सरजीत यादव एडवोकेट आदि अधिवक्ता साथियों ने आशीर्वाद देकर उत्साह वर्धन किया।

# उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बने मनोज दुबे



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उप्र उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा एवं समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी की सहमति के आधार पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनोज दुबे को प्रदेश कार्य समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु हमेशा करत रहेंगे। प्रदेश एवं जनपद के व्यापारियों के हित में हमेशा संघर्ष करते रहेंगे सभी को हमेशा साथ लेकर संगठनहित मैं अपनी सेवाएं देते रहेंगे। कुशल नेतृत्व में व्यापारी समाज की समस्याओं का समाधान भी करता रहूंगा। के दौरान महिंद्रा एंड महिंद्रा के प्रोपराइटर आनंद गुप्ता, सुशील दुबे, शिवम दुबे, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# तहसील समाधान दिवस में आई 87 शिकायतों में सात निपटी

## एसडीम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**तिर्वा, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी।

87 फरियादियों ने विभिन्न विभागों से सम्बन्धित अपनी शिकायतें अफसरों के सामने रखी। जिनमें सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।



फरियादियों की शिकायतें सुनते अफसर

शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए गए। एसडीएम अशोक कुमार की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस की शुरूआत हुई। इस दौरान मौजूद अफसरों व कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए एसडीएम ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से ले। समय से मौके पर जाकर समस्या का समाधान करें। निस्तारण के बाद फरियादी को सूचना दें। इस मौके पर तहसीलदार अवनीश सिंह के अलावा क्षेत्रीय लेखपाल व अन्य विभाग के अफसर मौजूद रहे।

# गलत दिशा से चलने वाले 24 वाहनों के काटे गए चालान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस लगाकर अभियान चलाकर नियमों का पालन कराने के लिए जागरूक कर रही है। और गलत दिशा चलने वाले वाहन चालकों पर चालान की कार्यवाई भी कर रही है।

शनिवार को यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने पाल चौराहे से लेकर मानीमऊ रेलवे क्रासिंग तक रॉन्ग साइड चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 24 वाहनों के चालान किए गए। एनएच 34 पर वाहन चालकों को लेन ड्राइविंग के बारे में भी जागरूक किया गया। रॉन्ग साइड आ रहे, कई वाहनों को हिदायत देकर सही दिशा में चलने को कहा गया। सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, मुख्य आरक्षी विजय बाबू, आरक्षी धनीराम यादव सहित आदि रहे।



वाहन चालक को हिदायत देते यातायात प्रभारी आफाक खां

# ई-ऑफिस प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों को मिला सम्मान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

ई- ऑफिस प्रणाली को जनपद में क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशस्ति पत्र पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा पुलिस कर्मियों को दिया गया।

सुशासन दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में संचालित ई- ऑफिस प्रणाली का जनपद के समस्त थानों, कार्यालयों व शाखाओं में शत-प्रतिशत लागू किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश प्रशांत कुमार द्वारा ई- ऑफिस प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मी प्रधान लिपिक उपनिरीक्षक मो. रईस, उपनिरीक्षक त्रिपुरेश तिवारी (आंकिक), डीसी सुशील कुमार प्रजापति, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड- ए सुभाष सक्सेना कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए और आरक्षी ज्ञानेन्द्र सिंह ई.एम.डी ई-ऑफिस को प्रशस्ति- पत्र प्रदान किया गया। पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति- पत्र एसपी अमित कुमार आनंद ने प्रदान किया।



प्रशस्ति- पत्र के साथ पुलिसकर्मी व मौजूद एसपी



## उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दिया ज्ञापन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के आव्हान पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धाएं एमएसएमई हितों और उपभोक्ता संरक्षण की रक्षा के लिए ई- कॉमर्स में विनियमन अधिनियम बनाएं जाने के संदर्भ में सांसद अखिलेश यादव को एक ज्ञापन उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि को दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम जी अग्रवाल, प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील कुमार दुबे, जिला महामंत्री रतन गुप्ता व नवीन प्रकाश गुप्ता, जिला संयुक्त महामंत्री संजीव गुप्ता, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष शिव प्रताप मिश्रा, नगर अध्यक्ष अरविंद दुबे, नगर महामंत्री प्रदीप गुप्ता व कपिल गुप्ता नारायण दास कंजनी पुनीत गुप्ता नीरज ब रोहित दुबे आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# बैंक कर्मी ने बकायेदार के घर में लगाया ताला

**घर में बंद परिजनों ने पुलिस को दी सूचना**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

घर पर वसूली करने गया बैंक कर्मी बकायेदार के घर के बाहर ताला डालकर चला आया। बकायेदार के द्वारा पुलिस को सूचना देने पर बैंक कर्मी ने पुलिसकर्मियों से भी अभद्रता की। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने बैंक कर्मी को हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ शुरू कर दी है।शनिवार को नगर के एक मोहल्ले में निजी बैंक कर्मी नगर के मोहल्ला अफ्सरी में एक बकायेदार के यहां किस्त लेने गया हुआ था। जहां किस्त न मिलने पर बैंक कर्मी ने बकायेदार के घर के बाहर गेट पर ताला डाल दिया और शाखा में पहुंच गया। इसके बाद पीड़ित बकायेदार ने कोतवाली पुलिस को फोन द्वारा घटना की सूचना दी। जिस पर पुलिस ने बैंक कर्मी को फोन कर ताला खोलने की हिदायत दी। इस पर बैंक कर्मी ने पुलिसकर्मियों से ही गाली गलौज की। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने बैंक कर्मी को हिरासत में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## युवक को मारपीट कर दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर आरोपित ने युवक के साथ गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम मीरपुर निवासी अनुज कुमार पुत्र रामनरेश ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि 03 जनवरी की शाम लगभग 6.30 बजे वह गुरसहायगंज से अपने गांव जा रहा था। तभी गांव काजीपुरा स्थित सरकारी नलकूप के पास पहले से ही खड़े ग्राम कटकैया निवासी रसकेंद्र ने रंजिश को लेकर उसे रोककर गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध तरीके से किसी को थाने चौकी पर न बैठाएं : सीओ



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्राधिकारी ने थाना तालग्राम पहुँच सभी चौकी, हल्का प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार द्वारा थाना तालग्राम पर सभी चौकी, हल्का प्रभारियों के साथ विवेचना निस्तारण, जनसुनवाई के प्रार्थना पत्रों, आइजीआरएस निस्तारण, अपराधियों के सत्यापन की समीक्षा की। तथा रात्रि गस्त, अवैध तरीके से किसी को थाने चौकी पर नहीं बैठाने के संबंध में उच्चाधिकारियों के आदेश निर्देशों से अवगत करवाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी शशिकांत कनौजिया सहित आदि लोग रहे।

# नगर पालिका ने नहीं किया अलाव का प्रतिबंध

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भीषण ठंड के कारण नगर पालिका द्वारा कोई अलाव का प्रतिबंध नहीं किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार गरीबों के लिए तमाम सर्दी के उपाय के लिए नगरपालिका व नगर पंचायत के लिए करोड रुपए का बजट दिया जाता है की गरीबों के लिए राहगीरों के लिए नगर पालिका नगर पंचायत तिराहा और चौराहों पर सर्दी के बचाव के लिए अलाव लगाए जाएं जिससे गरीबों राहगीरों को सर्दी से मिल सके।

## किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे किसान पोर्टल पर करायें पंजीकरण

**जालौन,उरई।** केंद्र सरकार द्वारा कृषकों को प्रदान की जा रही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए आनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। निर्धारित पोर्टल पर पंजीकरण न होने पर किसानों को सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल सका। इसलिए सभी किसान अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने जानकारी देकर बताया कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में किसान सम्मान निधि योजना चलाई जा रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए अब निर्धारित पोर्टल पर किसानों का पंजीयन अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने तहसील क्षेत्र के किसानों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, लेखपाल अथवा कृषि विभाग के कर्मचारी के माध्यम से किसान आसानी से अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

# अर्धनग्न अवस्था में मिली मानसिक विक्षिप्त युवती

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के रेलवे स्टेशन से चौराहा के बीच स्थित दुकान के बाहर एक अर्धनग्न मानसिक विक्षिप्त युवती सुबह लोगों को दिखाई दी। इसके बाद स्थानीय लोगों व दुकानदारों ने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने युवती को कोतवाली लाकर पूछताछ की और परिजनों को सूचना देकर उनके सुपुर्द कर दिया। शनिवार की सुबह नगर मुख्य चौराहा स्थित पुलिस चौकी के निकट रेलवे रोड स्थित दुकान के सामने तालग्राम के ग्राम बलिदासपुर निवासी मानसिक विक्षिप्त 18 वर्षीय युवती अर्धनग्न अवस्था में मिली। सुबह दुकान खोलने के लिए पहुंचे दुकानदारों ने युवती को आपत्तिजनक व बेहोशी की हालत में देखा तो कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे कस्बा प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने युवती को कोतवाली लाकर पूछताछ शुरू कर दी। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने घटना की सूचना युवती के परिजनों को दी। पुलिस की सूचना पर युवती के पिता व भाई कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस ने युवती को उनके सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने बताया कि युवती अपनी मां के साथ घर से लापता हो गई थी। दोनों मानसिक विक्षिप्त है और अक्सर घर से लापता हो जाती है।

# लेखपालों पर न हो एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई

**तिर्वा, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

विजिलेंस व एंटी करप्शन टीम द्वारा रिश्वत लेते लेखपालों के रंगे हाथों पकड़े जाने के मामलों को लेकर शनिवार को तहसील परिसर में लेखपाल संघ द्वारा विरोध जताया गया। इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। बाद में करीब एक घण्टे तक लेखपालों ने धरना भी दिया।

लेखपाल संघ के अध्यक्ष अभिषेक यादव ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया कि लेखपाल क्षेत्र में रहकर काम करते हैं। पैमाइश के दौरान अक्सर एक पक्ष लेखपाल से नाराज हो जाता है। नाराज होने वाला पक्ष लेखपाल को फंसाने के लिए तमाम प्रयास करता है। उसकी झूठी शिकायतें करता है। जब कोई जोर नहीं चलता, तो उसपर भ्रष्टाचार व रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एंटी करप्शन व विजिलेंस टीम से उसे पकड़वाने का प्रयास करता है।

प्रदेश में पिछले दिनों कई लेखपाल इस कार्रवाई का शिकार हो चुके हैं। जिससे लेखपाल संघ में काफी असंतोष है। उन्होने मांग करते हुए कहा कि लेखपालों पर विजलेंस व एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई को रोका जाएग। इस मौके पर विवेक पाल, सद्दाम हुसैन, उमेश चन्द्र, शिवरतन सिंह, आयुष सिंह, अवध बहादुर समेत कई लेखपाल मौजूद रहे।



तहसील परिसर में धरना देते लेखपाल

## ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर युवक की मौत

**रामपुरा,जालौन।** ईटों से लदी ट्रैक्टर ट्राली के नीचे कुचल कर युवक की मृत्यु हो गई है। घटना की जानकारी जैसे ही मृतक के परिजनों को पता चली तो परिवारजनों में कोहराम मच गया। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम गुढ़ा के पास ईंटे भरकर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर सोनू पुत्र बृजबिहारी राजपूत लगभग उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम महटौली थाना रामपुरा की मृत्यु हो गई। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम महटौली निवासी अर्पित पुत्र शिवकांत उर्फ गुड्डू तिवारी अपने महिंद्रा ट्रैक्टर से अजीतमल औरैया ईंटे भरने गया था, दोस्ती यारी का वास्ता देकर वह अपने साथ सोनू पुत्र बृजबिहारी राजपूत निवासी महटौली को भी साथ ले गया।

## अदालती सूचना

**व अदालत उपजिलाधिकारी तिर्वा**
**जनपद - कन्नौज वाद संख्या-**
**T202403390310234/20.12.2024**
**धारा- 38(2)उ.प्र. राजस्व संहिता**
**ग्राम-ड्योढ़ा परगना- तिर्वा**

मुन्नी देवी बनाम गांव सभा

1.सियाचन्द्र पुत्र इतवारी नि.ड्योढ़ा पर. व तह. तिर्वा

2.सूवालाल पुत्र सुन्दर लाल नि.ड्योढ़ा पर. व तह. तिर्वा

3.शशी देवी पत्नी प्रताप सिंह निवासी सुभाष नगर, गदनापुर चौधरी गुरसहायगंज कन्नौज।

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि न्यायालय में उपरोक्त वाद में आप की उपस्थित हेतु दिनांक 13.01.25 मुकर्रिर है। अतः आप दिनांक 13.01.25 को न्यायालय में उपस्थित आकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, नियत तिथि पर आपका पक्ष न प्रस्तुत होने की दशा में यह समझते हुये कि उक्त वाद में आपको अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करना है और वाद में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुये अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**दिनांक: 04.01.2025**
**उपजिलाधिकारी (न्यायिक) तिर्वा**
**द्वारा, वाचक**
**उपजिलाधिकारी, तिर्वा।**

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 29 फरियादी पहुंचे, दो समस्याओं का हुआ समाधान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 29 शिकायतकर्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंचे, लेकिन मौके पर केवल दो को न्याय मिल सका। जिसमें राजस्व विभाग की सोलह, पुलिस विभाग की पांच, विकास विभाग की तीन, विद्युत विभाग की तीन, चकबंदी अथव अन्य दो शिकायतें प्राप्त हुईं। राजीव कुमार पुत्र किशुन सिंह निवासी करनपुरघाट नें कानूनगो द्वारा कार्रवाई करने के संबंध में, राजीव सिंह पुत्र रामदेव सिंह निवासी तुषौर ने संरक्षण दिलाये जाने के संबंध में, प्रतीक अवस्थी पुत्र कमलेश निवासी अमृतपुर नें बिल संशोधन के संबंध में, रामपाल पुत्र मैकूलाल निवासी मढ़ैया ने मिट्टी डलवाए जाने के संबंध में तथा सड़क को कब्जा मुक्त कराए जाने के संबंध में, कृष्णमुरारी पुत्र देशराज निवासी बेचेपट्टी ने मुआवजा दिलवाए जाने के संबंध में, रामबाबू निवासी आसमपुर तितरफा ने ब्रेकर बनाए जाने के संबंध में उपजिलाधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र दिया। उपजिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर शिकायत को गंभीरता से लें और ससमय निस्तारण करें। इस मौके पर एसडीएम अतुल कुमार सिंह, बीडीओ सुनील जायसवाल, राजेपुर चिकित्सा प्रभारी आरिफ सिद्दीकी, एडियो पंचायत अजीत पाठक, अमृतपुर पूर्ति निरिक्षक अमित चौधरी, अमृतपुर पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर पूरनचंद, एसडीओ विद्युत सुजीत गुप्ता मौजूद रहे।


सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते एसडीएम

# दहेज हत्या में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दहेज हत्या में वांछित अभियुक्तगणों को थाना मऊदरवाजा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा में पंजीकृत दहेज हत्या के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तगणों को थाना मऊदरवाजा पुलिस के द्वारा अर्रा पहाड़पुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। दिनांक 01.01.2025 को नफीसा पत्नी शकील अंसारी निवासी नौलक्खा थाना मऊदरवाजा पर लिखित सूचना दी कि उसकी पुत्री मुस्कीन पत्नी हसीनुद्दीन पुत्री शकील अंसारी निवासी मोहल्ला गढ़ी जान अली थाना मऊदरवाजा की दिनांक 01.01.2025 को उसके ससुरालवालों ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करके हत्या कर दी। उपरोक्त सूचना पर थाना मऊदरवाजा पर मु0अ0सं0 2/25 धारा-80(2)/85 बी.एन.एस. व 3/4 डी.पी.एक्ट बनाम हसमुद्दीन अंसारी, नसीरुद्दीन, फकरुद्दीन, अहसानुद्दीन पुत्रगण अलीमुद्दीन निवासीगण मोहल्ला गढ़ी जानअली थाना मऊदरवाजा फतेहगढ़ पर पंजीकृत किया गया। उपरोक्त अपराध की विवेचना सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय द्वारा की जा रही है। विवेचना के क्रम में अभियोग में नामित/वांछित अभियुक्तगण हसीनुद्दीन अंसारी पुत्र अलीमुद्दीन अंसारी निवासी मोहल्ला गढ़ी जान अली थाना मऊदरवाजा, रियासुद्दीन उर्फ अहसानुद्दीन पुत्र अलीमुद्दीन निवासी हाता बारा खां थाना मऊदरवाजा को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती फांसी पर झूली, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला बनखड़िया निवासी 19 वर्षीय प्रिया पुत्री राजकुमार ने अपने घर में छत के कुंडे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकुर मच गयी। घटना की सूचना कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मृतका अपने एक भाई और चार बहिनों में सबसे बड़ी थी। पिता मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। पुलिस मामले कीजांच पड़ताल में जुट गयी है। फिलहाल घटना के संबंध में परिजनों ने कुछ भी बताने से इंकार किया है।

# शीतलहर के चलते समाजसेवी पुखराज डागा ने गांव प्रहरियों को वितरित किये कंबल

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

शीतलहर के चलते क्षेत्र में बढ़ रही सर्दी से आमजन जीवन त्रस्त है। पुलिस और जनता की कड़ी के रूप मे काम करने वाले गांव प्रहरियों को ठंड से निजात हेतु समाजसेवी ने कंबल वितरित किये।

कंबल पाकर गांव प्रहरियों के चेहरे खुशी से झूम उठे। गौरतलब है कि दिनों सर्दी का प्रकोप लगातार जारी है, लेकिन फिर भी कामकाजी लोगों को ड्यूटी हेतु घर से बाहर निकलना पड़ रहा है। ऐसे मे जैन श्वेताँवर मंदिर के ट्रस्टी पुखराज डागा ने शनिवार दोपहर थाने पहुंचकर गांव प्रहरियों को कंबल वितरित किये। इस दौरान 50 प्रहरियों को कंबल वितरित किये गये। कंबल पाकर प्रहरियों में ख़ुशी की लहर दौड़ गयी। समाजसेवी पुखराज डागा ने बताया की भयंकर सर्दी में भी गांव प्रहरी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का ग्राफ गिरा है और हम रात में सुकून की नींद सो रहे हैं। थाना अध्यक्ष ने कहा चौकीदार लगातार काफी अच्छा कार्य कर रहे हैं। इनके कड़ी मेहनत से ही हम लोगों को सहायता एवं मजबूती मिलती है। गांव प्रहरी पुलिस विभाग की छोटी इकाई होते हुए बहुत परिश्रम एवं लगन से कार्य करते हैं। इस दौरान थानाध्यक्ष विश्वनाथ आर्या सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


गांव प्रहरियों को कंबल वितरित करते पुखराज डागा

# मारपीट करने पर आधा दर्जन पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुरानी रंजिश में गाली-गलौज करने का विरोध करने पर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आये परिवारीजनों को भी मारापीटा पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित शिवनारायण पुत्र कुंवर सिंह निवासी मौधा थाना मोहम्मदाबाद का रहने वाला है। पीड़ित दिनांक 29.12.2024 को समय लगभग 5:30 बजे पीड़ित की मां मंजूलता पत्नी कुंवर सिंह जो नवोदय विद्यालय से काम करके घर वापस जा रही थी, तभी गांव के पास राजेश व शिव कुमार व गुड्डू पुत्रगण दीन दयाल व ममता पुत्री दीन दयाल व योगिता पुत्री दीन दयाल व सुनील पुत्र बालसकराम निवासी ग्राम उपरोक्त लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर पीड़ित की मां मंजूलता के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित की मां ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो उपरोक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जब पीड़ित बचाने आया, तो पीड़ित व पीड़ित का भाई गोविन्द व बहन लक्ष्मी व चाचा राम सिंह को भी उक्त लोगों ने लात-घूसों, लाठी-डंडों से व कुल्हाड़ी से मारापीटा। जिससे हमारे व गोविन्द, लक्ष्मी व राम सिंह व मंजूलता के चोटें आयी हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जगह-जगह टूटी पाइपलाइनों से घरों में पहुंच रहा दूषित पानी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जगह-जगह टूटी पाइप लाइनों के कारण घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद आज सिर्फ एक ही स्थान पर पाइप लाइन की मरम्मत की गयी।

जानकारी के अनुसार कमालगंज नगर में जगह-जगह पेयजल पाइपलाइन टूट गई हैं। जिसरके चलते नगर के लगभग 10000 लोग दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं। नगर में कमालगंज चौराहे से लेकर तपस्वी वाले बाग मंदिर के आगे तक रोड पर जगह-जगह सड़क पर गहरे-गहरे गड्ढे हो गए हैं। जिससे किसी भी दिन कोई गंभीर हादसा हो सकता है। कई दिन बीतने के बाद शनिवार को नगर में कमालगंज चौराहे के पास रोड पर टूटी लाइन की मरम्मत का कार्य सुबह से जारी है। जिससे नगर के लोगों को आज सुबह से पेयजल की सप्लाई नहीं मिल सकी। वहीं कमालगंज नगर में कुछ चुनिंदा लोगों को चिन्हित कर उनकी दुकानों के आगे ही अलाव जलवाया जा रहा है। वह लोग आम आदमी को अपनी दुकान के आसपास भी भटकने नहीं देते हैं। वह दुकानदार आम लोगों को यह कहकर भगा देते हैं कि मेरी दुकान के आगे भीड़ न लगाओ, लेकिन नगर पंचायत की लकड़ी जो पड़ रही है वह उन्हीं दुकानदारों की प्रतिष्ठानों के आगे डाली जा रही है जो दुकानदार नगर पंचायत कर्मचारी से अच्छी सांठगांठ है। जिसमें कुछ लकड़ी जलाई जाती है बाकी लकड़ी उनके घरों में पहुंच जाती है।


पाइपलाइन से लीक हो रहा पानी

# फिर टूटा कमालगंज व गंगापार को जोड़ने वाला पीपे का पुल

▸ नाविकों पर तोड़ने का जताया शक, अवैध कमाई करने में जुटे

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज और गंगापार को जोड़ने वाला पीपों का पुल फिर टूट गया। इसका लाभ उठाकर नाव वाले अवैध कमाई करने में जुट गये हैं।

जानकारी के अनुसार कमालगंज नगर व गंगापार को जोड़ने वाला और मड़ैयन घाट पुल पानी बढ़ने के कारण फिर टूट गया। लोगों ने नाविकों पर अवैध कमाई करने के चक्कर में पुल तोड़ने का शक जताया है। लोगों द्वारा बताया गया कि नाविको द्वारा अवैध रूप से इधर से उधर जाने के लिए 30 से 40 वसूले जाते हैं। जिससे एक दिन में हजारों की कमाई हो जाती है जो पैसे नहीं देता है उसके साथ नाविक अभद्रता करते हैं और मारपीट तक पर उतारु हो जाते हैं।

यही सिलासिला कई सालों से चला रहा है। जिसमें कई लोगों द्वारा शिकायतें भी दर्ज करवाई गयीं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर ढांक के तीन पात ही रहा। वहीं पक्के पुल का निर्माण कार्य भी चल रहा है जो अभी साल दो साल चालू होता नहीं दिख रहा है। 150 गांव को जोड़ने वाला पुल और उसके बाद पक्के निर्माण से कमालगंज के दुकानदारों की आमदनी बढ़ने की आशा है।


लोगों को नाव से उस पार ले जाता नाविक

# बीबीगंज इलाके में जंगली जानवर से दहशत, कई लोगों ने देखा

▸ डीएफओ ने मौके पर भेजी टीम, पुलिस ने महिला से की पूछताछ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मऊदरवाजा थाने के बीबीगंज इलाके में कई दिनों से जंगली जानवर को देखे जाने से क्षेत्रीय वाशिंदे काफी भयभीत हैं। वहीं वन विभाग को सूचना देने के बाद भी जंगली जानवर को न खोजे जाने से मोहल्ले के लोगों में रोष व्याप्त है।

बीबीगंज चौकी क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी मुरीद खां कच्चा किला नवाबों वाली हवेली के निकट रहने वाले मोहित शाक्य की पत्नी पूनम ने जंगली जानवर को देखा। पूनम बीते दिन सुबह 5 बजे घर के बाहर झाड़ू लगाने के लिए निकली, तो उसने घर के निकट गिट्टी के ढेर के निकट जंगली जानवर को खड़ा देखा। जिसे देखकर भयभीत पूनम तुरंत ही घर के अंदर चली गई और दरवाजा बंद कर लिया। डर के कारण वह सुबह पड़ोस के शिव मंदिर में पूजा करने भी नहीं गई। पड़ोसी मोहल्ला दाउद खां निवासी कमलेश ने भी जंगली जानवर को देखा। कमलेश के घर के निकट कुतिया ने कई बच्चों को जन्म दिया है। सुबह करीब 4 बजे जंगली जानवर पिल्लों को पकड़ने के लिए काफी नजदीक पहुंच गया, तभी कुतिया काउफी तेजी से भोंकने लगी। आवाज सुनकर कमलेश घर के बाहर निकाला तो वह पिल्लों के निकट जंगली जानवर को देखकर चकित रह गया। उसने डंडा फेंककर जानवर को मारा, तभी जंगली जानवर हवेली की ओर चला गया। इसी मोहल्ले के परचून दुकानदार हृदेश शाक्य ने भी जंगली जानवर को देखा।उसने हवेली के पीछे अपने खेत में सब्जी की फसल बोई है। हृदेश ने मीडिया को बताया कि मैं आवारा गायों की रखवाली के लिए रात 11 बजे टॉर्च लेकर खेत में गया था तभी मैंने टार्च की रोशनी में जंगली जानवर को देखा। टार्च की रोशनी को देखते ही जंगली जानवर पड़ोस के करौंदे के बाग में घुस गया। मालूम हो कि परसों जंगली जानवर ने हमला करके थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला खदिया अहमदगंज निवासी 55 वर्षीय रामसेवक यादव को घायल कर दिया था। मोहल्ले वालों ने जंगली जानवर में तेंदुआ होने का दावा किया है।

जिसके कारण मोहल्ले वालों में भय व्याप्त हो गया है। छोटे बच्चों ने दिन में खेतों की ओर जाना बंद कर दिया है। शनिवार दोपहर के समय बीबीगंज पुलिस चौकी के सिपाहियों ने पूनम शाक्य से जंगली जानवर के देखे जाने के बारे में जानकारी की और वह स्थान भी देखा जहां जंगली जानवर खड़ा था। डीएफओ प्रत्यूष कटियार ने बताया कि मैं तेंदुए की जानकारी करने के लिए विभागीय कर्मचारियों को भेज रहा हूँ।


जंगली जानवर देखे जाने की जानकारी देती महिला

## खबरें एक नजर में

### सर्दी में वृद्ध की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव सत्तार नगर निवासी शमशुद्दीन उम्र 60 वर्षीय की बढ़ती ठंड में अचानक हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डॉक्टर जितेंद्र बहादुर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गए।

### वृद्धा की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मदारपुर निवासी भगवानश्री उम्र 65 वर्षीय पत्नी ग्यादीन की अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर अमरेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया। वृद्धा की मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर चले गए।

### युवती ने गृहकलेश में पिया कीटनाशक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव सिकन्दरपुर छितमा निवासी ज्योति उम्र 18 वर्षीय पुत्री राजेश कुमार ने ग्रह कलह से क्षुब्द होकर जहरीला कीटनाशक पीकर आत्म हत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### बिना मानचित्र निर्माण कराने वाले भवन स्वामी को नोटिस जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बिना मानचित्र स्वीकृत कराये भवन का निर्माण कराने वाले भवन स्वामी को नगर मजिस्ट्रेट ने नोटिस देकर 08 जनवरी को स्पष्टीकरण देने हेतु तलब किया है। जानकारी के अनुसार अंकित परिहार व गौरव परिहार पुत्रगण स्व0 श्री मुकेश परिहार निवासी कृष्णानगर खारबंदी कुइयांबूट फर्रुखाबाद बिना मानचित्र स्वीकृत कराये भवन का निर्माण कार्य करवा लिया। जानकारी होने पर नगर मजिस्ट्रेट ने नोटिस जारी कर 8 जनवरी को तलब किया है। जिसमें कहा गया कि क्यों न आपके भवन को ध्वस्त कर दिया जाये।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर मां बेटी को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अंतर्गत ग्राम भारत नगर निवासिनी राधना देवी पत्नी रमाकांत ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि मेरी पुत्री आस्था उम्र करीब 10 वर्ष घर के बाहर दरवाजे पर बैठकर पढ़ाई कर रही थी। उसी समय मेरे ससुर छैल बिहारी पुत्र गंगाधर आए और मेरी पुत्री से गाली-गलौज करने हैं। गाली गलौज करने से मना करने पर मेरी सास मीना देवी पत्नी छैल बिहारी एवं राजीव कुमार पुत्र रामकिशोर आदि लोगों ने मुझे व मेरी पुत्री के साथ जमकर मारपीट की। जिससे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर कार्रवाई करने को कहा है।

# अब तो मजहब कोई एक ऐसा चलाया जाए जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाए...

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

साहित्यिक संस्था साधना निकुंज एवं अनुगूंज के संयुक्त तत्वावधान में लोकप्रिय गीतकार पद्मश्री गोपाल दास नीरज की जयंती पर कृष्णा प्रेस परिसर सदवाड़ा में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके कालजयी साहित्य पर चर्चा की।

प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि मुद्दतों हुस्न और इश्क शराब और शबाब की अमराईयों में रमण करने के बाद नीरज की कविता में विद्रोही तेवर दिखे दार्शनिक मुद्रा बनी एवं मानवीय संवेदना को स्वर मिले। अब तो मजहब कोई एक ऐसा चलाया जाए, जिसमें इंसान को इंसान बनाया जाए। मेरे दुख दर्द का तुझ पर हो कुछ असर ऐसा, मैं रहूं भूखा तो तुझ पर भी न खाया जाए।।


गोपालदास नीरज का फाइल फोटो

प्रख्यात गीतकार पवन बाथम ने कहा कि काव्य मंचों पर नीरज के साथ जो अनुभव साझा किये वह मेरे जीवन की अमूल्य निधि हैं। नीरज नवोदित गीतकारों को प्रोत्साहित करते थे और कई बार मुझे अपने साथ राष्ट्रीय मंचों पर ले गए उनके गीत सुनकर युवा हृदय में बिजली सी दौड़ जाती थी-क्या शबाब था के देख आइना सिहर उठा। थाम कर जिगर उठा के जो मिला नजर उठा। अलीगढ़ के आसपास के कार्यक्रमों में नीरज हमें अपने स्कूटर पर बैठा कर ले जाते थे। । प्रोफेसर कुलदीप आर्य ने कहा कि भारत भूषण, रमानाथ अवस्थी, बलवीर सिंह रंग, सोम ठाकुर जैसे दिग्गज गीतकारों के साथ नीरज कवि मंचों के बेताज बादशाह रहे। गोष्ठी में पूर्व प्रधानाचार्य आरके दुबे, अहिबरन सिंह गौर, प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला, जेपी दुबे, डॉ0 सुनीत सिद्धार्थ, मनीष गौड़, अनुपम मिश्रा, वीएस तिवारी, शिवकुमार दुबे आदि ने कहा कि नीरज कविता प्रेमियों के दिलों में बसते हैं और वह अपने गीतों के माध्यम से अमर रहेंगे।

# हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेहंदीपुर बालाजी के लिए रवाना हुआ भक्तों का जत्था

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मेहंदीपुर वाले बालाजी के लिए लगभग 50 भक्तों का जत्था सुबह रवाना हुआ। यह कार्यक्रम निरंतर 10 वर्षों से चला आ रहा है। जानकारी के अनुसार 5 जनवरी को श्री सुंदरकांड का पाठ, सायं काल श्री बालाजी महाराज भजन संध्या जिसमें कि दूर-दूर से आए हुए कलाकार अपनी वाणी एवं गायन से बाबा को रिझाते एवं मनाते हैं। परम श्रद्धेय गुरुदेव श्री मोहनपुरी गोस्वामी महाराज उक्त कार्यक्रम में पधार कर भक्तों को अपना आशीर्वाद देते हैं। 6 जनवरी को हवन पूजन के उपरांत सभी भक्त नाचते झूमते गाते हुए श्री बालाजी महाराज की शोभायात्रा में शामिल होकर श्री बालाजी मंदिर में पहुंचते हैं एवं श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर सर्व समाज की शांति एवं भलाई की कामना करते हैं। उसके बाद में भंडारा होकर कार्यक्रम का समापन होता है। उक्त जत्थे में मुख्य रूप से बालाजी के दीवाने परिवार के पीयूष अग्रवाल, मान्या अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, गौरी अग्रवाल, मानसी अग्रवाल, भोला अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, बिंदु अग्रवाल, कुंज अग्रवाल, यीशु अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संजीव गुप्ता, बिंदु गुप्ता, सीमा गुप्ता, मानवी गुप्ता, अनार सिंह, विमल, राजीव गुप्ता, पूनम गुप्ता, मेहुल गुप्ता, अनुराग गोयल, शुभी गोयल एवं रावण दहन कमेटी के अंकुर भारद्वाज, पारस गुप्ता, उज्जवल गुप्ता, सागर गुप्ता, अमन वर्मा, ऋषि भारद्वाज सहित सभी लोग शामिल रहे।


मेहंदीपुर बालाजी के लिए रवाना होते भक्तगण

# एंटी करप्शन की कार्यवाही से लेखपालों में रोष, किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान लेखपाल संघ ने प्रदेश में कई जगह राजस्व कर्मियों को साजिशन फंसाए जाने को लेकर तहसील परिसर में प्रदर्शन कर विरोध जताया।

शनिवार को लेखपाल संघ के दर्जनों पदाधिकारी समाधान दिवस के दौरान दरी बिछाकर बैठ गए और कहा कि लेखपाल राजस्व विभाग का फील्ड कर्मचारी है। जिसका संबंध जनता से होता है।

जनता के भूमि विवाद समेत अधिकांश समस्याओं से संबंधित संदर्भ निस्तारण के लिए लेखपाल के पास आते हैं। दो पक्षों के विवाद के निरस्तारण संबंधित की गई कार्रवाई से किसी एक पक्ष का असंतुष्ट होना स्वभाविक हैं। ऐसे में देखा गया कि प्रदेश के कई स्थानों पर साजिशन राजस्व कर्मियों को एंटी करप्शन टीम के द्वारा कार्रवाई की जा रही है। जबकि लेखपाल द्वारा न कोई रिश्वत मांगी गई न ही रिश्वत प्राप्त की गई। इस तरह की साजिश रची जा रही है। इस दौरान लेखपाल संघ के पदाधिकारियों मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा।


एडीएम को ज्ञापन देते लेखपाल

# कलुआपुर सानी में नाली निर्माण में घटिया सामग्री व सेम ईंट लगाने का आरोप

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक तरफ जहां प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश का सपना देख रहे हैं, तो वहीं उन्हीं की सरकार के नुमाइंदे भ्रष्टाचार को लगातार बढ़ावा देकर सरकार की परिकल्पना को पलीता लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। यही कारण है कि सत्ता से जुड़े कुछ छुटभैया भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर अपनी जेबें भरने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला शमसाबाद विकास खंड की ग्राम पंचायत कलुआपुर सानी में देखने को मिला है। यहां नाली निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री व पीली ईंट लगाकर भ्रष्टाचारियों द्वारा सरकारी धन का आपस में बंदरबांट किया जा चुका है जो अपने आप में कई सवाल खड़े कर रहा है। जब गांव के ग्रामीणों ने घटिया निर्माण व पीली ईंट लगाने के संबंध में आपत्ति जताई तो कार्य करवाने वाले युवक ने ग्रामीणों को धमकाते हुए कहा कि तुम मुझे जानते नहीं हो मैं जैसा चाहूंगा वैसा करूंगा मुझे कोई रोक नहीं सकता है। मैं पीली ईंट से ही नाली का निर्माण करवाऊंगा तुम्हें जो कुछ भी करना है कर लो। वहीं ग्रामीणों ने बताया है कि ये घटिया निर्माण सत्ताधारी नेता के गुर्गे पंकज राजपूत द्वारा कराया जा रहा है। इस निर्माण के संबंध में जब ग्राम पंचायत सचिव प्रशांत कटियार व एडीओ पंचायत व बीडीओ बलराम सिंह से कार्य के संबंध में जानकारी करनी चाहिए तो किसी ने कोई जवाब नहीं दिया। सूत्रों के अनुसार बताया गया है कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद अधिकारियों ने जांच ना करके सत्ताधारी नेता के गुर्गे से मोटा कमीशन लेकर जांच के नाम पर खानापूरी कर दी है।


नाली निर्माण में लगी पीली ईंट

# गाजीपुर में लेखपाल को फंसाये जाने के विरोध में उतरे लेखपाल

## धरना देकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



डीएम को ज्ञापन सौंपते लेखपाल

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के सदर तहसील अध्यक्ष महेश्वर सिंह के नेतृत्व में लेखपालों ने धरना देकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि साजिशन झूठा फंसाये जाने की नियत से शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन विजिलेंस टीम द्वारा जबरन ट्रैप की कार्यवाही पर रोंक लगाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में दर्शाया कि लेखपाल राजस्व विभाग का फील्ड कर्मचारी है, जिसका सम्बन्ध जनता से सीधे होता है। जनता की भूमि विवाद सहित अधिकांश समस्याओं से सम्बन्धित संदर्भ निस्तारण हेतु लेखपाल के पास ही आते हैं। दो पक्षों के विवाद के निस्तारण सम्बन्धी की गयी, कार्यवाही से किसी एक पक्ष का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है। कुछ लोग काम मनमाना न होने से लेखपाल से दुश्मनी ठान लेते है और लेखपाल को क्षेत्र की राजनीति में घसीटने का भी प्रयास किया जाता है। इस प्रकार विधि विरूद्ध कार्य कराने में असफल एवं विविध कारणों से असंतुष्ट व्यक्ति लेखपालों के खिलाफ साजिश करके एण्टी करप्शन टीम द्वारा पकड़वाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

एण्टी करप्शन कार्यालय द्वारा सामान्य शिकायत के आधार पर वास्तविक तथ्यों का परीक्षण किए बगैर शिकायतकर्ता को उकसाकर स्वयं बोल बोलकर शिकायती प्रार्थनापत्र लिखवाया जाता है और प्री ट्रैम जांच की कागजी औपचारिकता कर उसी दिन अथवा अगले दिन लेखपाल को फंसाने के विविध प्रयास करके गिरफ्तार कर लिया जाता है।

लेखपाल को सामने मिलने पर शिकायतकर्ता द्वारा जबरन उसकी जेब हाथ वाहन कक्ष में पैसा रख दिया जाता है। टीम द्वारा जबरन पकड़कर लेखपाल के हाथ में पैसा रखवाकर अथवा पाउडर लगाकर अथवा अपने पाउडर लगे हाथ से लेखपाल का हाथ पकड़करए पानी के गिलास में धुलवाये जाते हैं। कई घटनाओं में हो को बिना रिश्वत स्वीकार किये द्वारा पैसा लेने के आधार पर लेखपाल ही गिरफ्तार किया जा रहा है। गाजीपुर तहसील कासिमाबाद में लेखपाल को जबरन ट्रैप की घटना कारित की गयी। जैसा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से स्पष्ट हो रहा है है कि: सम्बन्धित लेखपाल, शिकायतकर्ता के गांव से कई 2.25 किमी दूर दूसरे गांव में अनेको ग्रामवासियों की उपस्थिति में पैमाइश कर रहा था। इसी मध्य शिकायतकर्ता ने आकर लेखपाल की जेब में पैसा डाल दिया, जिससे लेखपाल ने नाराजगी जाहिर की और बाहर निकाल कर वापस दे दिया। इतने में ही एण्टी करप्शन की टीम द्वारा लेखपाल को उठा लिया गया। इसी संबंध में लेखपालों ने धरना देकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये और निर्दोष को फंसाना बंद किया जाये। इस मौके पर, सैदमीर खां, सर्वेश कुमार, अभय त्रिवेदी, रघुवंश कुमार, अमित प्रताप सिंह, हरमुख पाल, अश्विनी सक्सेना, अंशुल प्रताप सिंह आदि बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

# प्रधानाचार्य परिषद ने मा.शि.सं. के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




प्रधानाचार्य परिषद द्वारा सम्मानित होते शिक्षक

भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के सभागार में माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, मंत्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी व प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी को राज्यपाल पुरुस्कार मिलने के उपलक्ष्य में प्रधानाचार्य परिषद द्वारा सम्मानित किया गया।

विद्यालय इकाई द्वारा संयुक्त रुप से सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार वर्मा, महामंत्री प्रेमपाल सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष शिवओम द्विवेदी द्वारा लालाराम दुबे, नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी व राज्यपाल पुरुस्कार प्राप्त प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी को पुष्प माला व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। भारतीय पाठशाला इंटर कालेज की शिक्षक इकाई निशांत यादव, देवेन्द्र पाठक, संजीव त्रिवेदी, अखिलेश पाण्डेय, अंकुर त्रिपाठी, सरिता शर्मा, संजय गिरी, सर्वेन्द्र शुक्ला, देवाशीष पाठक आदि लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन ओमपाल सिंह रघुवंशी ने किया। इस मौके पर शिवओम द्विवेदी, प्रमोद गंगवार आदि ने विचार व्यक्त किये। जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे व मंत्री नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी ने कहा कि शिक्षक हित के लिए संघर्ष करते रहेंगे। इस मौके पर प्रधानाचार्य इंदू मिश्रा, ऐस्तर रोज दयाल, रजनी वर्मा, धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी, शिवपाल सिंह, रामविलास, श्रीपाल, रेखा राठौर, गीता भदौरिया, विनीत चौहान, धर्मेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# पांचाल घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर किया जागरुक



स्वच्छता अभियान चलाते गंगा सेवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में आगामी दिनों में प्रारंभ हो रहे मिनी कुंभ के नाम से प्रसिद्ध मेला श्री रामनगरिया के अंतर्गत गंगा तट पांचाल घाट पर स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल के निर्देशन में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत सक्रिय रूप से कार्य कर रही गंगा सेविकाओं ने मिलकर यह अभियान चलाया। जिसके अंतर्गत गंगा घाट पर प्रतिदिन रहने वाले पंडित, पुजारी, दुकानदार, नाविकों आदि को गंगा संरक्षण के लिए जागरूक किया गया एवं गंगा में किसी भी प्रकार की गंदगी ना करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। जिला परियोजना अधिकारी ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति गंगा के तट पर किसी भी प्रकार से अनावश्यक सामग्री विसर्जित कर तो तुरंत उसको रोका जाए एवं गंगा की शुद्धता को बनाए रखने में प्रयास किया जाए। जो लोग गंगा के तट पर रहकर अपना रोजगार का कार्य रहे हैं वह सक्रिय रूप से गंगा संरक्षण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर गंगा स्नान करने आए कई श्रद्धालुओं को भी गंगा में अनावश्यक सामग्री डालने से रोका गया। गंगा सेविकाओं ने मिलकर घाट पर आए कई लोगों को जागरूक किया। सभी दुकानदारों को कागज के थैले प्रयोग करने के निर्देश दिए।

गंगा तट पर गंगा सेविकाओं के द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। जिसके अंतर्गत गंगा के तट पर फैली खंडित मूर्तियां, प्लास्टिक, पॉलिथीन इत्यादि को एकत्रित कर भू-विसर्जित किया गया। सभी को गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एडीओ पंचायत सत्यनारायण, रोजगार सेवक संजय कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



आलू पैकिंग की भराई करते किसान

# शनिवार को आलू के भाव में 50 रुपये कुंटल की आयी गिरावट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को सातनपुर आलू मण्डी में लगभग 80 मोटर आमद रही। सामान्य आलू में 50 रुपये कुंटल की गिरावट आयी। 1201 रुपये से 1251 रुपये कुंटल में आलू बिका। पीली मिट्टी का सिलचर आलू 1321 रुपये से 1381 रुपये कुंटल बिका। मण्डी में आलू की आमद बढ़ने लगी है। व्यापारियों की संख्या कम होने के कारण भाव में उतार-चढ़ाव जारी है। शनिवार को मण्डी में आलू के भाव में 50 रुपये कुंटल की गिरावट रही। सुबह कोहरा पड़ जाने के कारण कई किसान आलू मण्डी में नहीं लाये। सोमवार को आलू की आमद बढ़ने की संभावना है। सभी किसानों से सर्दी को देखते हुए पैकेट में आलू लाने की सलाह दी गई है।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम पूर्ण न होने पर 31 विद्यालयों को भेजा गया नोटिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण निर्गत किये जाने को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने 31 विद्यालयों को आदेशित किया है। उच्च माध्यमिक विद्यालय व इंटर कालेज के 31 विद्यालयों को आदेशित किया है कि प्रधानाचार्य गूगल मीट के तहत माध्यमिक शिक्षा परीक्षा पे चर्चा में शामिल हो। साथ ही अपनी-अपनी संस्थाओं में अध्यरत्न छात्र-छात्रा, शिक्षक एवं उनके माता-पिता रजिस्ट्रेशन कार्य के लिए गूगल मीट पर पोर्टल पर प्रश्नगत कार्य प्रारंभ करें। अभी तक विद्यालय में कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। इसके लिए जनपद के 31 विद्यालयों को नोटिस जारी कर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को पूर्ण करने के लिए लिंक भरकर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये गये है।

# 2.48 करोड़ हड़पने के मामले में कोर्ट के आदेश पर 19 पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कूटरचित बिल तैयार कर षड्यंत्र के तहत 02 करोड़ 48 लाख 56 हजार 671 रुपये हड़प लेने के मामले में न्यायालय के आदेश पर नौ नामदर्ज सहित 19 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

मनोज कुमार दुबे पुत्र स्व0 शान्ति स्वरुप दुबे निवासी 441 दक्षिणी काजी टोला बेवर कस्बा व थाना बेवर जनपद मैनपुरी ने न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि अभियुक्तगण जागेश चन्द्र मिश्रा उर्फ पंकज मिश्रा उर्फ रामेश्वर दयाल मिश्रा पुत्र उमेश मिश्रा निवासी खिमसेपुर थाना मोहम्मदाबाद ने अपने अन्य 18 साथियों के साथ मिलकर मेरे साथ प्रतिरुपण छल करना व आपस में साज व षडयंत्र रचकर धोखाधडी की नीयत से फर्जी कूचरचित बिल तैयार कर उनको असली रूप में प्रयोग करके मेरे ऑनलाइन व अन्य माध्यम से 02 करोड़ 48 लाख 56 हजार 671 रुपये हड़प लेना।

जानकारी होने पर जब इसका विरोध किया और हिसाब मांगा तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी व रंगदारी मांगने लगे। स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अदालत के आदेश पर मोहम्मदाबाद पुलिस ने धारा 147, 467, 468, 471, 420, 384, 196, 504, 506 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# खबरें एक नजर में

## ड्राइंग पेंटिंग प्रतियोगिता में जैनब ने मारी बाजी



पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 21वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव के प्रतियोगिता के क्रम में शनिवार को समिति सभागार में ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने पहाड़, नदी, खेत, बगीचा, सूर्य अस्त, सूर्य उदय, ऐतिहासिक इमारत, मानव आकृति का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। प्रतभगियों को प्राकृतिक सौंदर्य एवं स्मृति के आधार पर चित्रण करना था। प्रतिभागियों ने काफी उत्कृष्ठ कलाएं प्रस्तुत की। वर्षा, प्रंसि, सुहानी, स्नेहा, वैष्णवी, मोनिका, चादनी, चेतना, कोमल, ललिता, गौरी, जैनब, मुस्कान, नेहा, जहान्वी, इशा आदि ने प्रतियोगिता में भागीदारी की। प्रथम इस्थान पर जैनब, ललिता और द्वितीय जाहनवी और प्रंसि और तृतीय चेतना, और वर्षा रही। निर्णयक की भूमिका पूनम शुक्ला एवं ऋतु सक्सेना ने निभाई। हर्ष दुबे ने कहा कि कला से मन स्वस्थ्य रहता है, व्यक्ति जो सोचता है वहीं दर्शाता है। हर्षित मिश्रा ने व्यवस्था में सहयोग किया। अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. कृष्णकांत अक्षर, सच्चिदानन्द मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## राधा माधव संकीर्तन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में राधा माधव संकीर्तन व अमृत वर्षा का आयोजन 5 जनवरी रविवार शाम 6 बजे सेठ गली स्थित विमल प्रसाद तिवारी भवन में आयोजित होगा। पंडित विमल प्रसाद तिवारी स्मृति संस्थान के द्वारा राधा माधव संकीर्तन में भगवत आचार्य चिन्मय गोस्वामी अमृत वर्षा करेंगे। यह जानकारी आदेश तिवारी ने दी है।

## किसानों के ट्रैक्टर पर टोल टैक्स न लेने की डीएम से मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** किसान महासंघ हिन्दुस्तान ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि मेला रामनगरिया में कल्पवास पिछले दस वर्षों से कर रहा हूं। संगठन रायबरेली व अन्य जिलों के किसान गंगा स्नान करने व पाण्डाल में गुरुकृपा क्षेत्र सीढ़ी नम्बर 6 पर आते है। किसान भाई के ट्रैक्टर से सामान संत महात्माओं के लिए लाते है, उन पर टोल टैक्स न लिया जाये। साथ ही मेला क्षेत्र में पानी, शौचालय की व्यवस्था बनाये रखने की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्रा ने मांग की है।

## मेले में पानी बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दण्डी स्वामी संत समिति ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि पाण्डाल नम्बर सीढ़ी 6 पर पानी व बिजली एवं पुलिस प्रशासन की व्यवस्था की जाये। क्योंकि सुबह शाम भण्डारा होता है। ऐसे में पानी बिजली की जरुरत बनी रहती है।

## कांग्रेस संगठन सृजन की बैठक 6 जनवरी को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला व वरुण त्रिपाठी ने बताया कि संगठन सृजन को लेकर राष्ट्रीय व प्रदेश के पदाधिकारी 6 जनवरी को पार्टी कार्यालय नगला दीना में आयेंगे और संगठन सृजन को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव तौफीर आलम, प्रदेश महासचिव प्रकाश प्रधान, प्रदेश सचिव अनूप वर्मा आकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे।

## पुलिस ने छह जुआरियों को किया गिरफ्तार

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव कुबेरपुर निवासी आमोद, शिवनंदन, अजयवीर, धर्मवीर, आनंद कुमार, विलेश उर्फ श्याम मिश्रा को संकिसा चौकी प्रभारी अवदेश कुमार अवस्थी ने कुबेरपुर रेलवे अण्डरपास की दीवाल के पास से जुएं के फड़ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जामातलाशी में आमोद की पैंट की जेब से 210, शिवनंदन की पैंट की जेब से 150, अजयवीर की पैंट की जेब से 120, धर्मवीर की पैंट की जेब से 250, आनंद कुमार की जाकेट की जेब से 70, विलेश उर्फ श्याम मिश्रा की शर्ट की जेब से 200 रूपये व जुएं के फड़ से 1220 रुपये और एक ताश की गड्डी बरामद की। चौकी प्रभारी अवदेश कुमार अवस्थी ने बताया कि उक्त सभी जुआरियों को थाने से ही जमानत दे दी गई।

# शिक्षकों को नवाचार के लिए प्रशिक्षण में किया गया प्रोत्साहित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




कार्यक्रम में डीआईओएस व प्रमाण पत्र दिखाते शिक्षक

यूनीसेफके सहयोग से समग्र शिक्षा माध्यमिक के निर्देशन में कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक व नोडल शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक के सभागार में सम्पन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर प्रवक्ता सुजीत कुमार व सहायक अध्यापिका सरिता त्रिवेदी ने प्रशिक्षण के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रशिक्षण में पंख पोर्टल व यूनीलर्न पर बच्चे अपने कैरियर सम्बन्धी जानकारी, लॉगिन करके विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर मार्गदर्शन स्कालरशिप व रूचि अनुसार कैरियर कैसे बनाये आदि की जानकारी दी गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि इस प्रशिक्षण से प्रधानाचार्य व नोडल शिक्षक अपने-अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उनकी रूचि के अनुसार कैरियर चुनने के लिये मदद कर सकेंगे। रोजगार के प्रति बदल रही चीजों के प्रति अवगत कराया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित पंख कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आवश्यकता एवं उपयोगिता पर विचार प्रकट करते हुए सभी विद्यालयों से आए प्रधानाचार्य एवं नोडल शिक्षकों के कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में और नवाचार करने को उत्साहित एवं प्रेरित किया। जनपद के समस्त राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यो और नोडल शिक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समस्त राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य, नोडल शिक्षक एवं जिला समन्वयक समग्र शिक्षा मुनेन्द्र मिश्रा आदि की उपस्थित रहे।

# शीत लहर की दृष्टिगत नर्सरी से कक्षा 8 के सभी विद्यालय 14 जनवरी तक बंद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शीत लहर की दृष्टि से छात्र-छात्राओं को प्रातः 09 बजे कालेज में अत्यधिक कठिनाई होने पर उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के मांग पत्र पर जिला जिलाधिकारी ने समस्त बोर्ड के द्वारा संचालित विद्यालयों के कक्षा 09 से कक्षा 12 तक के संचालन करने हेतु समय प्रातः प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किये जाने का आदेश दिया। साथ ही नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए पत्र जारी कर बताया कि प्रधानाचार्य परिषद ने 30 दिसम्बर को शीत लहर व भीषण सर्दी के चलते विद्यालय संचालन समय में परिवर्तन करने की मांग की थी। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने शनिवार को जनपद में उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र बेसिक शिक्षा परिषद, सी.बी.एस.ई., आई.सी.एस.ई. एवं अन्य समस्त बोर्ड द्वारा संचालित (नर्सरी से कक्षा-08 तक) 14 जनवरी तक के विद्यालयों को बन्द रखने एवं उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, सी.बी.एस.ई, आई.सी.एस.ई. एवं अन्य समस्त बोर्ड के द्वारा संचालित विद्यालयों के कक्षा-09 से कक्षा-12 तक के संचालन करने हेतु समय प्रातः प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किये जाने का आदेश दिया है। जनपद में उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र बेसिक शिक्षा परिषद, सी.बी.एस.ई, आई.सी.एस.ई. एवं अन्य समस्त बोर्ड द्वारा संचालित राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त बेसिक/माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य प्रधानाचार्या को आदेशित किया जाता है कि जिलाधिकारी के उक्त आदेशानुपालन में अपने विद्यालय की नर्सरी से कक्षा-08 तक की कक्षाओं को दिनांक 14 जनवरी तक बन्द रखना सुनिश्चित करें तथा कक्षा-9 से कक्षा-12 तक विद्यालय में संचालन प्रातः समय 10: 30 से समय 3 बजे तक अग्रिम आदेशों तक करना सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह व शिक्षक नेता संतोष दुबे, सतेन्द्र सिंह ने डीआईओएस के इस आदेश की सराहना की।

## चौकी इंचार्ज की शिकायत पर ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चौकी इंचार्ज की कार पर ट्रक पलट जाने से कार क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं सिपाही भी उसकी चपेट में आने से घायल हो गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार ट्रक सं0 एमपी07 एचबी/7511 का चालक संजय पाठक पुत्र राधेलाल पाठक निवासी ग्राम बरई थाना पनिहार जनपद ग्वालियर मध्यप्रदेश द्वारा ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाकर पांचाल घाट चौराहे पर लगी प्रतिमा पर चढ़ा दिया। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर चौकी पर खड़ी चौकी इंचार्ज की कार पर पलट गया। इस दौरान कार क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं ड्यूटी पर तैनात विदेश कुमार चपेट में आने से घायल हो गया। उपनिरीक्षक मोहित मिश्रा की शिकायत पर पुलिस ने धारा 281/125ए/324 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## महिला को पीटने में तीन पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला के साथ मारपीट करने के मामले में महिला सहित 3 लोगों के विरुद्ध अदालत के आदेश पर फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार सौम्या पत्नी किशनपाल निवासिनी ग्राम डुईइन नौलखा थाना मऊदरवाजा ने न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि गुड्डी पत्नी सन्तराम निवासिनी ग्राम दरौरा थाना कमालगंज ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर फतेहगढ़ स्थित एक स्थान पर मुझे घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर दी। अदालत के आदेश पर पुलिस ने महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 73 शिकायतें, डीएम ने 6 का किया निस्तारण



शिकायत सुनते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में ऑफीसर्स क्लब में तहसील सदर के सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 35, पुलिस की 18, विकास विभाग की 06, विद्युत विभाग की 06 व अन्य विभागों की 08, कुल 73 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया।

डीएम ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीएफओ, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एडीएम ने 138 शिकायतों में 18 का मौके पर किया समाधान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सम्पूर्ण समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 138 मामलों में से 18 का मौके पर निस्तारण किया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता निस्तारण किया जाये और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद से सम्बन्धित मामलों में प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से सम्बन्धित शिकायते आयी। उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। अभिषेक कुमार पुत्र रामभजन निवासी छतरई अजमतपुर ने गिरवीं रखी बाइक व फोन को वापस कराये जाने की गुहार लगायी। नगर क्षेत्र के सभासद हाशिम, प्रमोद शर्मा, सौम्या गुप्ता, अवनीश कुमार, सचिन कुमार ने शिकायत पत्र देकर कहा कि लगभग दो माह से डाकघर की आधार कार्ड की मशीन खराब है। सही करवाने की मांग की। इस दौरान तहसीलदार विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी संजय वर्मा, उपखंड अधिकारी विनोद कुमार, क्राइम प्रभारी राजेश कुमार, कम्पिल थानाध्यक्ष विश्व नाथ आर्य, शमसाबाद थानाध्यक्ष तरुण कुमार, नवावगंज थानाध्यक्ष विद्या सागर तिवारी, मेरापुर थानाध्यक्ष आदि अधिकारी मौजूद रहे।



शिकायतें सुनते एडीएम

# ईश्वर की आराधना से जीवन में कभी फेल नहीं होगें: चन्द्रदेव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



प्रवचन देते पं0 प्रदीप शास्त्री मौजूद चन्द्रदेव शास्त्री आदि

आर्य समाज के वार्षिकोत्सव में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। यज्ञोपरान्त आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि परमपिता परमात्मा ने हमारा शरीर साधन के रूप में दिया है। जीवात्मा रूपी साधक, शरीर रूपी साधन के द्वारा ईश्वर साध्य को प्राप्त करता है। जिसके पास जो वस्तु होती है उससे वही वस्तु प्राप्त होती है। कपड़े की दुकान पर राशन नहीं मिलता, राशन की दुकान पर कपड़े नहीं मिलते। ऐसे ही ईश्वर से हमें वो मांगना चाहिए जो ईश्वर के पास हो, ईश्वर के पास ऐश्वर्य और आनन्द है, यदि हमें प्रार्थना करनी है तो ऐश्वर्य और आनन्द प्राप्ति की ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए। मनुष्य के हर प्रश्न का उत्तर ईश्वर के पास है, यदि आप समस्या से परेशान हैं और चाहते हैं कि इस समस्या का समाधान मिले तो शास्त्रकार कहते हैं। समाधानं समाधि अर्थात प्रत्येक समस्या का समाधान समाधि है। एक योगी जब यम, नियम, आसान प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान के द्वारा समाधिस्थ होता है तब हर समस्या का समाधान खोज लेता है। जीवन की समस्याओं का समाधान ईश्वर के पास है और ईश्वर की प्राप्ति बिना अष्टाङ्ग योग के सम्भव नहीं है। किसी कवि ने कहा कि हर जगह मौजूद है पर नजर आता नहीं। योग साधन के बिना परमात्मा पाता नहीं।। ईश्वर के पास रहने वाला मनुष्य जीवन में कभी फेल नहीं होता। फरीदाबाद से आये पण्डित प्रदीप शास्त्री ने कहा कि जीवन के मर्म को जानने के लिए धर्म की आवश्यता है। धर्म धन के सामने संसार के सारे धन फीके हैं। मनुष्य कभी धर्मनिरपेक्ष नहीं होता, धर्मनिरपेक्ष तो पशु होता है। यदि मनुष्य जीवन में धर्म न हो तो वह पशु के समान होता है, इसलिए धर्म रूपी धन का संचय प्रत्येक मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है। किरन आर्या, उदिता आर्या एवं विद्या आर्या ने ऋषि महिमा एवं समाज सुधार के भजनों द्वारा सन्मार्ग में चलने के लिए प्रेरणा दी। डॉ0 शिवराम आर्य ने बताया कि ऋषि दयानन्द के अनेकों उपकार हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता।

संचालन स्वामी महेन्द्रानंद ने किया। आचार्य ओमदेव ने ईश्वर की भक्ति की शक्ति के बारे में बताया। इस दौरान जितेन्द्र वर्मा, उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, मुन्नालाल आर्य, रामप्रकाश वर्मा, सुरेश यादव, रेनू आर्या, हरिओम आर्य, संदीप आर्य, इन्दु मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट करने में चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज कर मारपीट करने के मामले में अदालत के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र वनखड़िया निवासी कुसमा पत्नी दिनेश ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि रोहित पुत्र रामू निवासी बनखड़िया थाना ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर मेरे साथ गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अदालत के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# शाह ने कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का किया उद्घाटन

- 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी ने भारत के शहरी विकास को नीतिगत आधार देने का किया काम
- मोदी सरकार ने सुरक्षा के लिए कई शहरों में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाए
- शाह ने केजरीवाल को कराई अपने कामों की गिनती, बदले में मांगा- शीशमहल का हिसाब




**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां नई दिल्ली नगर पालिका द्वारा निर्मित नए कामकाजी महिला हॉस्टल ब्लाक 'सुषमा भवन' का उद्घाटन व मोती बाग में पशु चिकित्सालय का वर्चुअल उद्घाटन किया।

इस अवसर पर दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और नयी दिल्ली की सांसद बाँसुरी स्वराज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

श्री शाह ने इस अवसर पर कहा कि सुश्री सुषमा स्वराज के नाम से बने इस नए हॉस्टल भवन में रहने वाली बहनों का नाम एक ऐसी नेत्री से जुड़ रहा है, जो भारत में महिला सशक्तीकरण, जागरूकता व संघर्ष के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रही हैं। इस देश का लोकतांत्रिक इतिहास सुषमा जी को संघर्ष करने वाली विपक्ष की नेता के रूप में हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि सुषमा जी ने पिछली सरकार के 12 लाख के घपलों-घोटालों और भ्रष्टाचार का संसद में भंडाफोड़ करने का काम किया था। लोकतंत्र में विपक्ष के नेता के पद के महत्व के उदाहरण के रूप में सुषमा जी को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी विपक्ष के नेताओं को सुषमा जी की कार्यशैली से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुषमा जी ने पूरे देश में महिला सशक्तिकरण की अलख जगाई और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में विदेश मंत्री के नाते देश की जनता की तकलीफों को समझने वाली विदेश मंत्री के रूप में एक जीवंत उदाहरण पेश किया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नगर पालिका ने इस भवन के रूप में लगभग 500 कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित निवास की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने भारत के शहरी विकास को नीतिगत आधार देने का काम किया। श्री मोदी ने 'ग्लोबल स्टैंडर्ड फैसिलिटी' पर बल दिया और अर्बन डेवलपमेंट नीति में एक प्रमुख उपकरण के रूप में इसका समावेश किया। मोदी जी ने संचार और सड़क की उत्तम कनेक्टिविटी को अर्बन डेवलपमेंट पॉलिसी का हिस्सा बनाया। श्री शाह ने कहा कि श्री मोदी ने शहरी विकास नीति में ई-गवर्नेंस को प्राथमिकता दी, 100 शहरों को चुनकर स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने का प्रयास किया और स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट में डेटा आधारित दृष्टिकोण को शामिल किया।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सुरक्षा के लिए कई शहरों में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाए और सीसीटीवी कैमरा के पूरे नेटवर्क को इनके साथ जोड़ा गया। आने वाले दिनों में ए आई का उपयोग कर इन कैमरा को बहुद्देश्यीय योजनाओं में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमृत योजना, 1000 किलोमीटर से लंबे मेट्रो नेटवर्क का विस्तार, इलेक्ट्रिक व्हीकल की पहल और पर्यावरण अनुकूल सौर ऊर्जा के लिए पीएम-सूर्यघर योजना की शुरूआत भी श्री मोदी ने की। श्री शाह ने कहा कि शहरों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण, अर्बन डेवलपमेंट पॉलिसी के दो महत्वपूर्ण बिंदु बनाए गए। इनके लिए स्वच्छ भारत अभियान, अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी, ग्रीन एनर्जी, सोलर रूफटॉप प्रोजेक्ट जैसी कई पहल की गईं। श्री शाह ने दिल्लीवासियों के 45 करोड़ रुपए के खर्च से 50 हज़ार गज़ क्षेत्र में दिल्ली में एक शीशमहल बनाए जाने के आरोपों का जिक्र करते हुए कहा कि राजधानी की जनता इसका हिसाब मांग रही है। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 10 साल काम करने का मौका मिला तब यहां विकास पर ध्यान न देकर शीशमहल बनाने का काम किया गया।

## कृषि उपज का भंडारण और परिवहन वहन करेगी सरकार : शिवराज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के बीच मूल्य का अंतर पाटने के लिये सरकार ने कृषि उपज का परिवहन और भंडारण का खर्च वहन करने का निर्णय लिया है।

श्री चौहान ने यहां राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि इस वर्ष कृषि क्षेत्र और संबद्ध क्षेत्र की विकास दर साढ़े तीन प्रतिशत से चार प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है।

श्री चौहान ने बैठक में राज्यों के मंत्रियों से बजट के संबंध और चल रही कृषि योजनाओं के सुधार के संबंध में सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि नए वर्ष में नए संकल्पों के साथ कृषि विकास और किसान कल्याण के कामों को तेज गति से आगे बढ़ाया जायेगा। यह बैठक ओनलाइन आयोजित की गयी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

श्री चौहान ने बताया कि टॉप (टमाटर, प्याज और आलू) फसलों के मामले में, कटाई के चरम समय के दौरान उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के बीच मूल्य का अंतर पाटने के लिये सरकार ने केंद्रीय नोडल एजेंसियों द्वारा किये गए कामों के लिये परिवहन और भंडारण का खर्च वहन करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फसल के विविधीकरण के लिए भी ध्यान देना आवश्यक है। राज्य भी इस दिशा में अपनी तरफ से बेहतर प्रयास कर रहे हैं।

## इंफोसिस के पूर्व सीईओ ने एआई पर चर्चा के लिए मोदी से की मुलाकात



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारतीय-अमेरिकी उद्यमी और इंफोसिस के पूर्व सीईओ विशाल सिक्का ने भारत के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की परिवर्तनकारी क्षमता पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात को एक ज्ञानवर्धक बातचीत बताया और कहा कि भारत एआई में अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें नवाचार और युवाओं के लिए अवसर पैदा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। दोनों ने एआई और भारत पर इसके प्रभाव और आने वाले समय के लिए कई अनिवार्यताओं पर विस्तृत और व्यापक चर्चा की।

विशाल सिक्का की एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, यह वास्तव में एक ज्ञानवर्धक बातचीत थी। भारत एआई में अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें नवाचार और युवाओं के लिए अवसर पैदा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## पूरे देश में करेंगे 'जय बापू-जय भीम-जय संविधान' अभियान की शुरुआत : कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान का पैम्फलेट जारी

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संविधान विरोधी है और वह बाबा साहब अंबेडकर और महात्मा गांधी का अपमान करती है इसलिए कांग्रेस देश के हर जिले में चौपाल लगाकर देशवासियों को बताएगी कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कैसे गांधी जी और अंबेडकर का अपमान करती है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 17 दिसंबर को संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने भीम राव बाबा साहेब अंबेडकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हमें उम्मीद थी कि गृह मंत्री माफी मांगेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे लेकिन श्री मोदी ने गृह मंत्री का साथ दिया और अंबेडकर के अपमान में साझेदार बने। बेलगावी की बैठक में भी यह मुद्दा उठा और तय किया गया कि पूरे देश में हम जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान की शुरुआत करेंगे। इस अभियान के तहत हम हर जिले में चौपाल लगाकर लोगों को बताएंगे कि अंबेडकर का अपमान और संविधान को नीचा दिखाने का काम भाजपा आरएसएस दशकों से करती आई है। श्री खेड़ा ने कहा कि आज हम जय बापू-जय भीम-जय संविधान अभियान का पैम्फलेट जारी कर रहे हैं। ताकि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के साथ तथ्यात्मक तरीके से यह बताया जा सके कि कैसे देश की 90 प्रतिशत आबादी के खिलाफ भाजपा साजिश रच रही है। बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान या उनके खिलाफ साजिश इस देश के 90 प्रतिशत लोगों के अधिकारों का हनन है, उस पर चोट है। यह देश संविधान से चलेगा। मुंह में संविधान और बगल में मनुस्मृति लेकर भाजपा नहीं घूम सकती है। देश में दलितों और आदिवासियों के साथ भाजपा न केवल सरेआम अन्याय करती है, बल्कि उनके कानूनों को भी कमजोर करती है। भाजपा संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विरोधी है और उसने हमेशा अंबेडकर का अपमान करती आई है, लेकिन हम ये बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## भाजपा ने दिल्ली की आआपा सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का लगाया आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में आआपा सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा था कि दिल्ली में गंभीर आपदा आई हुई है। दिल्ली की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। दिल्ली लगातार घाटे में जा रही है। केंद्र सरकार से जो सहायता मिलती है उस पर निर्भरता लगातार बढ़ती जा रही है। आज केंद्र सरकार से मिलने वाला फंड 3 गुना से अधिक हो गया है।

डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली में आपदाओं की तो एक श्रृंखला है, जो 10 वर्षों से यहां की जनता झेल रही है लेकिन आज हम एक गंभीर विषय पर हम अपना पक्ष रखेंगे और प्रतिदिन एक आपदा के बारे में बताएंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लघु बचत कोष इसमें शामिल है। उन्होंने इस बार 10,000 करोड़ रुपये के ऋण के लिए आवेदन किया है, लेकिन यह इतना आसान नहीं है। 2016-17 में, उन्होंने 2,896 करोड़ रुपये उधार लिए और पिछले तीन वर्षों में यह राशि बढ़कर 11,000 करोड़ रुपये हो गई। अब, सिर्फ़ इस एक साल में उन्होंने 10,000 करोड़ का ऋण लेने के लिए आवेदन किया है। इससे पता चलता है कि उन्होंने दिल्ली के खजाने को कैसे लूटा और खाली किया है।

## पीएम मोदी की ओर से रिजिजू ने ख्वाजा की दरगाह पर चढ़ाई चादर



**एजेंसी, अजमेर।** पूरी दुनिया में भाईचारे, इंसानियत और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए विख्यात राजस्थान के अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स के मौके पर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से चादर पेश की गई। संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री के हाथों सौंपी गई चादर ख्वाजा साहब के मजार पर पेश की। इस दौरान केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी सहित अनेक भाजपा नेता उनके साथ मौजूद थे। रिजिजू ने कहा कि दरगाह पर उर्स के दौरान आना हमारी परंपरा है। यह सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है।

## सीएम यादव ने यूनियन कार्बाइड कचरे के निष्पादन पर कहा- कोर्ट के आदेश के बाद ही बढ़ेंगे आगे

**एजेंसी, भोपाल।**



यूनियन कार्बाइड के 337 टन कचरे को पीथमपुर में नष्ट करने के विरोध में स्थानीय लोगों के प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार देररात अपने सरकारी आवास में आपात बैठक बुलाई। बैठक में यूनियन कार्बाइड के कचरे के परिवहन एवं पीथमपुर के निकट निष्पादन किए जाने के संबंध में वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ ही विधि-वेत्ताओं से विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राज्य सरकार जनता के साथ दृढ़ता से खड़ी है। जनता का किसी भी प्रकार अहित हो, यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। न्यायालय के सामने विषय रखा जाएगा और उसके आदेश पर ही आगे बढ़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों से अपील की है कि अफवाहों पर विश्वास न करें। सरकार जनता के साथ हैं। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, वरिष्ठ सांसद और प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना एवं प्रमुख सचिव विधि सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के परिपालन में यूनियन कार्बाइड का कचरा पीथमपुर पहुंचाने का परिपालन किया गया है। न्यायालय ने इस कार्य के लिए डेडलाइन दी थी कि चार जनवरी से पहले कचरा निर्धारित स्थान पर पहुंचना चाहिए।

न्यायालय को छह जनवरी तक इसकी रिपोर्ट अपेक्षित थी। डॉ. यादव ने कहा कि उनके ध्यान में यह बात आई कि जनभावनाओ के लिए ऐसी परिस्थितियों में जनता तक यह विषय पहुंचना चाहिए। सुरक्षा के मापदंडों पर किसी प्रकार से कोई खतरा या कोई डर का भाव जनता के बीच आया तो राज्य सरकार यह प्रयास करेगी कि न्यायालय के समक्ष यह विषय प्रस्तुत करे। इसके बाद ही आगामी किसी प्रकार की कार्रवाई की जाए।

## सबसे बड़ा फ्रॉड दिल्ली की महिलाओं से भी कर रहा झूठे वादे : कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को राजनीति का सबसे बड़ा फ्रॉड करार देते हुए कहा कि जिस तरह से पार्टी को जिताने के लिए पंजाब की महिलाओं से झूठे वादे किए थे वैसे ही लुभावने वादे अब दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भी यहां की महिलाओं से किए जा रहे हैं।

पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा बरार तथा कांग्रेस के पंजाब के नेताओं ने शनिवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए महिलाओं को 2100 रुपये देने का वादा कर रहे हैं। पार्टी ने पंजाब विधानसभा चुनाव के समय महिलाओं को 1000 रुपये देने का वादा किया था लेकिन आज तीन साल होने जा रहे हैं लेकिन पंजाब की किसी महिला को वादे के अनुसार कोई पैसा अब तक नहीं मिला है।

श्री बरार ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब के लोगों से कई वादे किए थे और अब वहां इस पार्टी की सरकार बने हुए तीन साल होने को हैं लेकिन जनता ने जिन वादों के भरोसे आम आदमी पार्टी को बहुमत दिया पंजाब के लोग आज भी उनसे किये वादों के पूरा होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने वादा किया था कि वे पंजाब की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देंगे। अब ऐसा ही वादा दिल्ली की महिलाओं से किया है। लेकिन जब इन वादों पर पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से सवाल पूछा तो उन्होंने यह नहीं बताया कि वे इन वादों को पूरा करने के लिए पैसा कहां से लाएंगे, इसके लिए बजट कहां से आएगा।

## चुनाव के बाद पानी के गलत बिल माफ करेंगे : केजरीवाल



**एजेंसी, नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार बनने पर जिन लोगों के पानी के गलत बिल आए हैं, उनके सारे बिल माफ किए जाएंगे। श्री केजरीवाल ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार पिछले 10 साल से लोगों को मुफ्त पानी उपलब्ध करा रही है। हर महीने 20-20 हजार लीटर पानी हर परिवार को मुफ्त दिए जाते हैं। दिल्ली में लगभग 12 लाख से ज्यादा परिवारों के बिल जीरो आते हैं लेकिन मुझे जेल भेज कर पीछे से पता नहीं क्या किया कि लोगों के हर महीने हजारों- लाखों रुपए के बिल आने लगे। लोग अपने पानी के बिलों को लेकर त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि हमारे दिल्ली के लोग किसी भी बात से दुखी और परेशान हो हम ये बर्दाश्त नहीं कर सकते।

## नौसेना की तारिणी सागर परिक्रमा के तीसरे चरण पर रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




समुद्र के रास्ते दुनिया का चक्कर लगाने के महत्वाकांक्षी अभियान, नाविका सागर परिक्रमा- दो पर निकली नौसेना की दो अधिकारियों की तारिणी नौका शनिवार को लिटलटन से पोर्ट स्टेनली के लिए तीसरे चरण पर रवाना हुई।

इस चरण में तारिणी 5600 समुद्री मील लगभग 10,400 किमी की दूरी तय करेगी। यह इस अभियान का सबसे लंबा चरण है। यह लगभग 56 डिग्री दक्षिण में तारिणी का सबसे दक्षिणी पारगमन भी होगा। तारिणी गत 22 दिसंबर को ऐतिहासिक समुद्री यात्रा के दूसरे चरण को पूरा करके लिटलटन पहुंची थी। इस अभियान पर निकली लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए - समुद्री अन्वेषण में भारत की बढ़ती शक्ति का प्रतीक हैं। लिटलटन में चालक दल ने अगले चरण पर विशेष ध्यान देने के साथ नाव की मरम्मत और रखरखाव का काम किया, जहां जहाज दक्षिण प्रशांत को पार करेगा, खतरनाक ड्रेक मार्ग से गुजरेगा, और पोर्ट स्टेनली तक पहुंचने के लिए केप हॉर्न को पार करेगा। दक्षिणी महासागर की मौसम प्रणालियों के साथ, टीम तारिणी 50-60 समुद्री मील (90 - 110 किमी प्रति घंटे) तक की हवाओं के साथ चुनौतीपूर्ण समुद्र का अनुभव की उम्मीद कर रही है। तारिणी को गत 02 अक्टूबर को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी द्वारा गोवा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

## तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, छह की मौत

**एजेंसी, विरुधुनगर।**



तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में शनिवार को एक निजी पटाखा फैक्टरी में हुए जबरदस्त विस्फोट में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से वहां पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है। यह विस्फोट कितना जबरदस्त था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता

है कि फैक्टरी के चार कमरे पूरी तरह जमींदोज हो गए हैं। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने वहां से छह लोगों के शव बरामद किए हैं। अभी वहां पर आग बुझाने और तलाशी का काम किया जा रहा है।

विरुधुनगर जिले के चतुर इलाके में पोमियापुरम गांव के निवासी बालाजी की इसी गांव में साईनाथ फायर वर्क्स नाम से पटाखा फैक्टरी है। इसके लिए उन्होंने केन्द्रीय विस्फोटक नियंत्रण विभाग से लाइसेंस भी ले रखा है। बताया जा रहा है कि आज सुबह पौने दस बजे के करीब पटाखा फैक्टरी में जबरदस्त विस्फोट हो गया। हादसे के वक्त फैक्टरी के 35 कमरों में 80 से ज्यादा मजदूर पटाखों के निर्माण में लगे हुए थे। बताया गया है कि यह विस्फोट पटाखा बनाने के लिए रसायन मिलाते समय अचानक घर्षण के कारण हुआ। इस विस्फोट में 4 कमरे पूरी तरह जमींदोज हो गये। इन कमरों में मौजूद 6 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि इस घटना में और किसी के घायल या नुकसान होने के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। शिवकाशी और चतुर अग्निशमन विभाग की टीम आग बुझाने में जुटी हुई है।

## बुमराह की पीठ में ऐंठन, सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन स्कैन के बाद स्टेडियम लौटे

**एजेंसी, सिडनी।**



भारतीय कप्तान और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन लंच के बाद के सत्र में पीठ की चोट के कारण मैदान से जल्दी बाहर जाना पड़ा। बुमराह को स्कैन करवाने के लिए स्टेडियम परिसर से बाहर जाते हुए दिखाया गया, बाद में वह अंतिम सत्र में ड्रेसिंग रूम में वापस लौट आए।

दिन के खेल के अंत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि बुमराह की पीठ में ऐंठन थी।

बुमराह ने दूसरे दिन सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर आठ ओवर फेंके और मार्नस लाबुशेन का विकेट लिया, लेकिन लंच के बाद के सत्र की शुरुआत में एक ओवर के बाद मैदान से बाहर चले गए।

बुमराह अब तक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में पांच टेस्ट मैचों में 151.2 ओवर फेंके हैं, जबकि उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पैट कमिंस ने उनसे अधिक (152 ओवर) गेंदबाजी की है। बुमराह की मेहनत ने उन्हें सीरीज में 13.06 की औसत से 32 विकेट दिलाए हैं, लेकिन टीम संयोजन और अन्य जगहों पर क्षमता की कमी के कारण उनके कार्यभार ने उन्हें अधिक गेंदबाजी करने के लिए मजबूर कर दिया है, जिससे चोटिल होने का खतरा है। टीम इंडिया की मेडिकल टीम से आधिकारिक अपडेट मिलने की उम्मीद है। अगर बुमराह गेंदबाजी करने में असमर्थ होते हैं तो भारतीय टीम को पांचवें और अंतिम टेस्ट को बचाने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि वे 145 रन से आगे हैं और तीसरी पारी में उनके पास सिर्फ 4 विकेट बचे हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 29 उम्मीदवारों की पहली सूची

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। महत्वपूर्ण नई दिल्ली विधान सभा सीट से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भाजपा ने प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ रमेश बिधूड़ी को चुनावी मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा आप से बगावत कर के भाजपा में शामिल होने वाले कैलाश गहलोत को बिजवासन सीट से टिकट दिया गया है।

29 उम्मीदवारों की सूची में भाजपा ने आदर्श नगर सीट से राज कुमार भाटिया, बादली सीट से दीपक चौधरी, नई दिल्ली सीट से प्रवेश वर्मा, कालकाजी सीट से रमेश बिधूड़ी, बिजवासन सीट से कैलाश गहलोत, मालवीय नगर सीट से सतीश उपाध्याय, गांधीनगर सीट से अरविन्दर सिंह लवली, रोहिणी सीट से विजेंद्र गुप्ता, करोल बाग सीट से दुष्यंत गौतम, राजौरी गार्डन सीट से मनजिंदर सिंह सिरसा, जनकपुरी सीट से आशीष सूद को टिकट दिया है।

इसके अलावा रिठाला से कुलवंत राणा, नांगलोई जाट से मनोज शौकीन, मंगोलपुरी (अजा) से राजकुमार चौहान, शालीमार बाग से रेखा गुप्ता, मॉडल टाउन से अशोक गोयल, पटेल नगर से राजकुमार आनंद, जंगपुरा से सरदार तरविंदर सिंह मारवाह, आरके पुरम से अनिल शर्मा, महरौली से गजेंद्र यादव, छतरपुर से करतार सिंह तंवर, अंबेडकर नगर से खुशीराम चुनार, बदरपुर से नारायण दत्त शर्मा, पटपड़गंज सीट से रवींद्र सिंह नेगी, विश्वास नगर से ओम प्रकाश शर्मा, कृष्णा नगर से अनिल गोयल, सीमापुरी (अजा) से कुमारी रिंकू, रोहतास नगर से जितेंद्र महाजन और घोंडा से अजय महावर को टिकट मिला है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधान सभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार पहले ही घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने भी 43 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की दी है। हालांकि, दिल्ली विधान सभा चुनाव की घोषणा अभी तक नहीं की गई है।